राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-251
लखनऊ, बुधवार 01 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



भाजपा के लिए संविधान सर्वोच्च : सीएम योगी 03

भ्रम फैलाने के लिए डीप फेक का इस्तेमाल कर रही है कांग्रेस : अनुराग 12

## मेरठ व मुरादाबाद में लगाए जाएंगे 23.82 लाख एडवांस स्मार्ट मीटर

एजेंसी


**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन ने एडवांस मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के संबंध में बैठक ली। बैठक में गुणवत्तापूर्वक स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए गए। मेरठ और मुरादाबाद में 23.82 लाख एडवांस स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

पीवीवीएनएल की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन की अध्यक्षता में मंगलवार को ऊर्जा भवन में एडवान्स मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मेसर्स इन्टेली स्मार्ट लिमिटेड द्वारा पीपीटी प्रजेन्टेशन दिया गया। बैठक में निदेशक तकनीकी एनके मिश्र, निदेशक वाणिज्य संजय जैन, मुख्य अभियंता वाणिज्य एके वर्मा, मुख्य अभियंता एसएम गर्ग के प्रतिनिधि ने भाग लिया। प्रबंध निदेशक ने कहा कि एडवांस मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के सभी कार्य मिशन मोड में शुरू किए जाएं। एडवान्स मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना के लिए उत्तम मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सेवा प्रदाता द्वारा गुणवत्तापूर्वक मीटर लगाने का कार्य दिसम्बर 2025 तक पूरा कर लिया जाए।

## कार्रवाई : दिव्य फार्मेसी व पतंजलि आयुर्वेद के 14 उत्पादों के लाइसेंस निलंबित

▶ सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने लिया फैसला

एजेंसी





**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उत्तराखंड सरकार ने दिव्य फार्मेसी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के 14 उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निर्लंबित कर दिया है।

सरकार ने एक हलफनामा दाखिल कर शीर्ष अदालत के समक्ष कहा है कि उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने 15 अप्रैल को निलंबन संबंधी आदेश जारी किया। यह हलफनामा प्राधिकरण की ओर से इसके संयुक्त निदेशक मिथिलेश कुमार ने दायर किया है। राज्य सरकार ने जिन उत्पादों के विनिर्माण लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निर्लंबित किया है, उनमें स्वसारि गोल्ड, स्वसारि वटी, ब्रोंकोम, स्वसारि प्रवाही, स्वसारि अवलेह, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर, लिवमृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रिट गोल्ड और पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप शामिल हैं। संयुक्त निदेशक ने अदालत के आदेशों का अनजाने में अनुपालन नहीं करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। इसके साथ ही अदालत को आश्वासन दिया है कि वह जानबूझकर कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा, जो शीर्ष अदालत के किसी भी आदेश की अवज्ञा करेगा या इसकी महिमा को कमजोर करेगा। संयुक्त निदेशक ने शीर्ष अदालत से यह कहा, वह स्थिति और मामले की गंभीरता से अवगत हैं। उन्होंने कानून के अनुसार कर्तव्यों का निर्वहन करने का प्रयास किया है।

### अदालती कार्यवाही पर आईएमए अध्यक्ष के मीडिया में दिए बयान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों से उत्पन्न अदालती कार्यवाही के खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ आर वी अशोकन की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और मंगलवार को उसके अधिवक्ता से कहा कि आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने मौखिक रूप से यह टिप्पणी करते हुए बाबा रामदेव की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी को इस मामले में वर्तमान आईएमए अध्यक्ष डॉ अशोकन द्वारा मीडिया के समक्ष दिए गए बयानों को अदालत के रिकॉर्ड पर लाने की अनुमति दी। पीठ ने आईएमए के वकील से मौखिक रूप से कहा, आप यह कैसे तय करेंगे कि हमें अपनी कार्यवाही किस तरह से करनी चाहिए।

अगली सुनवाई के लिए सात मई की तारीख मुकर्रर

न्यायमूर्ति कोहली की पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए सात मई की तारीख मुकर्रर करते हुए श्री रोहतगी को दो दिनों के भीतर इस संबंध में एक आवेदन दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा, हम इस मुद्दे से अलग से निपटेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में हार्ट अटैक से अधिवक्ता की मौत

**प्रयागराज।** त्रिभुवन उपाध्याय हॉल में अपनी सीट पर बैठे हुए थे। घटना के बाद साथी वकील उन्हें तत्काल स्वरूप रानी अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को करीब 12.30 बजे अफरा तफरी मच गई जब एक अधिवक्ता बेहोश हो कर गिर पड़े। कुछ देर बाद स्थित साफ हुई तो पता चला कि पीड़िता अधिवक्ता का नाम मनीष कुमार दुबे है। घटना के वक्त मनीष त्रिभुवन उपाध्याय हॉल में अपनी सीट पर बैठे हुए थे। घटना के बाद साथी वकील उन्हें तत्काल स्वरूप रानी अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ सुनवाई तीन को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर आज सुनवाई अधूरी रही। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने 3 मई को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने उनके मामले को संजय सिंह के जैसा बताया। सिंघवी ने कहा कि दोनों में बिना बयान लिये गिरफ्तारी की गई। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा कि मामले में इतनी देर बाद केजरीवाल की गिरफ्तारी क्यों जरूरी लगी। कोर्ट ने ईडी से पूछा कि चुनाव से पहले गिरफ्तारी गलत बताने की दलील पर उसका क्या जवाब है। मनीष सिसोदिया मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष और विपक्ष में बातें दर्ज की थीं। उससे तुलना कर बताएं कि केजरीवाल का केस कहां ठहरता है।

### 16 इनामी नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में व्यापक रूप से चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान को लगातार सफलता मिल रही है। मंगलवार को 16 इनामी नक्सलियों ने आत्मसमेर्पण किया जिनमें कई नक्सलियों पर लाखों का इनाम घोषित था। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 केरिपु 222वीं वाहिनी के संयुक्त प्रयासों तथा नक्सलियों के कोर इलाकों में कैप स्थापना के बाद मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने से नक्सल संगठनों में भगदड़ की स्थिति बन गई है।

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने किया सुसाइड

**कोटा।** शिक्षा नगरी में कोचिंग विद्यार्थियों के सुसाइड करने का सिलसिला नहीं थमने से सबकी चिंताएं बढ़ गई है। रविवार को हरियाणा के नीट स्टूडेंट द्वारा कोटा में सुसाइड करने के बाद फिर एक नया मामला सामने आया है। मंगलवार को फिर कोटा में नीट की तैयारी कर रहे एक कोचिंग छात्र ने आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस संबंध में लड़के के परिजन को जानकारी दे दी गई है। इस साल कोटा में छात्रों की सुसाइड का यह आठवां मामला है। सब इंस्पेक्टर गोपाल लाल बैरवा ने बताया कि एक साल से मामा-भांजे तलवंडी स्थित पीजी में रहकर मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की कोचिंग कर रहे थे। मृतक 20 वर्षीय भरत पुत्र रघुनाथ लोधी राजपूत धौलपुर जिले के डिंडोली का निवासी है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने धाराशिव में एनडीए गठबंधन उम्मीदवार के समर्थन में की जनसभा, कहा

# बच्चों का हक छीनना चाहती है कांग्रेस

एजेंसी



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को धाराशिव जिले में कहा कि नकली शिवसेना ने राम मंदिर स्थापित करने का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया था। राम मंदिर निर्माण कार्य में बहुत बाधाएं लाईं गईं लेकिन भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विरासत कर लगाकर बच्चों का हक छीनना चाहती है।

प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को धाराशिव जिले में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार अर्चना पाटिल के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की आपकी मेहनत की कमाई पर नजर है। हर माता-पिता अपने बच्चों के लिए पाई-पाई बचाने की कोशिश करते हैं। उनका प्रयास रहता है कि उनकी गाढ़ी कमाई बच्चों को मिलनी चाहिए। कांग्रेस ने सोचा है कि विरासत कर लगाया जाना चाहिए, फिर बच्चों को मंगलसूत्र भी नहीं मिलेगा। कांग्रेस मंगलसूत्र, महिलाओं के आभूषण चुराने पर उतारू है। पीएम मोदी ने कहा कि आपने दस साल पहले का समय देखा था। आतंकवादी पहले हमला करते, फिर भाग जाते। कांग्रेस सरकार रोती थी। जो सरकार खुद कमजोर हो, क्या वह देश को मजबूत कर सकती है? इन दस सालों में आतंकवादियों का खात्मा किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि अब दुनिया भारत को चंद्रयान की वजह से पहचानने लगी है। जहां कोई नहीं गया वहां हम चले गए। देश ने विज्ञान क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल की हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार भारत को ऊंचाइयों पर नहीं ले जा सकती। कांग्रेस की एक पहचान विश्वासघात है। कांग्रेस 60 साल तक सत्ता में रही लेकिन मराठवाड़ा को पानी नहीं दिया। मोदी का मिशन हर घर तक पानी पहुंचाना है, खेतों तक पानी पहुंचाना है। पीएम मोदी ने कहा कि पानी के लिए जो मोदी सरकार ने दस साल में किया, कांग्रेस साठ साल में नहीं कर पाई।

### सेना नहीं चाहती अग्निवीर योजना, प्रधानमंत्री ने थोपा निर्णय : राहुल

**भिंड।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज दावा किया कि सेना और सैनिक दोनों ही अग्निवीर योजना नहीं चाहते, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन पर ये फैसला थोप दिया। श्री गांधी मध्यप्रदेश के भिंड में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने दो तरीके के जवान बना दिए हैं, एक पेंशन, कैंटीन और अच्छे प्रशिक्षण वाला। दूसरा वो, जिसे ये कुछ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार दो लोगों को युद्ध में भेज रही है और एक से कह रही है कि आपको कुछ हुआ, तो आपके परिवार की रक्षा होगी। वहीं दूसरे से कह रही है कि उसे कुछ हुआ तो उसे कुछ नहीं मिलेगा, यहां तक कि शहीद का दर्जा भी नहीं मिलेगा।

### आस्था से खिलवाड़ करने वालों को सिखाएंगे सबक



**कोलकाता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के बहरमपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए ममता बनर्जी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि क्या कारण है कि उत्तर प्रदेश में हर त्योहार शांति व उल्लास से मनाया जाता है और यहां बंगाल में रामनवमी पर दंगा हो जाता है। संदेशखाली जैसी घटना होती है। उन्होंने कहा कि यदि वे होते तो अभीतक दंगाइयों को उल्टा लटका कर सीधा कर चुके होते। उन्होंने कहा कि रामनवमी के अवसर पर आपकी आस्था से खिलवाड़ करने वालों को मोदी सरकार सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि ममता सरकार केंद्र की योजनाओं को जमीन पर उतरने ही नहीं देती। आज, मैं यहां पश्चिम बंगाल सरकार से पूछने आया हूं कि जिस राज्य ने हमें दुर्गा पूजा का संदेश दिया, वहां संदेशखाली जैसी घटनाएं कैसे हो रही हैं ? आज का बंगाल सोनार बांग्ला नहीं है, जिसकी कल्पना हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने की थी। पश्चिम बंगाल को दंगों में धकेलने की कोशिश की जा रही है। चाहे कांग्रेस हो या तृणमूल कांग्रेस- दोनों पार्टियां राज्य को लूटने और भारत के खिलाफ साजिश रचने के लिए एकजुट हैं।

## फेक वीडियो व झूठ से जनता को गुमराह कर रही है कांग्रेस : शाह

एजेंसी



**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन की भाजपा के खिलाफ संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने संबंधी भ्रामक बयानबाजी करने और फेक ख़बरों को प्रसारित करने का आरोप लगाकर जमकर हमला बोला। उन्होंने फेक वीडियो के माध्यम से जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की कड़ी आलोचना की।

केंद्रीय मंत्री शाह मंगलवार को गुवाहाटी स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के समक्ष कांग्रेस के फैलाए जा रहे झूठे और उनके दिए गए मूल वक्तव्य का असली वीडियो भी प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के उनका फेक वीडियो प्रसारित करने पर कहा कि कांग्रेस ने मेरा फेक वीडियो प्रसारित करने का कृत्य उनकी हताशा और निराशा का द्योतक है। कांग्रेस फेक वीडियो से जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि चुनाव के दो चरणों में भाजपा के आंतरिक मूल्यांकन के अनुसार पार्टी व सहयोगी दल मिलकर 100 से अधिक सीटों पर विजयी होने जा रही है। जनता के आशीर्वाद और समर्थन से एनडीए अपने चार सौ के पार के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि असम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड में भाजपा को बहुत बड़ी चुनावी सफलता मिलती दिखाई दे रही है। एनडीए को दक्षिण भारत से भी को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

### गृह मंत्री के फेक वीडियो को लेकर पूर्व मंत्री लालजी वर्मा पर केस दर्ज

**अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लालजी वर्मा का कहना है कि सरकार डराने के लिए कार्रवाई कर रही है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। आरक्षण को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में सपा के लोकसभा प्रत्याशी लालजी वर्मा पर दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। दिल्ली पुलिस की एक टीम ने सोमवार आधी रात करीब उनके घर पहुंचकर नोटिस थमाया और पूछताछ भी की। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के तौर पर नामांकन करने के बाद लालजी वर्मा ने स्वयं यह जानकारी दी। कहा कि नामांकन से रोकने की साजिश रची गई। डराने की कोशिश हुई लेकिन सूरत जैसे मामले हर जगह दोहराए नहीं जा सकते। सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर दिल्ली पुलिस की तेजी देखिए। उन्होंने 28 अप्रैल को केस दर्ज किया।

### हाई अलर्ट : वाराणसी सहित देश के 30 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**वाराणसी।** वाराणसी एयरपोर्ट के निदेशक पुनीत गुप्ता को ई-मेल से वाराणसी सहित देश के 30 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बीते सोमवार को एयरपोर्ट निदेशक को भेजे गए ई-मेल में लिखा है कि हमने सभी 30 एयरपोर्ट पर बम लगा दिए हैं और रिमोट का बटन दबाते ही उनमें धमाका हो जाएगा। माना जा रहा है कि किसी सिरफिरे ने एयरपोर्ट निदेशक को धमकी भरा ई-मेल भेजा है। इसके बावजूद बाबतपुर एयरपोर्ट पर आपात बैठक बुलाकर हाई अलर्ट जारी किया गया। बैठक में सीआइएसएफ, वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस, खुफिया एजेंसियों के अफसरों ने भाग लिया। बैठक के बाद सीआइएसएफ और पुलिस ने एयरपोर्ट और आसपास के इलाके बैकुंठपुर, सगुनहा, घमहापुर, मंगारी में रूटमार्च भी किया। धमकी को लेकर एहतियातन सीआइएसएफ आइबी और एलआइयू भी अलर्ट है।

## लखनऊ से मलिक व राजेश कुमार ने मोहनलाल गंज से किया नामांकन

समृद्धि न्यूज

▶ बीएसपी व मायावती के बिना सरकार बनना संभव नहीं

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को मोहनलालगंज से बीएसपी उम्मीदवार राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान अपना नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। बीएसपी की ओर से आज लखनऊ लोकसभा सीट से सरवर मलिक और मोहनलालगंज सीट से राजेश कुमार ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।

नामांकन दाखिल करने पहुंचे राजेश कुमार ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। बीएसपी और मायावती के बिना सरकार बनना संभव नहीं है। राजेश कुमार ने कहा कि 2024 लोकसभा का चुनाव देश के युवाओं का चुनाव है और इस बार बीएसपी की ओर से आकाश आनंद जिस तरीके से चुनावी मैदान में उतरे हैं, इससे उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश का युवा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद स्वयं एक युवा है और देश के युवाओं का दुख समझ रहे हैं। आकाश आनंद पर हुई एफआईआर का विरोध करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र में तानाशाही है और पिछड़ों की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। राजेश कुमार ने मोहनलालगंज में बीजेपी उम्मीदवार केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर पर हमला करते हुए कहा कि 5 वर्षों में उनके द्वारा क्षेत्र में कोई विकास का काम नहीं किया गया है, जिससे क्षेत्रीय लोग काफी नाराज हैं हमारा संकल्प है, क्षेत्र में बेहतर शिक्षा व्यवस्था देना बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करना बीमारों और बुजुर्गों के लिए बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था प्रदान करना।

### सेक्स स्कैंडल में पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते-सांसद प्रज्वल निलंबित

**हुबली।** जद (एस) ने मंगलवार को कर्नाटक के हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार और पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को सेक्स स्कैंडल में उनकी कथित संलिप्तता को लेकर निलंबित कर दिया। पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि अगर राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की जा रही जांच में प्रज्वल दोषी साबित होते हैं, तो उन्हें पार्टी से स्थायी रूप से निष्कासित कर दिया जाएगा। हुबली शहर में आयोजित जद (एस) की कोर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। कोर कमेटी के अध्यक्ष, जद (एस) विधायक जी.टी. देवेगौड़ा ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना का निलंबन पार्टी के निर्णय के अनुसार किया गया है।

## शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार है नौसेना : एडमिरल दिनेश

▶ इंडियन नेवी के नए चीफ बने दिनेश कुमार त्रिपाठी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के 26वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को कहा कि भारतीय नौसेना को समुद्र में संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय अभियान की दृष्टि से तैयार रहना होगा। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल त्रिपाठी ने आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी संभाली है।

एडमिरल हरि कुमार चार दशकों के शानदार कॅरियर के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। एडमिरल त्रिपाठी ने ऐसे समय में नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली है जब लाल सागर और अदन की खाड़ी समेत अनेक रणनीतिक जलमार्गों पर सुरक्षा चुनौतियां पैदा हुई हैं जिनमें क्षेत्र में हूती उग्रवादियों द्वारा विभिन्न कारोबारी जहाजों को निशाना बनाया जाना शामिल है। एडमिरलने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले कुछ सालों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट, विश्वसनीय और भविष्य के लिहाज से तत्पर बल के रूप में विकसित हुई है। ''समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों के मद्देनजर भारतीय नौसेना को शांतिकाल में संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय परिचालन दृष्टि से तैयार रहना होगा और यदि कहा जाए तो समुद्र में तथा समुद्र से युद्ध जीतने के लिए तैयार रहना होगा।

फैसला

### आचार संहिता खत्म होने के बाद साइबर थानों की स्थापना को दिया जाएगा अंतिम रूप

# यूपी के 57 जिलों में स्थापित होंगे साइबर क्राइम थाने

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सभी 75 जिलों में साइबर क्राइम थाने स्थापित करने का निर्णय लिया है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सभी 18 मंडलों में साइबर क्राइम थाने पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि शेष 57 जिलों में साइबर थाने लोकसभा चुनावों के बाद स्थापित किए जाएंगे। इन 57 जिलों में साइबर थाने स्थापित किए जाने को लेकर योगी कैबिनेट पहले ही अनुमोदन कर चुकी है।

आम चुनावों के साथ ही आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद साइबर थानों की स्थापना को अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रत्येक थाने में 25 पदों पर अधिकारियों व कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। इस लिहाज से सभी 57 थानों में कुल 1425 पदों के सृजन को लेकर आदेश निर्गत किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम थानों की मौजूदगी हो जाएगी। अभी तक आईजी स्तर का अधिकारी इन थानों को देखता था, लेकिन सभी जनपदों में साइबर क्राइम थाने स्थापित होने के बाद पुलिस अधीक्षक इसकी जिम्मेदारी निभाएंगे। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से पहले सभी साइबर क्राइम पुलिस थानों के क्रियान्वयन के लिए 25 पद की दर से कुल 1425 पदों के सृजन का आदेश दिया गया था। लेकिन देश में जारी लोकसभा चुनावों को देखते हुए इस प्रक्रिया को आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद पूरा किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव और आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाएगा। इस पर योगी कैबिनेट 19 दिसंबर 2023 को अपना अनुमोदन प्रदान कर चुकी है। उस वक्त वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया था कि देश और दुनिया में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए सभी 75 जनपदों में साइबर थानों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। 18 मंडल मुख्यालयों में पहले से ही साइबर थाने मौजूद हैं, बल्कि अब बाकी बचे 57 जनपदों में भी थाने स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। इसकी स्थापना पर सरकार पर लगभग एक अरब, 27 करोड़, 24 लाख, 51 हजार रुपए से अधिक का व्यय भार अनुमानित है। इन थानों के स्थापित होने से न सिर्फ प्रदेश में साइबर क्राइम पर पैनी नजर रखी जा सकेगी, बल्कि उस पर प्रभावी कार्रवाई भी संभव हो सकेगी।

उन्होंने बताया था कि साइबर क्राइम में कन्विक्शन के मामले में यूपी सबसे ऊपर है। यूपी का कन्विक्शन रेट नेशनल साइबर क्राइम के कन्विक्शन रेट से काफी बेहतर है। साइबर क्राइम के मामलों में नेशनल कन्विक्शन रेट जहां 46.5 परसेंट है, वहीं उत्तर प्रदेश का कन्विक्शन रेट 87.8 परसेंट है।

## हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले की सुनवाई स्थगित

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में मंगलवार को मंदिर पक्ष की ओर से इलाहाबाद हाई कोर्ट में बहस की गई। मंदिर पक्ष की ओर से दावा किया गया की ढाई एकड़ में बना शाही ईदगाह कोई मस्जिद नहीं है। ईदगाह में केवल सालभर में दो बार नमाज पढ़ी जाती है जबकि मस्जिद में दिनभर में पांच बार नमाज होती है।

कहा गया कि शाही ईदगाह का पूरा ढाई एकड़ का एरिया भगवान का गर्भगृह है। सियासी षड्यंत्र के तहत ईदगाह का निर्माण कराया गया। प्रतिवादी के पास कोई ऐसा रिकॉर्ड नहीं है। सीपीसी के आदेश सात नियम 11 इस वाद में लागू नहीं होता है। कोर्ट ने बहस पूरी न होने की वजह से सुनवाई को बुधवार तक के लिए टाल दिया।

उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट ने मामले में अलग-अलग पक्षकारों को सुनने के बाद अपनी-अपनी आपत्तियों को दाखिल करने का समय दिया। इसके साथ ही सुनवाई को 30 अप्रैल तक के लिए टाल दिया था। भगवान श्रीकृष्ण विराजमान एट कटरा केशव देव की ओर से दाखिल कुल 18 वादों पर न्यायमूर्ति मयंक जैन की पीठ सुनवाई कर रही है। पिछली सुनवाई में पक्षकारों की ओर से आपत्तियों को दाखिल करने का समय मांगा गया था।

# मतदान कराने में अधिकारियों की भूमिका अहमः डॉ. रोशन जैकब

▸ निष्पक्ष, भयरहित निर्वाचन सम्पन्न कराने की कमिश्नर-आईजी ने परखी तैयारियां



**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष व भयरहित सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और आईजी तरुण गाबा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय अधिकारियो की बैठक ली, निर्वाचन को निष्पक्ष, भयरहित सम्पन्न कराने की सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रो को एसडीएम-सीओ और संबंधित टीमें संयुक्त रूप से भ्रमणकर कमियों को दूर कर ले।

बैठक की शुरुआत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पूरी टीम की ओर से आयुक्त-आईजी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान सभी अधिकारियोंसे उनका परिचय और चुनाव में उनकी भूमिका जानी।

आयुक्त ने कहा कि उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रो में भ्रमण कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन के साथ सभी मतदेय स्थलों पर विद्युत, शौचालय, पानी की व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। थाना स्तर पर चुनाव रजिस्टर, हालचाल रजिस्टर आदि के साथ ही निर्वाचन शिकायत रजिस्टर भी बना ले। सेक्ट्रर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, उड़नदस्ता टीम, वीडियो निगरानी टीम आदि पूरी तरह समय से क्रियाशील रहे। आयुक्त ने कहा कि पोलिंग पर्सन्स को प्रशिक्षण में विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए सक्षम और दक्ष बनाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टी और पुलिस पार्टी को टैग करते हुए समय से रवानगी और वापसी को सुनिश्चित कराएंगे। मतदान दिवस पर जहां पोलिंग पार्टी सुस्त हो वहां समय से पोलिंग पर्सन का रिप्लेसमेंट एवं उन्हें बढ़ाने की कार्यवाही तत्परता से हो।

मतदान केंद्र पर लगी पंक्ति में बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में पंक्ति से इतर प्राथमिकता पर मतदान कराया जाए। पोल-डे से एक दिन पूर्व मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टी पहुंचने के बाद सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एमओआईसी मतदाता स्थलों पर एक राउंड पहुंचकर पोल वेलफेयर की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे। आईजी तरुण गाबा ने कहा कि चुनाव एक महायज्ञ है जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी टीम भावना से कार्य करें। फील्ड में एमसीसी उल्लंघन के मामलों में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। पुलिस ड्यूटी का रेंडमाइजेशन प्रॉपर हो। सीएपीएफ की फील्ड में तैनाती आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप हो। ईवीएम सिक्योरिटी प्लान प्रॉपर हो। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। चुनाव के दौरान वीआईपी भ्रमण के दौरान सारे सुरक्षा मापदंडों का विशेष ध्यान रखा जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह तथा एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने भी निर्वाचन सम्बंधी सभी तैयारियों की जानकारी पीपीटी के जरिए मण्डलायुक्त तथा आईजी को देते हुए बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता, धारा 144 तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है। डीएम-एसपी ने बताया कि कानून एवं शांति व्यवस्था व अन्य तैयारियां पूरी तरह दुरूस्त है। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध 107, 116, 110 तथा गुण्डा एक्ट आदि की निरोधात्मक कार्यवाही भी गुणवत्ता के आधार पर की जा रही है। चिन्हित अपराधियों पर कार्यवाही भी की जा रही है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नोटिस देने के साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करवाने के निर्देश दिये गये है। एसपी ने हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर, गुंडा, जिला बदर, शस्त्र बरामदगी, मादक द्रव्य और कैश बरामदगी आदि निरोधात्मक कार्यवाहियों की जानकारी दी। भारत नेपाल सीमा पर 16 कवच आउटपोस्ट एवं 23 बैरियर नाका क्रियाशील है। सीएपीएफ के ठहरने के माकूल प्रबंध किए गए।

### मंडलायुक्त-आईजी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

मण्डलायुक्त और आईजी ने सीडीओ संग कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने पानी, बिजली,शौचालय व सुरक्षा व्यवस्था को देखा। निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से की जाए। सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहे हैं।

### कमिश्नर-आईजी ने देखा खीरी थाना और मतदेय स्थल

कमिश्नर और आईजी ने थाना खीरी का डीएम, एसपी, सीडीओ संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्रवाई रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर के अलावा अन्य अभिलेखों की जांच की गई। इसके बाद तहसील सदर और थाना खीरी के अंतर्गत जिला पंचायत इंटर कॉलेज खीरी टाउन, पूर्व माध्यमिक विद्यालय खीरी टाउन के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल की उपलब्धता, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, रैंप सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा। आयुक्त ने बताया कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रशासन संकल्पित है। चुनाव को लेकर जरूरी व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है। जहां कोई कमी मिल रही है उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

## कार-बाइक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।** औसानेश्वर मार्ग पर मंगलवार की दोपहर बाद हुए कार और मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार 30 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार खंती में चली गई। जिसके बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ लाए गए युवक को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। हैदरगढ़ कोतवाली के बबुआपुर गांव निवासी रामकुमार पुत्र संतराम 30 अपनी अपाचे मोटरसाइकिल से बाराबंकी की और से हैदरगढ़ आ रहा था की तभी शाम लगभग 5 बजे भियामऊ ग्राम के निकट हैदरगढ़ से बाराबंकी की ओर तेज रफ्तार में जा रही हुंडई औरा कार ने अपाचे मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी दुर्घटना के बाद युवक उछलकर काफी दूर जाकर गिरा और कार भी खंती में चली गई।

# शराब पीने के लिए पैसे न देने पर बेटे ने की पिता की हत्या

▸ कलयुगी बेटे ने मुंह मे चाकू घुसाकर काटी जुबान, आंख भी फोड़ी

▸ इलाज के लिए ले जाते वक्त रास्ते मे पिता की मौत, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल



**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**

शराब पीने के लिए पैसा देने से मना करने पर बेटे ने पिता पर सरिया से वार कर मरणासन्न कर दिया। पुलिस ने मां की तहरीर पर बेटे को प्राण घातक हमले में जेल भेज दिया। पिता की इलाज के दौरान चौथे दिन मौत हो गई। मझगई थाना क्षेत्र के बल्लीपुर खुर्द का अटल उम्र 30 वर्ष जो शराब के नशे में था 26 अप्रैल की रात दिन शुक्रवार को लगभग साढ़े दस बजे अपने पिता सतनू से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा तो पिता ने पैसे देने से इनकार कर दिया। शराब के नशे में धुत अटल ने वहीं पड़ी सरिया उठाकर पिता को मारने लगा जिससे सतनू को गंभीर चोटें आ गई। सतनू की दाईं आंख भी चोटिल हो गई। सतनू को लखीमपुर में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा था। सतनू की पत्नी लज्जावती ने अपने पुत्र पर प्राणघातक हमला करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अटल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार को लखीमपुर में सतनू की हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ के मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय सतनू की रास्ते में मौत हो गई। सतनू की मौत की खबर घर आते ही घर में कोहराम मच गया।

इस संबंध में मझगई थानाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर प्राणघातक हमले का मुकदमा दर्ज कर बेटे को जेल भेज दिया है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर धारा तरमीम हो जायेगी।

# दो दशक बाद भी नहीं बना दहौरा नाले पर पुल

**धौरहरा खीरी,समृद्धि न्यूज।**



लोक सभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाकर अपने पक्ष में करने के लिए तरह तरह के वादे कर रहे हैं। लेकिन वह अपने वादों पर कितना खरे उतरते हैं यह भविष्य की गर्त में है। इस लोक सभा चुनाव में भी बाढ़ में बह गया पुल एक बार फिर चुनावी मुद्दा बनकर उभरा है। क्षेत्र मे बाढ़ में बह गए पुल को दो दशक बाद भी नहीं बनवाया जा सका है ।धौरहरा क्षेत्र में पण्डित पुरवा - सुजईकुण्डा मार्ग पर बह रहे दहोरा नाले के उस पार बसे दर्जनो गाँवों के निवासियों का तहसील व जिला मुख्यालय आने के लिए बरशात के दिनों में कुछ मिनटों की दूरी घण्टो मे तय करनी पड़ती है।लोग जान जोखिम में डालकर नाव से आवागमन करते है

**1986 में बनवाया गया पुल कुछ समय बाद टूटा :** सन् 1986 मे बाबूबनारसी दास के मुख्यमन्त्रित्व काल मे यहाँ से विधायक रहे पं तेजनरायन त्रिवेदी के प्रयासों से पाँच लाख की लागत से पण्डित पुरवा - सुजई कुण्डा मार्ग पर दहोरा नाले पर लगभग 30 मीटर लंबा पुल का निर्माण कराया था। तब से करीब दस वर्ष तक लगभग दो दर्जन गांवों की 50 हजार आबादी के अलावा धौरहरा कस्बे व आसपास के लोग अपना सफर तय करते थे ।1996 में बाढ़ आई और पानी की धारा ने हल्की करवट ली और इसकी दीवारें ही धराशायी हो गयी। क्षेत्रीय लोगों के प्रयास से सन् 1997 में जिला पंचायत अध्यक्ष रही लीला देवी ने मरम्मत के लिए सवा लाख रूपए उपलब्ध करवाए ।प्राप्त धन व ग्रामीणों के श्रमदान से 1997-1998 मरम्मत करवाई गई ,और क्षेत्रीय लोगों का आवागमन बहाल हो गया। पुनः 2002 मे आई भीषड़ बाढ़ ने पुल का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया।

**दो दर्जन से ज्यादा गांव वालों को होती है परेशानी:** पुल के धराशायी होने के कारण यहाँ के पंण्डित पुरवा , मगरौली , लहसौरी पुरवा , टापर पुरवा , घोसियाना , सुजई कुण्डा ,नज्जापुरवा,भटपुरवा , धारीदासपुरवा , हरसिंहपुर , सुनारनपुरवा , बिन्जहा , मगरौली , फुटौहापुरवा सहित करीब दो दर्जन गाँवों का सीधा सम्पर्क बरसात मे तहसील मुख्यालय से समाप्त हो गया है।

**छात्रों के प्रदर्शन के बाद भी नहीं बना पुल:** बीते दिनों प्रभावित गांवों के छात्र छात्राओं ने धौरहरा सिसैया हाइवे को जाम कर प्रदर्शन किया और पुल को बनवाने की मांग की कई घंटों के प्रदर्शन के बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व स्थानीय अधिकारियों के समझाने व पुल बनवाने के वादे के बाद छात्रों ने प्रदर्शन बंद किया जिसके बाद आवागमन बहाल हो सका। समय बीतने के साथ ही छात्र छात्राओं से किया गया पुल बनवाने का वादा भी वादा ही रह गया।

## खबरें एक नजर में

### भैंस चराने से मना करने पर दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**पसगवॉ खीरी।** सरोज मिश्रा पुत्र छोटेलाल निवासी चक पिहानी थाना पसगवॉ ने तहरीर देते हुए बताया कि घटना 29 अप्रैल 2024 की शाम लगभग 4:30 बजे की है वह साइकिल से अपना खेत देखने के लिए गांव जमुका गया था वहां पर गांव के ही सैदअली खान पुत्र इब्राहिम अपनी भैंस मेरे खेत में चरा रहे थे। जब हमने उनको मना किया तो उसने गलौज करते हुए लाठी से वार कर दिया। लाठी मेरे दाएं पैर और साइकिल में लगी जिससे मेरे पैर में अंदरूनी चोट आई है और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। विपक्षी ने जान से मारने की धमकी भी दी। उसने आरोप लगाते हुए बताया है कि उसकी गन्ना की फसल को काफी नुकसान हुआ है। पुलिस ने आरोपी पर संबंधित धाराओ में मुकदमा पंजीकृत किया है।

### अवैध प्लाटिंग करने वालों की मुख्यमंत्री से शिकायत

**उचौलिया खीरी।** बगैर परमिशन प्लाट कटिंग करने और बेचने का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। लेकिन जिला प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहा है। यही वजह है कि अवैध प्लाटिंग करने वालों का हौसला बुलंद हैं। शिकायतों के बाद भी मॉनिटरिंग के लिए प्रशासनिक टीम स्थलों पर नहीं पहुंच रही है। 16 अप्रैल 2024 को अमित सक्सेना ने आइजीआरएस के माध्यम से शिकायत की है कि उचौलिया में थाना के पास हीरो एजेंसी के सामने भूमाफियाओं द्वारा बिना किसी लीगल कागजात के प्लाटिंग का अवैध कारोबार किया जा रहा है और भोले भाले गांव के गरीब ग्राहकों को फसाया जा रहा है। अमित ने बताया है कि शिकायत करने के लगभग 15 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। जब इस संबंध में एसडीएम मोहम्मदी अवनीश कुमार से जानकारी ली गई तो बेतुका जवाब देते हुए बोला कि तो क्या इलेक्शन वगैरह सब बंद कर दें?

### नि:शुल्क नेत्र शिविर मे 60 मरीजों की हुई जांच



**बाराबंकी।** मंगलवार को दी लेप्रोसी मिशन ट्रस्ट इण्डिया द्वारा संचालित टी. एल. एम. हॉस्पिटल के नेत्र विभाग की टीम द्वारा मलका तालीम गाह महिला डिग्री कॉलेज एवं इण्टर कालेज असन्दरा बाजार में एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन अम्बर फाउण्डेशन के आह्वान पर आयोजित किया इस शिविर में टी . एल .एम . हास्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी दलीप बर्मन , मुमताज़ अहमद , पदमजा बोईडी , गरिमा सिधार ने 60 लोगों का नेत्र परीक्षण किया , जिसमें 13 लोग मोतियाबिंद से पीड़ित पाये गये। टी. एल. एम. के प्रशासनिक अधिकारी दलीप बर्मन ने बताया कि हमारी संस्था की स्थापना हुए 150 वर्ष पूरे हो गए हैं , इस खुशी में मोतियाबिंद पाये गये व्यक्तियों का हमारे हास्पिटल में नि:शुल्क आपरेशन एवं उपचार किया जाएगा । इस अवसर पर उक्त महा विद्यालय के प्रबंधक मो. क़फील ज़ैदी ने टी . एल.एम . हास्पिटल की सराहना करते हुए अन्य समाज सेवी संस्थाओं को टी.एल.एम.से सीख लेने के लिए कहा। इस अवसर पर मिन्हाज ज़ैदी, सैय्यद नबील ज़ैदी, पूर्व प्रधान मो अकील, प्रधानाचार्य रंजन शुक्ला जी ने विशेष इंतजाम और सहयोग किया।

# मां सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय आश्रम मैलानी में कार्यक्रम आज

**मैलानी खीरी,समृद्धि न्यूज।**




मैलानी रेलवे स्टेशन के निकट ग्राम नारंग में स्थित अघोरी परंपरा का आश्रम,माँ सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय उन स्थानों में से एक है जो अघोर की मूल भावना मानवीय सेवा से सराबोर है। सहयोग और सेवा के क्रम में इस स्थान पर 1 मई को तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। इस दिन, पूरी दुनिया में, अघोर परंपरा के सर्वमान्य अधिष्ठाता आचार्य ईष्ट अघोराचार्य महाराजश्री बाबा कीनाराम जी की मूर्ति का बहुप्रतीक्षित अनावरण होगा 1 मई को ही, वर्तमान में, अघोर के सर्वमान्य आचार्य अधिष्ठाता ईष्ट अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी का अवतरण दिवस मनाया जाता है, लिहाज़ा उस दिन ये कार्यक्रम भी आश्रम में धूमधाम से होगा। इस दिन बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी की अध्यक्षता में तथा अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी की महिला मण्डल शाखा के सौजन्य से दहेज रहित विवाह के तहत दो कन्याओं का वैवाहिक कार्यक्रम भी सम्पन्न होगा। ग़ौरतलब है कि मानवीय सरोकार से जुड़े इस आश्रम के हर कार्यक्रम में अघोर परंपरा के साधु, साधकों के अलावा बड़ी संख्या में अघोर अनुयायियों का आगमन माँ सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय में होता रहा है।

# चुनाव नजदीक आते ही बदल रहे प्रत्याशियों के तेवर, जनता को मनाने का कर रहे प्रयास

**लखीमपुर खीरी,समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा लोकसभा का चुनाव दिन पर दिन दिलचस्प होता जा रहा है वोटर की खामोशी से प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ती नजर आ रही है बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार सांसद रेखा वर्मा पर भरोसा जताया है वही आनंद भदौरिया समाजवादी पार्टी से दूसरी बार गठबंधन के प्रत्याशी है। भाजपा का साथ छोड़कर हाथी पर सवार हुए श्याम किशोर अवस्थी बसपा के प्रत्याशी हैं जो भाजपा के वोट बैंक में जबरदस्त सेंधमारी करते नजर आ रहे हैं हालांकि सभी प्रमुख पार्टीयों के प्रत्याशी चुनावी क्षेत्र में पसीना बहाते नजर आ रहे हैं।

**देव तुल्य हुए कार्यकर्ता वोटर हुए भगवान:** पूरे पांच साल जिन कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई जो अपने नेता से मिलने और समस्याओं को बताने के लिए नेता की शक्ल तक देखने को तरस गए आज वह कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव के लिए देवतुल्य बनाये गए हैं जिन कार्यकर्ताओं और क्षेत्र वासियों का पांच साल नेताओं के द्वारा फोन नहीं उठाया गया वह वोटर भी अब नेताओं को भगवान के रूप में दिखाई पड़ रहे हैं। बहुत से कार्यकर्ता तो सिर्फ पार्टी के नाम का झंडा पकड़े हैं वही अंदर खाने बहुत कुछ चल रहा है।

**जातिय समीकरण में बसपा दिख रही मजबूत निर्णायक होगा मुस्लिम समाज:** वर्तमान की चुनावी स्थिति पर क्षेत्रीय राजनीतिक पंडितों की माने तो भाजपा के उम्मीदवार को बसपा के प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी कड़ी टक्कर देते दिखाई पड़ रहे हैं बसपा के कोर वोटर की संख्या लगभग साढ़े तीन लाख है वही ब्राह्मण सवा तीन लाख से अधिक है ब्राह्मण वोट का रुझान श्याम किशोर अवस्थी की तरफ बहुत बड़ी संख्या में नजर आ रहा है राजनीतिक पंडितों का कहना है अगर मुस्लिम बसपा के साथ खड़ा हुआ तो धौरहरा लोकसभा का परिणाम चौंकाने वाला होगा हालांकि धौरहरा लोकसभा में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या ढाई लाख के आसपास है मुस्लिम वोट अगर बंटता है तो चुनाव त्रिकोणीय हो जाएगा।

## तनुज पुनिया आज करेंगे नामांकन

**बाराबंकी।** इंडिया गठबन्धन के 53 संसदीय क्षेत्र बाराबंकी (अजा) के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया आज बुधवार को प्रातः 10 बजे सिविल लाईन स्थित पूर्व केन्द्रीय मंत्री मोहसिना किदवई की कोठी से इन्डिया गठबन्धन के साथियो के साथ चलकर कलेक्ट्रेट कचेहरी पहुंचकर सादगी के साथ नामांकन करेंगे। उक्त आशय की जानकारी पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा ने देते हुये बताया कि उक्त अवसर पर भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुये सिर्फ इन्डिया गठबन्धन के सहयोगी दलो के वरिष्ठ नेतागण पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रमुख, पूर्व प्रमुख, विधानसभा अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, फ्रण्टल संगठनो के अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, तथा उनकी कार्यकरणी इन्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी के साथ होगे।

# विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा को करें वोटः रामदेव सिंह



**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में बना अत्यंत आवश्यक है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार हमेशा गरीब आवाम के लिए समर्पित रही है इस सरकार में पिछले 10 वर्षों में गरीबों के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं जो बिना भेदभाव के सभी तक पहुंच भी रही हैं। उक्त विचार वरिष्ठ भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने सुबेहा मंडल के गोसियामऊ गांव में जनसंपर्क के दौरान व्यक्त किये। थलवारा सेक्टर के जयचंदपुर गढ़ी गोसियामऊ चौधरी का पुरवा मल्लाहन का पुरवा लदई का पुरवा आदि गांव में मंडल अध्यक्ष रामसागर मौर्य के साथ पहुंचकर लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी से प्रत्याशी राजरानी रावत के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसंपर्क के दौरान मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत जिला महामंत्री किसान मोर्चा मोनू सिंह मंडल अध्यक्ष पिछला मोर्चा धर्मेंद्र चौरसिया शक्ति केंद्र संयोजक संतोष सिंह प्रधान अवधेश यादव सहित बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दहेज उत्पीड़न की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** दहेज में कार व भूमि की मांग को लेकर ससुराली जनों द्वारा की जा रही प्रताड़ना व तलाक की धमकी से आक्रोशित नव विवाहिता ने कोतवाली हैदरगढ़ में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला कोतवाली हैदरगढ़ के पूरे बघेल मजरे सहावर गांव का है।इसी गांव निवासी शादिया बानो पुत्री मोहम्मद सलीम ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि पिछले साल 7 जून 2023 को उसका विवाह सहावर गांव निवासी नसीम के बेटे जसीम के साथ हुआ था।विवाह में बाइक, जेवरात व दहेज में अन्य कीमती सामान दिया गया था। लेकिन ससुराली जन इस दहेज से संतुष्ट नहीं थे।पीड़िता ने आरोप लगाया कि कार एवं दो बिस्वा भूमि की मांग को लेकर उसके पति जसीम,ससुर नसीम,सास,देवर व सभी ननद संयुक्त रूप से उसे निकाह के बाद से ही प्रताड़ित करने लगे। आरोपियों ने पीड़िता को तलाक व जान से मार डालने की भी धमकी दी।ससुरालीजनों के उत्पीड़न से परेशान होकर उसने थाने में तहरीर देकर अपनी व्यथा कही। पुलिस ने पीड़िता की व्यथा सुनने के बाद पति,सास व ससुर सहित आठ लोगों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# एक सप्ताह से गायब युवक का शव तालाब से बरामद

**मसौली बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

एक सप्ताह पूर्व गायब हुए युवक का शव गांव मे ही स्थित एक तालाब से बरामद हुआ मृतक लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रसौली गांव मे एक आरा मशीन पर काम करता था। सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसौली निवासी 55 वर्षीय विक्रम यादव पुत्र विशेषर गांव मे ही स्थित असलम राइन की आरा मशीन पर काम करता था जो बीते एक सप्ताह पूर्व से लापता था। मंगलवार की दोपहर गांव के कुछ लड़के आबादी के अंदर ही स्थित डीगिया की ओर गये तो देखा कि किसी युवक का सिर तालाब मे दिख रहा जिसकी सूचना फैलते ही भीड़ लग गयी सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने शव को तालाब से निकलवा कर शिनाख्त की कोशिश की तो शव की पहचान विक्रम यादव के रूप हुई। मृतक के पुत्र सुनील यादव ने बताया कि पापा मंगलवार की शाम को घर से निकले थे जो वापस नही आये जिनकी खोज् नाते एव रिस्तेदारी मे की जा रही थी जानकारी मिली है कि मृतक शराब का आदी था जो घर से बिना बताये निकल जाते थे पिछले मंगलवार की दोपहर घर पर खाना खाने के बाद गये थे दुबारा वापस नही आये थे।

# कवियों ने बिखेरा वीर, हास्य, करुण श्रृंगार रस, श्रोता मंत्रमुग्ध




**गोला गोकर्णनाथ खीरी,समृद्धि न्यूज।**

छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला 2024 के सांस्कृतिक मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कवियों ने विभिन्न विधाओं में काव्यपाठ कर महफिल में वीर, हास्य, करुण श्रृंगाररस बिखेरा।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि एसडीएम न्यायिक मधुसूदन गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ आशुतोष गुप्ता, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, विद्यालय प्रबन्धक प्रधानाचार्य कल्याण समिति प्रदेश महामंत्री शैलेन्द्र सक्सेना, कार्यक्रम अध्यक्ष तहसीलदार सुखवीर सिंह और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। हास्य एवं व्यंग्य कवि डॉ प्रवीन शुक्ल दिल्ली-तू ही मेरी एक बी है तू ही मेरी इंतहा है साइट भी तू ही मेरी और मेरा ने तू चाकलेट दिवस पे बचा दू चाकलेट तुझे साठ किलो की है खुद मेरी चाकलेट तू सुदीप भोला जबलपुर ने- पापा ने हैप्पी बर्थ डे पर मोबाइल दिलवाया था, आन लाइन हो ई पढ़ाई किस्तों पर मंगवाया था, पढ़ो बेटियों बढो बेटियों उनमें मन में ठाना था दुनिया कर लेंगी मुट्ठी में दुनियां को दिखलाना था उसी मोबाईल से वे लड़की इंस्टाग्राम चलाती है, पढ़ती नहीं पढ़ाती है दिन भर रील बनाती है। सांस्कृतिक मंच का संचालन करते हुए मेला प्रभारी मोहित गिरि ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया। दीपक पुरी,नीरज चौहान, अवधेश मिश्र,गौरव ज्ञान त्रिपाठी, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, सुरेन्द्र वर्मा, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# भाजपा की झूठ फरेब की राजनीति जनता के सामने आईः गोप




**हैदरगढ़ बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

भाजपा सरकार की झूठ फरेब की कहानी जनता के सामने आ गई है देश की जनता को विश्वास हो गया है कि भाजपा विकास की नहीं बदले की राजनीति करती है सत्ता में बने रहने के लिए भाई से भाई के बीच नफरत की दीवार खड़ी करने का काम कर रही है भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पूरे देश से समाप्त कर देना चाहती है इस सरकार में किसान और नौजवान दोनों परेशान है।

▸ सत्ता में बने रहने के लिए भाई भाई के बीच खड़ी कर रही नफरत की दीवार

उक्त विचार विधानसभा हैदरगढ़ के लिल्हौरा वार्ड में इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय उद्घाटन अवसर पर पहुंचे मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता मंत्री अरविंद सिंह गोप ने व्यक्त किये। पूर्व सांसद रामसागर रावत ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से भाजपा सबका साथ सबका विकास कर गैलप रही है लेकिन हकीकत में 10 सालों में भाजपा ने अपने पूंजीपति मित्रों को ही लाभ पहुंचाया है और किसानों नौजवानों मजदूरो सभी के अरमानों का गला घोटने का काम किया है भाजपा की सरकार जनता की मूलभूत आकांक्षाओं पर खड़ी नहीं उतरी। इसके पश्चात पूर्व विधायक रामगोपाल रावत राम मगन रावत सहित जिले से आए हुए नेताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष सियाराम यादव नगर अध्यक्ष सूरज दीक्षित युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी सरवर सिद्दीकी दिनेश शुक्ला डिंपल सिंह पवन कुमार यादव प्रधान अलगू सिंह परशुराम यादव राजू सिंह कैप्टन रमेश चंद्र बृजेश त्रिपाठी विनोद त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कई नेता कांग्रेस में शामिल, सचिव ने दिलाई सदस्यता

हाथ बदलेगा हालात के नारे से प्रेरित होकर आज युवा भाजपा नेता आशीष साहू अनुज मौर्य प्रहलाद पांडे उमेश सोनी अजयदीप मिश्रा राज तिवारी कार्तिक त्रिवेदी सहित कई युवाओं ने कांग्रेस का हाथ थामा नगर अध्यक्ष सूरज दीक्षित कांग्रेस सचिव रोहित मिश्रा द्वारा इन सभी को पार्टी के सदस्यता दिलाई गई।

# मेनहोल मामले में हाईकोर्ट ने नगर आयुक्त को दिया समय, 31 तक दाखिल करें जवाब

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के जानकीपुरम में मेनहोल में गिरने से 8 साल के शाहरुख की मौत के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई हुई है। मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई के दौरान मेनहोल में बच्चे की मौत के मामले में हलफनामा दाखिल करने के लिए नगर आयुक्त को दिया गया है।

कोर्ट ने मामले को स्वत संज्ञान लेते हुए नगर निगम और एलडीए से 30 अप्रैल तक जवाब मांगा था। इसमें कहा गया था कि आपने शहर में मैनहोल और सीवर का लेकर क्या काम किया है। इसको लेकर जवाब दीजिए। इसके अलावा बच्चे की मौत के मामले में रिपोर्ट मांगी गई थी। हालांकि इसके बाद ही नगर निगम की तरफसे कार्यवाही की गई।

इसमें एक्सईएन, जेई और सुपरवाईजर को हटा दिया गया था। अब न्यायमूर्ति राजन रॉय, न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने नगर आयुक्त को एक अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए 31 मई तक का समय दिया है। लखनऊ नगर निगम को शहर में खुले मैनहोल में गिरने से हुई 8 साल के बच्चे की मौत के मामले में 31 मई तक जवाबी हलफनामे के रूप में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

## पान-मसाला फैक्ट्री का वाहन चालक दस लाख रूपए लेकर फरार

**लखनऊ ।** लखनऊ के सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में स्थित एक पान मसाला फैक्ट्री में काम करने वाला चालक कंपनी का दस लाख रुपए लेकर फरार हो गया। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित ने डीसीपी साउथ से लिखित शिकायत की। जिसके बाद सरोजनीनगर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। कानपुर रोड के हिंद नगर निवासी मेघराज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शिमला गोमती पान प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड बी-32, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ में निदेशक के तौर पर कार्यरत है। उनकी फैक्ट्री पान मसाला व जर्दा के क्रय और विक्रय का कार्य किया जाता है।

# भीषण गर्मी से बढ़ी डायरिया-डिहाईड्रेशन के मरीजों की संख्या

### डायरिया और डिहाईड्रेशन के करीब 50 से ज्यादा मरीज पहुंचे अस्पताल, बुखार, दस्त, उल्टी के मरीजों की संख्या ज्यादा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** गर्मी की तपिश से जूझ रहे उत्तर प्रदेश में डिहाइड्रेशन और डायरिया के मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में भारी तादाद में गर्मी से बेहाल मरीज पहुंच रहे हैं। सिर्फ लखनऊ के सरकारी अस्पतालों में ऐसे 100 से ज्यादा मरीज भर्ती हैं।


फाइल फोटो

वहीं मंगलवार को एक बार फिर लखनऊ के अस्पतालों की ओपीडी में एक बार फिर बड़ी संख्या में मरीज और तीमारदार सुबह से ही पहुंचे। इनमें बुखार, दस्त, उल्टी के मरीजों की बड़ी संख्या रही। इसके अलावा संक्रामक रोगों के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। विशेषज्ञ गर्मी के कारण ऐसी समस्याओं में बढ़ोत्तरी की बात कहते हैं। यहां 24 घंटे में गर्मी से बेहाल डायरिया और डिहाइड्रेशन के करीब 50 से ज्यादा मरीज अस्पताल पहुंचे। इनमें से कुछ मरीजों में एक्यूट डिहाइड्रेशन के लक्षण थे। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। हालांकि ड्रिप चढ़ाने के बाद मरीजों को जल्द राहत भी मिली। लेकिन ऐहतियात के तौर पर 24 घंटे तक उन्हें भर्ती रखा गया। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि ओपीडी में मंगलवार सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीजों और तीमारदारों की मौजूदगी है। आम दिनों में मंगलवार को बड़ी संख्या में ओपीडी रजिस्ट्रेशन होते हैं। पर आज उससे थोड़ी ज्यादा भीड़ रही। दोपहर तक बड़ी संख्या में मरीज डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने के लिए लाइन में लगे दिखे। गर्मी से बेहाल मरीजों को दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जरूरत पड़ने पर इनको एडमिट भी कराया जा रहा है।

### 12 से ज्यादा मरीज गंभीर हालत में इमरजेंसी लाए गए

लखनऊ के डॉ. राजनारायण लोकबंधु संयुक्त अस्पताल में भी मंगलवार सुबह से बड़ी संख्या में मरीजों और तीमारदारों की भीड़ रही। यहां आईसीयू सहित पीडियाट्रिक वार्ड में मौजूदा समय कुल 39 मरीज डायरिया और डिहाइड्रेशन के कारण भर्ती हैं। इनमें 11 बच्चे, 8 महिला हैं। 12 से ज्यादा मरीज गंभीर हालत में इमरजेंसी लाए गए, जिन्हें भर्ती किया गया। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित कहते हैं कि गर्मी का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसकी चपेट में आने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। हालांकि अभी कोई पैनिक जैसे हालात नहीं है। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को इलाज मुहैया कराया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर भर्ती कर ड्रिप भी चढ़ाई जा रही है। फिलहाल कुल 39 मरीज डायरिया, डिहाइड्रेशन व इससे जुड़ी बीमारियों के चलते अस्पताल में भर्ती हैं। बीते 15 दिनों में इन बीमारियों की चपेट में आने के बाद भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ी है।

## खबरें एक नजर में

### आज सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा करेंगे नामांकन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडिया गठबंधन के लखनऊ लोकसभा प्रत्याशी का जुलूस समाजवादी पार्टी के मुख्यालय से निकलेगा। ये शहर के निश्चित प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगा। इसको लेकर पार्टी संगठन ने बैठक कर तैयारियां पूरी कर ली हैं। महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी ने कहा कि सपा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा 1 मई को नामांकन करेंगे। इसको लेकर हुई बैठक में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नामांकन को भव्य बनाने के उद्देश्य से पार्टी समर्थक और कार्यकर्ता जुलूस में शामिल होंगे। ये जुलूस विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी के मुख्यालय से शुरू होगा। सपा प्रत्याशी का जुलूस पार्टी कार्यालय से निकलर हजरतगंज पहुंचेगा। यहां से सभी मेफेयर तिराहा, नावेल्टी सिनेमा, नूर मंजिल, कैसरबाग चौराहा होते हुए नजीराबाद और फिर अमीनाबाद पहुंचेंगे। पार्टी प्रत्याशी और समर्थक गुईन रोड से बस स्टेशन होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। बताया कि जुलूस में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि रविदास मेहरोत्रा इस समय लखनऊ मध्य से विधायक भी हैं।

### स्टील व्यापारी के घर लाखों की चोरी, छत के रास्ते आए चोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मऊ गांव में आंगनबाड़ी के पास वार्ड नंबर, 14 में एमएच वारसी परिवार संग रहते हैं और वह स्टील का काम कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि रोजाना की तरह वे सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे परिवार संग छत पर सोने चले गए, रात ढाई बजे नीचे आने पर देखा कि मेन दरवाजा खुला हुआ था। कमरों में रखी अलमारी और बक्सा का ताला टूटा पड़ा था। सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि चोर बगल में स्थित एक निर्माणधीन मकान के रास्ते उनकी छत में आकर नीचे घुसे और चोरी कर मेन गेट से बाहर भाग निकले। एमएच वारसी के मुताबिक, चोर घर में रखी करीब पच्चीस सौ नकदी, करीब तीन लाख रुपए के जेवरात उठा ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर विधवा का शारीरिक शोषण, रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हुसैनगंज थाना अंतर्गत एक विधवा को शादी का झांसा देकर परिचित दो साल से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब वह गर्भवती हुई, तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला (35) के पहले पति की मौत हो गई थी। पहले पति से उसके दो बच्चे हैं। वह चारबाग रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में पान-मसाला बेचती है। महिला ने बताया कि इस दौरान उसकी मुलाकात रायबरेली जनपद के हरदासपुर गौरीगंज निवासी हरिओम से हुई। हरिओम ट्रेन में रेवड़ी बेचता था। महिला का कहना है कि शादी करने का झांसा देकर हरिओम उसका शारीरिक शोषण करने लगा। जब वह गर्भवती हुई तब आरोपी उससे मारपीट करने लगा। शादी का दबाव देने पर हरिओम के भाई शुभम वैश्य ने उसके पेट में लात मार दी। जिससे उसे रक्तश्राव होने लगा। हालत बिगड़ने पर हरिओम बहनोई जितेंद्र को लेकर उसका गर्भपात करवाने के लिए जबरन प्राइवेट अस्पताल लेकर गया। जहां मौका मिलते ही पीड़िता भाग निकली। इसके बाद महिला ने सम्बन्धित थाने में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

### रूचि शर्मा महिला साथियों संग रालोद में शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा की उपस्थिति में शालिनी सिंह के प्रयासों से कांग्रेस की पूर्व नेत्री रूचि शर्मा अपनी सैकड़ों महिला साथियों के साथ भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के विचारों से प्रेरित होकर तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये रालोद में शामिल हुई।इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव कार्यालय प्रभारी सुरेश कुमार श्रीवास्तव, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव ने सर्वप्रथम नारी शक्ति संगठन ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये तत्पश्चात एक दूसरे का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया।राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सबका राष्ट्रीय लोकदल में स्वागत है। राष्ट्रीय लोकदल के नारी शक्ति संगठन में आज और अधिक ऊर्जा देखने को मिल रही है।

### कोर्ट से करेंगे लक्ष्मण टीला में रिसीवर नियुक्त करने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारत हिन्दू महासभा, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं लक्ष्मण टीला मामले के वादी ऋषि कुमार त्रिवेदी ने लक्ष्मण टीला के विवादित परिसर में बनी मस्जिद में रह रहे मुतवल्ली और उनके भाई के बीच आये दिन झगड़े की आड़ में लक्ष्मण टीला की पुरातत्व निशानियों को मिटाने की कोशिशों का आरोप लगाया है। लक्ष्मण टीला के विवादित परिसर में रह रहे मौलवी के परिवारिक सदस्यों के बीच एक बार फिर सामने आये झगड़े के वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए न्यायिक लड़ाई के वादी ऋषि कुमार त्रिवेदी ने कहा कि लक्ष्मण टीला मामले में न्यायालय से निर्णय आने तक इस विवादित परिसर में रह रहे सभी लोगों को बाहर कर सरकार की निगरानी में रिसीवर नियुक्त करने की मांग करेंगे। मालूम हो कि वादी ऋषि कुमार त्रिवेदी लक्ष्मण टीला में पूजा-पाठ की अनुमति को लेकर निचली अदालत में वाद दायर कर रखा है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि लक्ष्मण टीला के विवादित परिसर में औरंगजेब द्वारा बनायी गयी मस्जिद में रह रहे मुतवल्ली बराबर किसी न किसा काम के बहाने लक्ष्मण टीला परिसर में मौजूद मन्दिर के अवशेषों को नष्ट करने का बराबर प्रयास करते रहते है, इस मामले में कई बार स्थानीय चौक कोतवाली और प्रशासन के साथ-साथ पुरातत्व विभाग को लिखित शिकायत भी की जा चुकी है।

# भाजपा के लिए संविधान सर्वोच्च : योगी

**कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाकर जरूर घोंटा था संविधान का गला**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा ने अंबेडकर के संविधान का हमेशा सम्मान किया है, कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाकर संविधान का गला जरूर घोंटा था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कांग्रेस के आरोप पर पलटवार किया है, जिसमें पार्टी ने कहा था कि भाजपा सत्ता में आने के बाद संविधान को बदल देगी।

उन्होंने कहा कि यह भाजपा है, जिसने हमेशा अंबेडकर के संविधान के विचार का सम्मान किया है और उसमें विश्वास किया है। कांग्रेस ने अतीत में बार-बार संविधान का गला घोंटने की कोशिश की है।योगी ने कहा, इससे बड़ा झूठ कुछ नहीं हो सकता। लोग कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के इतिहास से अवगत हैं। यह कांग्रेस ही है जिसने 1950 में संविधान लागू होने के बाद उसका गला घोंटने की कोशिश की थी। कई बार उसने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कम करने की कोशिश की। कांग्रेस के लोग हमेशा सत्ता की परवाह करते थे। आपातकाल को लोग नहीं भूले हैं। यूपीए सरकार के दौरान भी सच्चर और रंगनाथ समिति की रिपोर्ट के बहाने अल्पसंख्यकों को पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण देने की कोशिश की थी। भाजपा ने हमेशा बीआर अंबेडकर द्वारा बताए गए संविधान का सम्मान किया है। भाजपा के लिए हमारा संविधान सर्वोच्च है। हम बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा निर्धारित दृष्टिकोण और आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता अपने नेतृत्व पर भी भरोसा नहीं कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा, उनके लोग लगातार मैदान छोड़ रहे हैं। कहीं उनके प्रदेश अध्यक्ष इस्तीफा दे रहे हैं तो कहीं उनके उम्मीदवार खुद अपनी उम्मीदवारी वापस लेकर बीजेपी में शामिल हो रहे हैं और कहीं जानबूझ कर पर्चा भर रहे हैं। सोमवार को संविधान की प्रति दिखाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान को फिर से लिखने और आरक्षण को खत्म करने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान को बचाने का प्रयास कर रही है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक सार्वजनिक बैठक में राहुल गांधी ने कहा, ये चुनाव सामान्य चुनाव नहीं हैं। ये विचारधाराओं के बीच लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी है, इंडिया ब्लॉक है और दूसरी तरफबीजेपी है। यह चुनाव संविधान को बचाने के लिए है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस इंडिया के प्रमुख घटक दल कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, देश के इस सबसे पुराने राजनीतिक दल का इतिहास ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का गला घोंटने का रहा है।

### देश से संविधान मिटाना है बीजेपी का काम : पीएल पुनिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अब से कुछ देर पहले कांग्रेस मुख्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान मीडिया से मुखातिब पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा देश से संविधान को मिटाना चाहती है। सौ फीसदी निजीकरण की पक्षधर भाजपा कानून में बदलाव कर आरक्षण के प्रावधान को खत्म कर देगी। ये चुनाव में नारा देते हैं कि अबकी बार 400 पार, लेकिन असल में इनके खुद के मंत्री और नेता आरक्षण को खत्म करने के लिए अभी से बयान दे रहे हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि साल 2011 में हमारी सरकार और सहयोगी दलों ने जातिगत जनगणना करने का मसौदा तैयार करने की पहल की थी। लेकिन आज तक भाजपा इसे आगे बढ़ाने में असफल है। पीएल पुनिया ने कहा कि हमारी सरकार आते ही जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण किया जा रहा है। जिसके बाद आरक्षण की व्यवस्था खत्म हो जाएगी आउटसोर्सिंग में भी आरक्षण की सुविधा नहीं है। संयुक्त सचिव स्तर की भर्ती सीधी होती है। केंद्र ने लेटरल इंट्री में एक भी एससी, एसटी और ओबीसी को नहीं रखा है।

# टीले वाली मस्जिद में सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर विवाद

**प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद सुलझाया गया पूरा मामला**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ की प्रसिद्ध टीले वाली मस्जिद का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें मस्जिद के इमाम मौलाना फजले मन्नान और उनके छोटे भाई मौलाना वासिफ शाह दोनों भाइयों के बीच जमकर नोकझोंक हो रही है। मौलाना फजले मन्नान के छोटे भाई वासिफ शाह एक सीढ़ी लेकर इधर-उधर जा रहे हैं। जिसका मौलाना फजले मन्नान विरोध कर रहे हैं और उन्हें रोकने का प्रयास कर रहे हैं। वायरल वीडियो लगभग एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है। जिसमें मौलाना फजले मन्नान और उनके छोटे भाई मौलाना वासिफ शाह के बीच विवाद हो रहा है।

वायरल वीडियो लगभग 5 मिनट की है, वीडियो में दोनों भाई एक दूसरे से जमकर कहासुनी और धक्का मुक्की कर रहे हैं। वीडियो के संबंध में मौलाना फजले मन्नान ने बताया कि ये वीडियो एक सप्ताह पुरानी है जिसमें उनके भाई के द्वारा मस्जिद के प्रांगण में निजी सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे थे जिसका उन्होंने विरोध किया मगर छोटे भाई वासिफ शाह ने उनकी बात सुनने से इनकार कर दिया। वही इस पूरे मामले को लेकर वासिफ शाह का कहना है कि वह सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे लगवाना चाह रहे थे मगर उनके भाई ने उनके साथ बदसुलूकी किया जिसका उन्हें बहुत अफसोस है। सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले इस पूरे प्रकरण को प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद सुलझाया गया। वायरल वीडियो को लेकर मुस्लिम समुदाय में काफी नाराजगी देखी जा रही है लखनऊ के मुसलमानों का कहना है कि मस्जिद किसी की निजी संपत्ति नहीं है इसलिए यहाँ किसी को निजी कार्य करने की अनुमति नहीं होनी चाहिए, साथ ही लोगों ने मौलाना और उनके भाई के बीच के विवाद को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा कि ये आम जनता के लिए बेहद निराशाजनक है अगर धर्म गुरु आपस मे ही इस तरह का विरोध करेंगे तो आम जनता में क्या संदेश जाएगा।

# पूरा हो रहा है अबकी बार 400 पार का लक्ष्य : भूपेंद्र सिंह चौधरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की नीति से प्रभावित होकर भाजपा को समर्थन की घोषणा की।



भारतीय जनता पार्टी के समर्थन की घोषणा करने वाले सामाजिक न्याय नवलोक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लेखराज सिंह तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ गोंड ने अपने पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने संगठनों का समर्थन पत्र सौंपते हुए अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूर्ण करने में अपनी सहभागिता की प्रतिबद्धता प्रकट की। सामाजिक न्यायनवलोक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप निषाद हैलीकाप्टर बाबा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरूण कुमार, अतर सिंह तोमर, प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश निषाद तथा प्रदेश महामंत्री सत्येन्द्र कुमार सोलंकी तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विकास के ऐजेंडे को लेकर चुनाव में जनता के बीच है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर विकसित भारत के संकल्प से जुड़कर विभिन्न राजनैतिक दलों ने भाजपा को समर्थन करने का निर्णय लिया है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की विचारधारा का समर्थन करने वाले सभी दलों का स्वागत व अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ काम करेंगे। पिछले 2 चरणों के चुनावों से स्पष्ट है कि अबकी बार 400 पार का लक्ष्य पूर्ण हो रहा है।

## जंगल में लगी आग ट्रैक्टर-ट्रॉली जलकर राख, चालक ने कूदकर बचाई जान

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के पुरसैनी गांव के बाहर जंगल में मंगलवार दोपहर आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। इसी बीच रास्ते से गुजर रहे एक ट्रैक्टर ट्रॉली भी आग की चपेट में आ गया। चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई और फायर बिग्रेड को सूचना दी। आग लगने से चालक मामूली रूप से झुलस गया हैं। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक ट्रैक्टर और ट्राली जलकर राख हो चुका था। हीरामन खेड़ा निवासी राजू रावत मंगलवार दोपहर करीब दो बजे ट्रैक्टर ट्रॉली से गोपाल खेड़ा गांव में भूसा उतार कर वापस घर लौट रहा था। वह पुरसैनी गांव के बाहर जंगल के पास पहुंचा तो देखा कि आग लगी थी और धुआं के गुबार उठ रहे थे। इसी बीच रास्ते से निकलने के दौरान वह आग की चपेट में आ गया। जिसके बाद चालक राजू ने कूदकर अपनी जान बचाई। जब तक वह कुछ समझता तब तक वह मामूली रूप से झुलस चुका था। सूचना पाकर मौके पर पीजीआई फायर स्टेशन से पहुंची तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया।

# एजेन्सियां व उड़नदस्ते जब्त कर रहे शराब व नकदी

समृद्धि न्यूज



**एक मार्च से 29 अप्रैल तक 33040.79 लाख रुपए कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त**

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 29 अप्रैल 33040.79 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये।

इसमें 3221.38 लाख रुपये नकद, 4633.01 लाख की शराब, 21827.79 लाख की ड्रग, 2193.07 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1165.54 लाख रुपये की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों ने 29 अप्रैल को 153.19 लाख की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की। इसमें 13.13 लाख रुपये नकद धनराशि, 49.17 लाख रुपये कीमत की 18789.69 लीटर शराब, 72.24 लाख रुपये कीमत की 181331.64 ग्राम ड्रग एवं 9.50 लाख की 10.19 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 9.15 लाख की 1831 सामग्री जब्त हुई।29 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में सुल्तानपुर की सुल्तानपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25.94 लाख की 679 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

### आयोग के निर्देशों का कड़ाई से हो रहा पालन


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 438 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1821 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 29 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4692 शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांतिभंग की आशंका में 26,15,170 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 22,10,921 लोग पाबन्द किये गये है।पुलिस विभाग ने 8150 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8257 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 455 बम बरामद कर सीज किये और अवैध शस्त्र बनाने वाले 3492 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 152 केन्द्रों को सीज किया। 29 अप्रैल को पुलिस विभाग ने सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 25,344 लोगों को पाबन्द किया। 82 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 89 कारतूस व 16 बम बरामद कर सीज किये। पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने वाले 48 केन्द्रों पर रेड डाली।

# बिना भेदभाव सबको मिल रहा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : मेनका

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/सुलतानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका गांधी ने मंगलवार को प्रातः गुरु अर्जुन देव के जन्मदिन गुरुद्वारा पहुंची। वह कीर्तन में शामिल होने के साथ मत्था टेका। उन्होंने गुरु अर्जुन देव का अपना गुरु बताया।

विपक्ष के आरक्षण खत्म होने के आरोप पर मेनका गांधी ने मीडिया से कहा कि ओबीसी और अनुसूचित जाति का आरक्षण यूं ही जारी रहेगा। वरुण गांधी के राजनीतिक भविष्य पर मेनका गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद इस दिशा में देखा जाएगा। सदर विधानसभा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं वादा नहीं काम करने पर विश्वास करती हूं। सरकार



की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सबको मिल रहा है। सरकार ने गरीबी दूर करने की प्रभावी पहल की है। मेरा कार्यकर्ता मेनका गांधी बनकर हर बूथ पर 65 प्रतिशत वोटिंग कराना सुनिश्चित करें।

श्रीमती गांधी ने अपनी तमाम उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि 600 करोड़ रुपये से जिले की विद्युत व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर व विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है। आज दुनिया में भारत की जय-जयकार हो रही है। नुक्कड़ सभाओं को काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू, विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, ब्लॉक प्रमुख नवनीत सिंह सोनू आदि ने संबोधित किया।

वक्ताओं ने सांसद मेनका के कार्यशैली व कर्मठता सराहना की। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया की मंगलवार को सांसद श्रीमती गांधी ने सदर जयसिंहपुर विधानसभा में लोकेपुर, सेउर चमुरखा, खरसोमा, सारंगपुर, दर्जीपुर, धूंधू, पीढ़ी, परसड़ा, गुड़बड़, बहरी, बिरसिंहपुर, खोजापुर, माधोपुर छतौना एवं शहर के गोलाघाट अस्पताल की गली में श्री रामबाल विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

**वर्चस्व** | **भाजपा ने मोहन यादव को मध्य प्रदेश का सीएम बनाकर यादव वोट बैंक में दरार डालने का बिछाया जाल**

# मुलायम के बिना यादव लैंड में तय होगा अखिलेश का रसूख

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बिना समाजवादी पार्टी पहली बार लोकसभा चुनाव के समर में उतरी है। हालांकि मुलायम के निधन के बाद मैनपुरी में हुआ उप चुनाव डिंपल यादव ने जीता था, तब परिवार में एका हुआ था और चाचा-भतीजा, शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव ने साथ आकर नेताजी की विरासत बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया था। लेकिन अब पार्टी के प्रदर्शन का पूरा दारोमदार अध्यक्ष अखिलेश यादव के कंधे पर है। ऐसे में यह चुनाव सपा के परंपरागत वोटरों को साथ रखने के साथ प्रदेश में श्यादव लैंड कही जाने वाली लोकसभा की 10 सीटों पर तेज



रफ्तार में साइकिल दौड़ाने का भी है।

उत्तर प्रदेश में मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, कन्नौज, जौनपुर, फैजाबाद, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया लोकसभा सीटें यादव बहुल मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें यादव लैंड कहकर भी पुकार जाता है। अब इन सीटों के चुनावी परिणाम ही प्रदेश और देश में अखिलेश यादव का सियासी रसूख और भविष्य तय करेंगे। यह भी साफ हो जाएगा कि मुलायम के बाद यादव समाज कितनी बड़ी संख्या बल के साथ अखिलेश की नुमाइंदगी कुबूल करता है, क्योंकि भाजपा ने यादव बहुल सीटों पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को उतारकर अखिलेश के यादव वोट बैंक में दरार डालने का पूरा जाल बिछा रखा है।

**मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, कन्नौज, जौनपुर, फैजाबाद, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया लोकसभा सीटें मानी जाती हैं यादव बहुल**

वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में सपा ने 26 सीटें जीती थीं। इनमें यादव लैंड की मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं और आजमगढ़ की सीटें शामिल थी। जौनपुर भाजपा के हिस्से में आई थी। 2004 में सपा के 37 सांसद चुने गए थे। मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं, जौनपुर लोकसभा सीटों पर सपा ने विरोधियों को पछाड़ दिया था। इस चुनाव में फैजाबाद और आजमगढ़ से बसपा जीती थी। हालांकि 2009 के चुनाव से सपा का जनाधार खिसकने लगा। इस चुनाव में सपा ने 21 सीटें जीतीं। लेकिन इनमें यादव लैंड की केवल तीन मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद लोकसभा सीटें शामिल थी। हालांकि एटा से सपा समर्थित उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जीते थे। फिरोजाबाद सीट पर अखिलेश यादव के इस्तीफा देने से उपचुनाव हुआ तो कांग्रेस के राज बब्बर ने जीत दर्ज कर ली थी। उन्होंने अखिलेशकी पत्नी डिंपल यादव को हरा दिया था। इस चुनाव में मैनपुरी से मुलायम सिंह यादद और आजमगढ़ से अखिलेश यादव ही चुनाव जीत पाए। वहीं वर्ष 2022 के लोकसभा उपचुनाव में आजमगढ़ सीट पर भाजपा ने जीतकर कमल खिला दिया। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह अन्य पिछड़ी जातियां भाजपा की ओर एकजुट हुई उससे सपा को विजय दिलाने वाले मुस्लिम यादव समीकरण का प्रभाव कम हो गया। इसीलिए इस बार के चुनाव में अखिलेश यादव ने जनाधार बढ़ाने के लिए पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूला तैयार किया है। अब इसकी परीक्षा होनी है।

# मतदाता जागरूकता के लिए होगी मैराथन दौड़

**डीएम की अभिनव पहल, जनपद के लिए साबित होगी मील का पत्थर मशाल धारक प्रत्येक धावक लगाएगा 01 कि.मी. की दौड़**



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर भारत नेपाल सीमा परिक्षेत्र में 04 मई 2024 को 110 कि.मी. वृहद रिले मशाल मैराथन दौड़ का आयोजन किया जायेगा। यह रिले मैराथन मशाल दौड़ सीमावर्ती विकास खण्डों मिहींपुरवा, बलहा तथा नवाबगंज के भिन्न-भिन्न स्थानों से प्रारम्भ होकर सआदत इण्टर कालेज नानपारा में जनसभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगी। जहां पर प्रतिभागियों को मतदाता शपथ दिलाये जाने के साथ-साथ प्रमाण-पत्र एवं शील्ड का वितरण भी किया जाएगा।

110 कि.मी. की वृहद रिले मशाल मैराथन दौड 11-11 कि.मी. के खण्डों में विभाजित रहेगी। विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत लखीमपुर बार्डर पर स्थित ज़ालिमनगर पुल से नैनिहा तक एवं नैनिहा से मटिहा मोड़ तक, इसी प्रकार विकास खण्ड नवाबगंज अन्तर्गत शिवपुर मोहरनिया से भारत-नेपाल बार्डर रूपईडीहा तक, खैरहनिया से भारत-नेपाल बार्डर रूपईडीहा तक, भारत नेपाल बार्डर रूपईडीहा से एस.एस.बी. कैम्प अगैय्या तक तथा देवरा से एसएसबी कैम्प अगैय्या तक जबकि विकास खण्ड बलहा अन्तर्गत नानपारा बाईपास तिराहा से रजवापुर, नानपारा बाईपास तिराहा से एसएसबी कैम्प अगैय्या तक, एसएसबी कैम्प अगैय्या से नानपारा बाईपास तिराहा तक तथा रजवापुर से मटिहा मोड़ तक रिले मशाल मैराथन दौड आयोजित होगी। जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 110 कि.मी. वृहद रिले मशाल मैराथन दौड़ की कैप्टन प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर होंगी। मैराथन दौड़ के सफल आयोजन के लिए विकास खण्ड बलहा हेतु उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही व परियोजना निदेशक डीआरडीए राज कुमार को नाडल तथा बीडीओ व बीईओ बलहा, डीओ पीआरडी व क्रीड़ाधिकारी को सह नोडल अधिकारी नामित किया गया है। ब्लाक मिहींपुरवा हेतु उपायुक्त श्रम रोज़गार के.डी. गोस्वामी व डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी को नोडल तथा बीडीओ व बीईओ मिहींपुरवा, डीओ पीआरडी व क्रीड़ाधिकारी को सह नोडल तथा ब्लाक नवाबगंज हेतु जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय व उपायुक्त स्वतः रोज़गार दीपक कुमार सिंह को नोडल एवं बीडीओ व बीईओ नवाबगंज, डीओ पीआरडी व क्रीड़ाधिकारी को सह नोडल अधिकारी नामित किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि समारोहपूर्वक आयोजित होने वाली मैराथन दौड़ में प्रथम धावक द्वारा एक कि.मी. की दूरी तय करने के उपरान्त दूसरा धावक अपने हाथों में मशाल थाम कर आगे की दौड़ प्रारम्भ कर देगा जबकि दौड़ पूरी करने वाले धावक को साथ में चल रहे वाहन पर बैठा दिया जायेगा। डीएम ने बताया कि दौड़ के दौरान वाहनों पर देशभक्ति व मतदाता जागरूकता गीत धावकों का उत्साह बढ़ाते रहेंगे। मैराथन दौड़ के दौरान धावकों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी तथा स्वास्थ्य की देखभाल एम्बुलेन्स भी मौजूद रहेगी। डीएम ने बताया कि सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने क्षेत्रान्तर्गत 01-01 कि.मी. की दूरी पर चूने से मार्किंग कर दें तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि धावक प्रातः 05:45 बजे तक लाईनअप हो जाएं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समाज के सभी वर्गों के स्त्री, पुरूष व युवाओं, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, प्रबुद्धजन, मीडिया कर्मी, गैर सरकारी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों, खिलाड़ियो, दिव्यांगजन, नवीन व बुजुर्ग मतदाताओं, जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में 04 मई 2024 को भारत नेपाल सीमा परिक्षेत्र में 110 कि.मी. वृहद रिले मशाल मैराथन दौड़ में प्रतिभाग कर आयोजन को सफल बनायें।



## जिला निर्वाचन कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला निर्वाचन कार्यालय बहराइच का निरीक्षण कर कार्यालय में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत संचालित कार्यो का जायजा लेते हुए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव व अन्य स्टाफ से मतदाता पर्चियों की उपलब्धता इत्यादि की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीएम ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर में प्रस्तावित विधानसभा वार ईवीएम मशीनों के कमिशनिंग कार्य के लिए भारत निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुसार फुलप्रूफ व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के भी निर्देश दिये। डीएम ने वेयर हाउस में रखे गये ईवीएम मशीनों के रख-रखाव एवं सुरक्षा का भी जायजा लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम/ईवीएम प्रभारी कमला शंकर तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। सामान्य व पुलिस प्रेक्षक ने गल्ला मण्डी परिसर का किया निरीक्षण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय व पुलिस प्रेक्षक ने के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर बहराइच का निरीक्षण कर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन को सुरक्षित रखने के लिए चिन्हित स्ट्रांग रूम का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# बालश्रम प्रथा विरोध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को प्रथम संस्था के तत्वाधान मे बाल श्रम के विरूद्ध व शिक्षा जागरूकता के लिए बालश्रम प्रथा विरोध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन शिवपुर ब्लॉक के कस्तूरबा गाँधी विद्यालय मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती बंदना से किया गया। तथा बच्चों द्वारा बाल श्रम पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों के साथ गतिविधि /सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने के बाद संवाद कार्यक्रम किया गया। जिसमे बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। संस्था द्वारा बाल अधिकार, बालश्रम,और बाल तस्करी पर चर्चा कर समझाया गया व बच्चों का उत्साह वर्धन किया। तथा बच्चों के साथ होने वाली किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि पर स्कूल अध्यापक, माता पिता अथवा 1098 या 112 पर शिकायत करने के लिए समझाया। इसके साथ रेलवे स्टेशन पर हस्ताक्षर अभियान किया गया जिसमे बाल श्रम के विरोध मे अपना विरोध लोगों ने हस्ताक्षर कर दर्ज कराया व अपने अपने तरफ से बाल श्रम नहीं होना चाहिए ऐसा लिखा गया ये संदेह दूर दूर तक गया। कार्यक्रम मे शिवपुर ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, थाना खैरीघाट से पुलिस अधिकारी, कस्तूरबा गाँधी के अध्यापक व अध्यपिका ग्राम पंचयात बेहड़ा के ग्राम प्रधान रेलवे स्टेशन से आरपीएफ व जीआरपी, प्रथम संस्था से अश्विनी सिंह, राकेश चौबे, रेखा देवी, पवन कुमार व गोपीचंद उपस्थिति रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत, मेडिकल कॉलेज में भर्ती

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शहर के बहराइच नानपारा मार्ग पर उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया जब आमने सामने दो बाइको की भिड़ंत हो गयी। भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों बाइको के परखच्चे उड़ गए दोनों बाइकों पर सवार युवकों को गंभीर चोटें आई है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। शहर के दरगाह थाना क्षेत्र के बहराइच नानपारा मार्ग के काजीकटरा मोहल्ले के पास आमने सामने दो बाइको की भिड़ंत हो गयी भिड़ंत का लाइव वीडियो सामने आया हैं। भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए वही मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक सवारो को शहर के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहाँ उनका इलाज चल रहा है। रामगांव थाना क्षेत्र के कालेपुरवा चौपाल सागर निवासी रामू ने बताया कि वह बहराइच के छावनी बाजार अपने घर से सोमवार रात को आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गयी। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा। इस मामले में दरगाह थाने के प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर नही मिली है। अगर कोई शिकायती पत्र मिलता है तो जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# गायत्री विद्यालय में हाईस्कूल-इंटर के मेधावी हुए सम्मानित



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के जरवल रोड में स्थित गायत्री विद्यालय में मंगलवार को हाईस्कूल व इंटर कॉलेज के मेधावियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बीआरसी जरवल के एआरपी कल्पना मिश्रा और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कृष्ण कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने अच्छे अंक लाने वाले मेधावियों को अंग वस्त्र व माला पहना कर सम्मानित किया।गायत्री विद्यालय जरवल रोड में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता रामराज सिंह ने की। मुख्य अतिथि कल्पना मिश्रा ने कहा कि मेधावी छात्र-छात्राएं बोर्ड की परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण कर माता-पिता और शिक्षकों व विद्यालय परिवार का मान बढ़ाया है। विद्यालय के समन्वयक पंकज तिवारी ने विद्यालय के शिक्षक दीप शिखा मिश्रा नीता गांधी, सरोज राव, रंजना सिंह, सुरभि पाठक, ज्योति गुप्ता आदि अध्यापकों का बच्चों को पढ़ाई कराने में प्रयासों की सराहना की।

बताया कि हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में शुभम वर्मा 95 प्रतिशत, निराली सिंह 94.9 प्रतिशत, महक गुप्ता 93.8प्रतिशत, इज्मा सायरा 89.1 प्रतिशत ,इंटर की परीक्षा में स्मिता गुप्ता 91.4 प्रतिशत, प्रथा सिंह 91.2 प्रतिशत ,समा बानो 90.8 प्रतिशत, अनस खान 85.9 प्रतिशत, आदि छात्राओं को सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। अंग वस्त्र देकर कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी ओमप्रकाश अवस्थी, आरपीएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण श्रीवास्तव, अध्यापक विनीत सिंह, मनोज मिश्रा, गिरीश यादव ,बालिकानंद तिवारी आलोक मिश्रा, हरिश्चंद्र गुप्ता, सोनू शुक्ला आदि शामिल रहे।

## थ्रेसर मशीन से कटा मासूम का हाथ



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के खसहा मोहम्मदपुर गांव निवासी एक ग्रामीण के यहां गेहूं दवाई होने के बाद थ्रेसर मशीन बंद हो रही थी। इसी दौरान बालक का हाथ मशीन में चला गया। जिससे उसका हाथ कटकर अलग हो गया। उसे गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है।राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खसहा मोहम्मदपुर गांव निवासी राम नरेश के मकान के बगल में सोमवार को गेहूं दवई का काम थ्रेसर मशीन से चल रहा था। गेहूं दवांई होने के बाद मशीन बंद होने लगी। इसी दौरान राम नरेश का बेटा अमित (10) आया। उसने थ्रेसर मशीन में अपना दायां हाथ डाल दिया। जिससे उसका हाथ मशीन में कटकर अलग हो गया। परिवार के लोग अलग हुए हाथ और बालक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। रात 11 बजे डॉक्टर शहीर खान ने इलाज शुरू किया। लेकिन इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर बालक को लखनऊ रेफर कर दिया। डॉक्टर के मुताबिक बालक की हालत गंभीर है।

# सड़क हादसे में महिला समेत दो की मौत, एक घायल



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- लखनऊ-बहराइच मार्ग पर जरवल जा रही महिला की हादसे में हुई मौत

जिले के कोतवाली देहात और सुजौली थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत हो गई। जबकि महिला का चचेरा घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर के बंदरिया बाग घोसियाना निवासी खुशनुमा (23) पत्नी इकबाल अपने चचेरे देवर सोनू पुत्र उस्मान के साथ बाइक से मंगलवार को जरवल जा रही थी।कोतवाली देहात के लखनऊ बहराइच मार्ग पर गोलवाघाट पुल के पास बाइक में ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गई। जबकि देवर घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

उधर सुजौली थाना क्षेत्र के मोटे बाबा स्थान पर सोमवार शाम को बाइक और चार पहिया वाहन में टक्कर हो गई थी। जिसमें पांच लोग घायल हुए थे। घायल झगरु प्रसाद की जिला अस्पताल में रात को इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि घनश्याम और प्रेमा देवी समेत अन्य का इलाज चल रहा है।



## हाईटेंशन से निकली चिंगारी से लगी आग, भूसा जलकर राख

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 बोटनपुरवा में तेज हवा के चलते हाई टेंशन के दो तार आपस में चिपक गए थे।जिससे निकली चिंगारी से वार्ड वासियों के खेतों में पड़ा भूसा जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पाकर पहुंचे वार्ड के सभासद प्रतिनिधि राजू रावत द्वारा घटना की सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। कुछ ही देर बाद घटनास्थल पर पहुंचे दमकल कर्मियों एवं वार्ड वासियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस अग्निकांड में कुड़वा निवासी मिथिलेश कुमार पुत्र पटवारी का 5 बीघा भूसा एवं सुशील कुमार पुत्र संतराम का 3 बीघा भूसा जलकर राख हो गया है।

# शिक्षकों ने मतदान के लिए किया जागरूक

- रैली को सीडीओ ने हरी झंडी दिखवाकर किया रवाना

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अभियान के तहत बाइक रैली निकाली गई। मंगलवार को तेजवापुर ब्लाक संसाधन केंद्र की ओर से शिक्षक - शिक्षिकाओं ने बाइक रैली निकाली। मतदाता जागरूकता अभियान की रैली का शुभारंभ टिकोरा मोड़ से हुआ। रैली को सीडीओ राम्या आर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली टिकोरा मोड़ से मानपुरवा, मोगलहा, चेतरा,बेडनापुर होते हुए बेडनापुर बीआरसी पर आकर समाप्त हुई। शिक्षकों ने बाइक रैली निकालकर लोगों से चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। रैली में शामिल शिक्षकों ने मतदान की अपील वाले स्लोगन लिखी तख्तियां के माध्यम से लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दिन मतदान केंद्र पर पहुंचकर सबसे पहले मतदान करने का जागरूकता सन्देश दिया। सीडीओ राम्या आर व महसी एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने 13 मई को मतदान के लिए शिक्षक - शिक्षिकाओं को प्रेरित किया कि मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करके शत् प्रतिशत मतदान कराने कि अपील की। बीएसए अव्यक्तराम तिवारी ने शिक्षक - शिक्षिकाओं को मतदान की शपथ दिलाई।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव, बीईओ अखिलेश कुमार वर्मा,शिक्षक आनंद पाठक, विजय उपाध्याय, भुवनेश्वर पाठक, प्रदुम्न पांडेय, अविनाश शर्मा ,राजकमल, पवन वर्मा, अखिलेश यादव समेत सैकड़ों शिक्षक - शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# बहराइच में 13 मई व कैसरगंज लोकसभा के लिए 20 मई को होगा मतदान

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई 2024 तथा 57-कैसरगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से मंगलवार को केडीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट,बेड़नापुर में मतदाता जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट के बीएड,डी. फार्मा, एलएलबी के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान पीजी कॉलेज के प्रबंध तंत्र सचिव डॉ. एस. पी. सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला कार्यवाह आरएसएस भूपेंद्र सिंह,खण्ड संघ चालक तेजवापुर महेन्द्र मिश्रा रहे।चौपाल को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. एस. पी.सिंह ने बीते दो चरणों मे गिरते मतदान प्रतिशत पर गहरी चिंता जताई।उन्होंने कहा हम लोगो के पास अभी भी अवसर है आगामी 13 मई व 20 मई को घर से बाहर निकलकर शत प्रतिशत मतदान में योगदान करें।जनपद में मतदान प्रतिशत को शत प्रतिशत करना है स्वयं के साथ आस-पड़ोस, समाज व परिवार के लोगो को मतदान के लिए जागरूक करना है। विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सिंह ने छात्रों से अपील की कि लोकतंत्र के महापर्व में हम सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी है।हम सभी के पास वोट की ताकत है।एक वोट देकर व सभी से दिलवाकर इस पर्व में आहुति अवश्य डाले।उपस्थित छात्रों व शिक्षकों ने शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली एवं मतदान में बढ़ चढ़कर सहभागिता करने के लिए आश्वस्त किया।

# देवीपाटन मुक्ति मोर्चा से अरुणिमा ने किया नामांकन

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



देवीपाटन मंडल मुक्ति मोर्चा से पूर्व घोषित प्रत्याशी अरुणिमा पाण्डेय ने मंगलवार को प्रस्तावक व समर्थकों के साथ गोण्डा लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री मती पाण्डेय कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से बुधवार को पूर्वान्ह में नामांकन पत्र दाखिल करेगी।

नामांकन के उपरांत रिटर्निंग अफीसर ने श्रीमती पाण्डेय को आदर्श चुनाव संहिता का निष्ठा पूर्वक पालन का शपथ दिलाया। श्रीमती पाण्डेय ने नामांकन के उपरांत कचेहरी परिसर में उपस्थित समर्थकों अधिवक्ताओं से वार्ता करते हुए कहा कि आजादी के बाद कमजोर नेतृत्व के कारण देवीपाटन मंडल का समुचित विकास नही हुआ और कृषि सहित रोजी रोजगार के व्यवस्था न होने के कारण युवाओं को दर दर भटकना पड रहा है। अरुणिमा पाण्डेय ने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि वह बच्चों के लिए समुचित शिक्षा युवाओं के पलायन रोकने के लिए रोजगार क्षेत्र में लघु उद्योगों की स्थापना सभी को चिकित्सा महिलाओं का सम्मान सुरक्षा व शहर में सीवर लाइन की स्थापना कराने के लिए चुनाव में उतरी हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें लोकसभा क्षेत्र में आम नागरिकों व युवाओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वह लोकसभा कैसरगंज क्षेत्र से बुधवार को पूर्वान्ह साढे 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

नामांकन के समय प्रत्याशी प्रतिनिधि राजकुमार पाण्डेय,प्रेम कुमार पाण्डेय, देवनाथ मिश्र , केदार नाथ मिश्र, राघवेन्द्र प्रताप, अखिलेश्वर पाठक, अरुण पाण्डेय, नवदीप पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार मिश्र पंकज, आदर्श मिश्र, शिवकुमार सेन, कुसुम मिश्रा, अंजली मिश्रा, प्रभावती, अंकिता आदि मौजूद रहे।

# खराब हैंडपंप के कारण नहीं बुझ रही क्षेत्रीय जनता की प्यास

नवाबगंज /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़



गर्मी शुरू होतै ही पानी की किल्लत ज्यादा बढ़ती जाती है गड़ौली गांव के गणेश प्रसाद पांडे के दरवाजे के पास लगा हुआ इंडिया मार्का नल इस तपती चैत माह के महीने में परेशानी का कारण बना हुआ है जिसके कारण लोग निजी नल का सहारा लेने में मजबूर हैं ।

यह नल दो पाइप के सहारे किसी तरह चलकर अपनीअंतिम सांस तोड़ रहा है, जो विभागीय निष्क्रियता का शिकार बन रहा है और लोगों को प्रदूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस नल में पाइप बदलने की परम आवश्यकता है। इसमें पानी निकालने के लिए सैकड़ो बार नाल चलना पड़ता है तो थोड़ा बहुत पानी दे देता है, इसकी शिकायत भी की गई परंतु विभागीय लोग कान की नली सीधा करके कागजों में खानापूर्ति करके इसकी इति श्री कर देते हैं। देखना अब यह है स्थानीय प्रशासन कब इस कुंभकरणी निद्रा से जागेगा , कौन जगाएगा यह एक विचारणीय प्रश्न है।

## सड़क हादसे में हिरण की मौत, वन कर्मियों ने किया अंतिम संस्कार

**इटियाथोक/गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कस्बे से सटे पारासराय पंचायत स्थित तिवारी धर्मकांटा के समीप गोंडा बलरामपुर राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक हिरन की अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और वन विभाग के कर्मचारियों नें पंचनामा भरवाकर मृत हिरण का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार करा दिया। बता दें कि वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से क्षेत्र के ज्यादातर तालाब पोखरे सूख चुके हैं। जंगली जानवर पानी की तलाश में इधर उधर भटकते हुए ग्रामीण क्षेत्र में आकर अक्सर कुत्तों के हमले व सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं।

# व्यवसायी के आंखों में मिर्च डाल लूटे 40 हजार

नवाबगंज/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़




- लुटेरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू

सर्राफा व्यवसायी से दुकान बंद करके घर आते समय लुटेरों ने रास्ते में आंख में मिर्ची झोंक कर चालीस हजार रुपये नगद, तिजोरी चाभी और कीमती कागजात तमंचा दिखाते हुए लूट कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुऐ जांच शुरू कर दी है। सरे राह हुई लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त विवरण के अनुसार अमित कुमार सोनी पुत्र जग प्रसाद सोनी निवासी मोहल्ला संचरही निवासी है। थाना क्षेत्र नवाबगंज के कोल्हमपुर बाजार में बर्तन और ज्वैलरी की दुकान करते हैं। सोमवार की देर शाम दुकान बंद करके अमित अपने परिचित दुकानदार सतीश कुमार पाठक पुत्र रामचंद्र पाठक निवासी ग्राम पटखौली, हाल पता सिरसा कॉलोनी नवाबगंज के साथ अपने घर की तरफ आ रहे थे। तभी पर्वती गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार लुटेरों ने अमित की बाइक को रास्ता पूछने के बहाने रोका। तभी लुटेरों ने दोनो लोगों के आंख में मिर्ची झोंक कर गाड़ी की डिगगी मे रखा चालीस हजार रुपए नगद, तिजोरी की चाभी, और कीमती कागजात लेकर तमंचा दिखाते हुए फरार हो गए। घटना से भयभीत अमित ने स्थानीय और अपने परिचित लोगों को मदद के लिए बुलाया और पुलिस को सूचना दी। फिलहाल सरे राह हुई लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। दूसरी ओर अमित कुमार सोनी की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने दो अज्ञात लुटेरो के विरुद्ध सम्बन्धित धारा मे मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

# मथुरा गांव में प्रभारी निरीक्षक ने चौपाल लगाकर किया जागरूक

**चौकी इंचार्ज माधवपुर बोले सभी लोग आदर्श आचार संहिता का पालन करें,अवांछनीय तत्वों पर है प्रशासन की नजर**

कटरा बाजार/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़



थाना क्षेत्र के मथुरा गांव में प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा बाजार व चौकी इंचार्ज माधोपुर ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है।

यह मतदान हमारा अधिकार व कर्तव्य दोनों हैं,बिना लालच व दबाव के स्वतंत्र रूप से आप सभी मतदान करें,यदि कोई व्यक्ति डरा-धमकाकर वोट लेने का प्रयास करता है तो तत्काल इसकी सूचना निर्वाचन आयोग के नंबर पर दर्ज कराएँ या स्थानीय पुलिस को तत्काल सूचित करें। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कटिबद्ध है।

चौकी इंचार्ज माधवपुर प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि सभी लोग आदर्श आचार संहिता का पालन करें, अवांछनीय तत्वों पर प्रशासन की नजर लगी हुई है आप सभी निर्भीक होकर मतदान करें। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय कुमार गुप्ता, चौकी इंचार्ज पुलिस चौकी माधोपुर प्रमोद कुमार सिंह,कांस्टेबलअभिषेक प्रजापति, कांस्टेबल नंदलाल कुमार गौड़, कांस्टेबलअभिषेक पांडेय, चालक जय प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान राजकुमार सिंह, रामनारायन गौतम, अमरनाथ सिंह,प्रताप नारायण सिंह, रूद्रपाल सिंह,राधेश्याम राव आदि मौजूद रहे।

# सीवर टैंक में काम करने उतरे कर्मचारी की मौत



रायबरेली। समृद्धि न्यूज

नगर पालिका एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है । सीवर टैंक के नीचे काम करने के लिए उतरे अधेड़ कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई है। गंभीर अवस्था में सफाई कर्मचारी को गड्ढे से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों व नगर पालिका कर्मचारियों में नगर पालिका के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला।

> इस मामले में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ने कहा कि अध्यक्ष नगर पालिका, ईओ व अन्य कर्मचारी एकत्रित हुए हैं

### परिजनों ने नगर पालिका की व्यवस्था पर लगाए गंभीर आरोप

मौके पर पहुंचे परिजनों ने नगर पालिका की व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है। घटनाक्रम के अनुसार आज शहर के देवानंदपुर क्षेत्र में सीवर सफाई का कार्य चल रहा था। सफाई ठेकेदार के अंडर में काम करने वाले एक 50 वर्षीय व्यक्ति चंद्रभूषण वाजपेई पुत्र शंभू रतन वाजपेई निवासी पुरे वाजपेई किलोली थाना गुरबक्श गंज सीवर के गड्ढे में सफाई करने के लिए उतरा था। इसी बीच ऊपर जमा मिट्टी खिसक गई। जिसके नीचे वह दब गया। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकल गया। गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर एमरजेंसी डॉक्टर डॉ रोशन पटेल ने उसे मृत घोषित कर दिया। कर्मचारी की मौत के बाद अस्पताल में नगर पालिका कर्मचारियों का जमावड़ा लग गया। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष, ईओ सहित नगर पालिका पहुंचे गए। परिजनों ने नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप लगाया है व मामले की जांच करने की मांग भी की है।

### बिना सुरक्षा उपकरणों के उन्हें उतरा गया था नीचे

इस मामले में मृतक के भाई घनश्याम बाजपेई ने बताया कि उनका भाई जल कल विभाग में नौकरी करता था। देवानंदपुर के धमसीराय का पुरवा में किसी गड्ढे में वह काम करने के लिए उतरे थे। बिना सुरक्षा उपकरणों के उन्हें नीचे उतरा गया था। विभाग की लापरवाही से यह हादसा हो गया। हम लोग इस मामले में इंसाफ चाहते हैं। वहीं इस मामले में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ने कहा कि अध्यक्ष नगर पालिका, ईओ व अन्य कर्मचारी एकत्रित हुए हैं। घटना दुखद है। एक घर के मुखिया की मौत हुई है। संगठन द्वारा यह फैसला लिया गया कि नगर पालिका ईओ के साथ-साथ सभी कर्मचारियों एक दिन का वेतन मृतक कर्मचारी साथी के परिजनों को देंगे।




## वैन का निकला पहिया, बड़ा हादसा टला

बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर मंगलवार की सुबह लगभग 6:00 बजे के आसपास बछरावां से बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं शिक्षिकाओ को लेकर जा रही एक ओमनी वैन गाड़ी संख्या यूपी 33 एएच 7258 का पीछे के दाहिने साइड का पहिया बन्नावा गांव के पास स्थित फौजी ढाबा के निकट निकल गया पहिया निकालने से ओमनी वैन अनियंत्रित हो गई। वैन को अनियंत्रित देख ढाबे पर मौजूद लोगों ने दौड़कर एक बड़ी दुर्घटना होने से बचाई वही इस हादसे के बाद ओमनी वैन में उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षकाओ में दहशत का माहौल कायम हो गया वही फौजी ढाबा के संचालक एवं बछरावां व्यापार मंडल के अध्यक्ष डॉ विजयपाल यादव ने समय रहते एक अन्य वाहन की व्यवस्था कर शिक्षक एवं शिक्षकाओ को उनके गंतव्य तक पहुंचाया।

## दरवाजे पर लटकता मिला विवाहित का शव

लालगंज,रायबरेली। कस्बे के सूदनखेड़ा मोहल्ला में एक महिला का घर में गेट के ग्रिल से दुपट्टे के सहारे शव लटकता मिला। परिजन आत्महत्या की बात कह रहे हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जरूरी लिखापढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के वक्त घर में बच्चे के अलावा और कोई मौजूद नहीं था। मृतक महिला के बच्चे औरव ने बताया कि मम्मी ने साथ में पेप्सी पी थी। उसके बाद फांसी पर लटक गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने फंदा काटकर शव को नीचे उतरवाया और घटना की सूचना मृतक के मायके वालों और पति को दी। सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता छेदीलाल ने बताया कि उसकी बेटी का विवाह 2009 में राकेश के साथ हुआ था।

# मनरेगा के तहत खुदे तालाबों में पानी न होने से पशु पक्षी बेहाल

बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

> तालाबो में पानी भरने को लेकर गतिहीन दिखाई दे रहे हैं ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम प्रधान

विकासखंड बछरावां की 53 ग्राम सभा में मनरेगा के तहत 163 तालाबों की खुदाई कराई गई है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाए गए हैं लेकिन वर्तमान समय में मनरेगा के तहत खुदे तालाब एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।जिसका जीता जागता उदाहरण मनरेगा के तहत प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण नारायण की ग्राम सभा बिशुनपुर में खुदे तालाब को देखकर लगाया जा सकता है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को 100 दिन काम देने की व्यवस्था के तहत तालाबों की खुदाई कराई गई थी जिससे बारिश के पानी को संचय किया जा सके और वातावरण के अनुसार समय-समय पर पशु ,पक्षी ,जीव, जंतु पानी के लिए दर- दर न भटके लेकिन वर्तमान स्थिति में जंगली जानवर भी गांव की तरफ प्यास के लिए रुख कर रहे हैं। गांव के किनारे इंडिया मार्का नलों के आसपास संचित पानी को प्यास बुझाने के काम में लिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा गर्मी के दिनों में पानी भरने के लिए राजवित्त द्वारा पैसा आवंटित किया जा सकता है, जिससे कि तालाबों में नलकूप के माध्यम से पानी भरा जा सकता है।

## एलपीजी सुरक्षा को लेकर गैस एजेंसी चला रही अभियान

बछरावां, रायबरेली। सुरक्षा को लेकर पप्पन इंडेन गैस सर्विस क्षेत्र के अंतर्गत घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चला रही है। जिसमें गैस एजेंसी के फील्ड ऑफिसर सुनित कुमार सोनकर घरों में जाकर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लीक होने पर आपातकालीन सेवा 1906 डायल करने के लिए सूचित कर रहे हैं और उनके द्वारा उपभोक्ताओं को यह भी बताया जा रहा है कि हमारे द्वारा चलाए जा रहे है। इस मिशन में जिसमें निशुल्क रूप से आप सभी के गैस चूल्हा चेक किया जा रहे हैं और यह भी बताया जा रहा है कि जिन लोगों की पाइप 5 वर्ष से ज्यादा पुरानी हो चुकी है वह अपनी पाइप गैस एजेंसी पर चेंज करवा ले, क्यो कि पाइप में दरार आ जाती है और गैस लीकेज की संभावना बढ़ जाती है जिसमें दुर्घटना होने की संभावनाएं और अत्यधिक बढ़ जाती हैं।

# सेफ्टी वाल एवं कोन से टकराई कार, बड़ा हादसा टला

बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

> अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर उचित कार्यवाही की

थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कन्नावा गांव के निकट एसजेएस पब्लिक स्कूल के सामने रायबरेली की ओर से आ रही कार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की सेफ्टी वाल एवं कोन से टकरा गई।

जिससे बड़ा हादसा टल गया जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की एनएचएआई के दखिना टोल प्लाजा के लगभग छह कर्मचारी सेफ्टी वाल एवं सेफ्टी कोंन लगाकर हाईवे के डिवाइडर की पुताई कर रहे थे, तभी मिर्जापुर से अपने परिवार के साथ लखनऊ जा रहे हैं तभी कार अनियंत्रित होकर सेफ्टी वाल और सेफ्टी कोन से टकरा गई गनीमत यह रही की कार दाहिनी ओर ज्यादा नहीं गई नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। घटनास्थल पर मौजूद एनएचएआई के कर्मचारियों ने घटना की सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी सूचना पर पहुंचे एनएचएआई के उच्च अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर उचित कार्यवाही की इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए मौके पर पहुंचे एनएचएआई दखिना टोल प्लाज़ा के अधिकारी देवेश मिश्रा ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध मे उचित कार्यवाही की जा रही है।

# मुर्गी फार्म मे लटकता मिला युवक का शव



डीह, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

संदिग्ध परिस्थितियों में एक मुर्गी फार्म पर युवक की लटकती लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर युवक के शव को नीचे उतारा। युवक का शव मुर्गी फार्म में की पाइप से लटका मिला था। युवक के चेहरे व सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं। मौके पर पहुंचे एडिशनल एसपी ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच संबंधित थाना क्षेत्र के अधिकारियों को सौंप दी है। युवक के दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है। मामला डीह थाना क्षेत्र के अमरहिया गाँव का है। जहाँ एक मुर्गी फार्म पर काम करने वाले 20 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र तुला राम निवासी अमरहिया थाना डीह का शव उसी फार्म पर लटका मिला। मृतक की मां बाला ने बताया कि उसका लड़का घर से भोजन करके पैसा कमाने निकला था। भूसा भरने की बात बात कहकर दिनेश कुमार घर से साइकिल से निकला। देर रात जब वह नही लौटा तो उसके फोन पर संपर्क किया गया। लेकिन कोई संपर्क नही हो पाया। छोटे भाई ने जब खोजबीन शुरू की तो पता लगा कि युवक का शव मुर्गी फार्म पर लटका हुआ है। बेटे की मौत की खबर सुनकर घर मे चीख पुकार मच गई। वही एक स्थानीय नागरिक जय कर्ण वर्मा ने बताया कि लड़के दिनेश को मारकर लटका दिया गया है।

> एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि दिनेश कुमार पुत्र तुलाराम निवासी डीह आबिद अंसारी के मुर्गी फार्म की पिछले 3 साल से देखरेख करता था।आज सुबह इसका जब छोटा भाई यहां आया तो अपने भाई के शरीर को पाइप से लटका पाया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी व पुलिस मौके पहुंची। हम सभी तथ्यों की जांच कर रहे हैं। जो भी चीज हैं उसे पंचायत नामा के लिए भेज दिया है। जो भी रिपोर्ट सामने आएगी। उस पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> नवीन कुमार सिंह
>
> अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली

## खबरें एक नजर में

### लोकसभा चुनाव को लेकर अलर्ट दिखी स्थानीय पुलिस



बछरावां,रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रायबरेली अभिषेक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन एवं व्यक्ति चेकिंग को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिख रहा है। मंगलवार के सुबह स्थानीय थाने पर तैनात उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ स्थानीय थाना क्षेत्र के चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास पर पुलिस अधीक्षक निर्देशानुसार अपनी पुलिस टीम के साथ पूरी तरह से मुस्तैद दिखे और उन्होंने वाहनों की चेकिंग भी की।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में लगी आग

रायबरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में लगी आग, आग से गांव में मची अफरातफरी कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू,मामला गदागंज थाना क्षेत्र के पुरे जुल्फकार अली का पुरवा निवासी मो शरीफ के घर के पास छप्पर रखा हुआ था तभी अचानक छप्पर ने आग लगने की जानकारी हुई तो गांव में अफरा तफरी मच गई वहीं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### ग्लोबेक्स कंप्यूटर ने मेधावियों को किया सम्मानित



रायबरेली। मलिक मऊ स्थित ग्लोबेक्स कंप्यूटर इंस्टिट्यूट द्वारा कचेहरी रोड स्थित एक होटल में भव्य छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सैकड़ों छात्र एवम् छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी विशेष प्रतिभाएं प्रदर्शित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रायन इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल, सदफ ख़ान ने दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती जी को माल्यार्पण किया। तत्पश्चात संस्था के प्रबंधक एस सी गुप्ता ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को बैज लगाकर एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान नृत्य, गीत संगीत, लकी ड्रॉ जैसे विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कंप्यूटर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बृजेश दत्त गौड़ को डलमऊ का बनाया ब्रांड एंबेसडर

डलमऊ, रायबरेली। अपनी कार्यशैली एवं समाज सेवा से क्षेत्र सहित जनपद में लोकप्रिय तथा अपने कार्यों से हमेशा चर्चा में बने रहने वाले एवं स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने वाले डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रिजेश दत्त गौड़ को उनके द्वारा जनहित में किए गए कार्य को देखते हुए लोकल फ़ॉर वोकल अवैतनिक के तहत डलमऊ का ब्रांड एंबेसडर नामित किया गया ब्रजेश दत्त गौड़ को ब्रांड एंबेसडर नामित किए जाने पर नगर पंचायत डलमऊ की अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया।

### पिता की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

महराजगंज, रायबरेली। लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले मे महराजगंज पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा। कोतवाली क्षेत्र के एक पिता ने तहरीर देते हुए बताया कि वादी की पुत्री उम्र 17 वर्ष को मोहित उर्फ हिमांशु मौर्य पुत्र शिवनारायण मौर्य निवासी कस्बा व थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी बहला फुसलाकर कर भाग ले गए वहीं कोतवाली पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

### ग्रामीणों ने दबंगों पर लगाया आस्था पर चोट करने का आरोप

बछरावां,रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंजहा का पुरवा मजरे टेरा बरौला पोस्ट राजामऊ गाँव के निवासी विजय बहादुर पुत्र सुखलाल ने पुलिस अधीक्षक रायबरेली को प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी दरवाजे पर 15 से 20 साल पुराना एक मंदिर का चबूतरा था, जिसमें गांव के ही लोग पूजा अर्चना करते थेद्य परंतु महफुजूल हक खां, सनी खां, अरसलान खां एवं उनके रिश्तेदार सहित लगभग 15 से 20 लोग आए और जेसीबी मशीन से जबरन मंदिर के चबूतरे को गिराने लगे, जब प्रार्थी एवं ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो वह उन्हें जान से मारने की धमकी देने के साथ-साथ उनसे गाली-गलौज भी करने लगे। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दबंगों द्वारा धार्मिक स्थान के चबूतरे को गिराने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हुआ वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी बछरावां विजेंद्र शर्मा ने उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# समस्याओं को लेकर मंडी निदेशक से मिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

लालगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज

लालगंज मंडी समिति में चबूतरे पर बनने वाली 20 नग दुकानों के संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष/पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश मंडी निदेशक अंजनी कुमार सिंह को संबोधित ज्ञापन अपर निदेशक व डिप्टी डायरेक्टर चंदन पटेल से लखनऊ मंडी परिषद कार्यालय में मिलकर मंडी समिति में बनने वाली 20 नग दुकानों के बाबत एक ज्ञापन सौंपा और कहा कि चबूतरे पर दुकानें बनने से करीब एक सैकड़ा लाइसेंस धारी /करदाता दुकानदारों की रोजी-रोटी चली जाएगी और वह भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। दुकानों को मंडी समिति परिसर में खाली पड़ी जगह गेट नंबर 2 के बगल में बने जिससे चबूतरे में व्यापारियों को व्यापार करने में राहत हो। लालगंज नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने से कहा कि चबूतरे पर नई दुकाने ना बनवाकर मंडी समिति में खाली पड़ी अन्य जगहों पर दुकानों का निर्माण कराया जाए जिससे छोटे दुकानदारों की भी रोजी-रोटी चलती रहे । जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई ने कहा की दुकानें बनाने को लेकर ठेकेदार ने मंडी परिसर में व्यापारियों की जगह पर सीमांकन के लिए मटेरियल गिरा दिया है जिससे व्यापारियों में अपनी रोजी-रोटी जाने का संकट एवं भय का माहौल बना हुआ है।

## एस.जे.एस. में हुआ शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

लालगंज, रायबरेली। नगर के सर्वोत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज में शैक्षिक सत्र 2024 - 25 की प्रथम शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रत्येक शैक्षिक सत्र में हर माह के अंतिम दिवस पर हमेशा से इस गोष्ठी का आयोजन करता रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक श्री अग्रज सिंह व प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने विद्यालय में आए हुए समस्त अभिभावकों से विद्यालय के शिक्षण संबंधी अनेक विषयों पर चर्चा की। विद्यालय के प्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के चरित्र और उसके व्यक्तित्व को निखारती है।

# पति-पत्नी के बीच हुआ विवाद, पति ने खाया जहर

बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज



थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर सुदौली गांव में मंगलवार दोपहर पति-पत्नी के बीच मामूली कहा सुनी के दौरान पति ने खाया जहर हुई दर्दनाक मौतद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चने की मृतक राम प्रकाश पुत्र लालता प्रसाद उम्र 37 वर्ष की 10 साल पहले पड़ोस में रहने वाली चांदनी से प्रेम विवाह के तहत शादी हुई थी। वहीं मृतक राम प्रकाश गुजरात में प्राइवेट कंपनी में काम करता था और एक महीने पहले घर आया था। परंतु किसी बात को लेकर मंगलवार की सुबह दोनों पति-पत्नियों में विवाद हो गया इसके बाद मृतक रामप्रकाश ने जहर खा लिया मृतक रामप्रकाश की पत्नी चांदनी की बहन की मानी जाए तो उनका कहना है कि राम प्रकाश और चांदनी में किसी बात को लेकर बहस हुई, जिसके बाद चांदनी को राम प्रकाश ने मारा और वह गंभीर रूप से घायल हो गई, फिर उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया।

### क्या कहती है मृतक राम प्रकाश की माता बिटाना

मृतक राम प्रकाश की माता बिटाना की मानी जाए तो उनका कहना है कि हमारा लड़का घर के बाहर बैठा हुआ था, तभी हमारे लड़की की पत्नी उसकी बहन और उसकी सास उसे मारने लगी, मैं घर के अंदर चली गई फिर बहुत तेज तेज की आवाजे आने लगी जब मैं बाहर आई तो मैंने देखा कि मेरे लड़के के मुंह से फेना निकल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस बाबत थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, तहरीर मिलने पर आगे की विधि कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न

डलमऊ, रायबरेली। समृद्धि न्यूज



भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी और बूथ अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेंद्र पटेल के द्वारा की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ और विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि 20 मई को होने वाले चुनाव में प्रत्येक मतदाता का वोट पड़ना बहुत ही आवश्यक है।भारतीय जनता पार्टी को तभी प्रत्येक बूथ पर 370 वोट से अधिक मिल पाएंगे जब मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा। विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को बूथ पर पन्ना प्रमुखों और बूथ समिति के साथ बैठक कर हर हाल में मतदाताओं को जागरूक और भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए संपर्क अभियान तेजी से शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के विकास ,सनातन धर्म की रक्षा और गांव गरीब का जीवन स्तर मजबूत बनाने के लिए केंद्र में मोदी सरकार का तीसरी बार भी बनना बहुत ही जरूरी है। विजय अभियान में रायबरेली की सीट जीतना भी नितांत आवश्यक है। बैठक में डलमऊ नगर के पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। शक्ति केंद्र प्रभारी शुभम गौड़ ने कहा कि इस बार हम डलमऊ नगर में भारी मतों से भाजपा को जितायेंगे। बैठक में दिनेश त्रिपाठी, शैलेंद्र ,घनश्याम जायसवाल चंद्रप्रकाश तिवारी, अंकित पांडे, आदित्य कौशल ,आशीष श्रीवास्तव, अंकिल दीक्षित, गंगा प्रसाद मौर्य ,शिवप्रसाद ,प्रेमनाथ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 46 हज यात्रियों का टीकाकरण कर किया प्रशिक्षित

मौदहा, हमीरपुर। हज को जाने वाले हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें हज यात्रियों को डाक्टरों द्वारा टीकाकरण किया गया और ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कस्बे के मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी में हज 2024 को जाने वाले 46 हज यात्री जिसमें 23 महिला व 23 पुरुषो का टीकाकरण किया गया और साथ ही प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम मंगलवार को सुबह 10 बजे मदरसा यादगार मोहम्मदी हुसैनी प्रांगण में आयोजित हुआ। वहीं मौजूद जिला हज ट्रेनर हाजी जाहंगीर ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हज को जाने वाले 46 हज यात्रियों का प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# यूपीयूएमएस में संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल पर राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

इटावा। समृद्धि न्यूज

उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई में संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल पर पैराकॉन राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 का सफल आयोजन किया गया इस सम्मेलन में चिकित्सा क्षेत्र के दस से अधिक कॉलेज/ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ राजेंद्र प्रसाद पूर्व निदेशक रिम्स व पूर्व कुलपति यूपीयूएमएस सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि 21वीं सदी में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बेहतर बनाना और रोगी केंद्रित देखभाल को प्राथमिकता देना बहुत आवश्यक है जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए। विशिष्ट अतिथि डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल लिए मरीज केंद्रित देखभाल प्रदान करने के लिए साक्ष्य आधारित अभ्यास,गुणवत्ता सुधार दृष्टिकोण और सूचना विज्ञान पर जोर देना आवश्यक है। जिससे यह सुनिश्चित किया जाए की मरीज की देखभाल निरंतरता व विश्वसनीयता है,व स्वास्थ्य कर्मियों की टीम सहयोग, समन्वय के साथ मरीजों की स्वास्थ्य की देखभाल बेहतर हो।

## नगर संग ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई रहेगी बाधित

मौदहा, हमीरपुर। भरुआ सुमेरपुर से मौदहा पावर हाउस आने वाली जर्जर विद्युत लाइन में तार बदलने का कार्य किये जाने के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई 7 घंटे बाधित रहेगी। विद्युत उपखंड अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि मौदहा पावर हाउस में सुमेरपुर से आने वाली 33 केवी विद्युत लाइनों के तार बदले जाने का कार्य किया जाना है जिसके चलते आज दिनांक एक मई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। अवर अभियंता राजू प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया की लाईन में होने वाले आए दिन फाल्ट रोकने की मंशा से उनके जर्जर तार हटाकर विद्युत तारों के बदलने का कार्य के चलते मौदहा पावर हाउस की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

समस्या — महराजगंज ब्लॉक क्षेत्र में युवाओं को उच्च शिक्षा कैसे मिले यह बड़ा मुद्दा

# एक सरकारी डिग्री कॉलेज के लिए निगाहें बिछाए बैठा है महराजगंज

महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज




चुनाव आते ही नेता जी को जनता की याद सताने लगती है और जनता को रिझाने के लिए नेताजी तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं लेकिन जब बात विकास की आती है तो नेताजी कोसों दूर नजर आते हैं। रायबरेली लोकसभा मे 20 मई को मतदान होना है मतदान से पहले जनता जनार्दन के कुछ मुद्दे हैं जिन पर आज तक ना ध्यान ही दिया गया ना इसके विषय में काम किया गया। महराजगंज ब्लॉक क्षेत्र की अगर बात की जाए तो सबसे बड़ी समस्या यहां की युवा कैसे ग्रेजुएट हो और उन्हें उच्च शिक्षा कैसे मिल पाए यह बहुत बड़ा मुद्दा वर्षों से युवाओं के जहेन मे और उनके अभिभावकों के दिमाग में चलता रहता है महराजगंज क्षेत्र में कोई भी सरकारी डिग्री कॉलेज ना होने के कारण यहां के युवा दूसरी जगह पलायन के लिए मजबूर हो जाते हैं । कहने को तो यहां पर एक से एक मल्टी लेवल विद्यालय हैं लेकिन अगर आपको ग्रेजुएशन करना है तो बछरावां रायबरेली की तरफ ही जाना पड़ेगा या फिर अमेठी जिला जाने को आप मजबूर हो जाएंगे। किसी भी क्षेत्र की तरक्की और विकास के लिए शिक्षा का होना बहुत जरूरी है।

महराजगंज क्षेत्र वर्षों से एक सरकारी डिग्री कॉलेज के लिए निगाहें बिछाए हुए बैठा हुआ है। चुनाव आते हैं जाते हैं सरकारें बनती है बिगड़ती हैं लेकिन आज तक किसी जनप्रतिनिधि और सरकार ने सरकारी डिग्री कॉलेज बने और खुले इस तरफ ध्यान नहीं दिया।

### ग्रेजुएशन के लिए बछरावां, रायबरेली और अमेठी जाते हैं युवा

जिससे हजारों की तादाद में युवा जिनके पास संसाधन है वह तो किसी तरह बछरावां रायबरेली जाकर ग्रेजुएट हो जाते हैं लेकिन सबसे बड़ी समस्या आती है उन गरीब युवाओं के लिए जिनके अंदर टैलेंट तो बहुत है लेकिन उस टैलेंट का निखार कैसे हो और उन्हें शिक्षा कैसे मिले यह बात उन्हें कचोटती रहती है। और अभिभावक भी मजबूर हो जाते हैं कि हम अपने बच्चों को इतनी दूर कैसे भेजें क्योंकि बढ़ती हुई महंगाई और खर्चों के कारण अभिभावक प्राइवेट डिग्री कॉलेज की फीस भरने में असमर्थ नजर आते हैं ।किसी भी देश में शिक्षा एक महत्वपूर्ण बात होती है क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही एक अच्छा नागरिक और क्षेत्र का विकास करने में सक्षम होता है लेकिन जब आपके क्षेत्र में कोई भी सरकारी शिक्षण संस्थान नहीं होगा तो आप शिक्षा कैसे ग्रहण करेंगे आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर युवाओं और उनके अभिभावकों ने आशा लगाई है कि शायद हमारे क्षेत्र में कोई सरकारी डिग्री कॉलेज खुल जाए जिससे कि युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिले ।अब देखने वाली बात यह होगी कि वर्षों की तरह बनी हुई या समस्या क्या आगे भी कायम रहती है या फिर नए सांसद जी इस मामले को देखते हुए डिग्री कॉलेज की व्यवस्था करवाते हैं यह बात भविष्य के गर्भ में छिपी हुई है।

## वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ने के मायने

इसमें दो राय नहीं कि केंद्रीय बैंक व सरकार के प्रयासों के बावजूद खुदरा महंगाई पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल नहीं हो सके हैं। बीते माह इसके 4.9 फीसदी रहने से आस जगी थी कि आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य को हासिल करना आसान हो सकेगा। लेकिन साथ ही केंद्रीय बैंक ने चेताया भी है कि दुनिया में कई मोर्चों पर जारी युद्ध और समुद्री जहाजों को निशाना बनाने से आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है। जिससे महंगाई को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा मिल सकता है। दरअसल, भारत जैसे देश जहां कच्चे तेल का अस्सी फीसदी हिस्सा आयात होता है, वहां इसके दामों में उछाल का असर भारत में महंगाई बढ़ाने के रूप में होगा। दरअसल, मालभाड़े में वृद्धि से भी महंगाई बढ़ती है। आरबीआई ने हाल के दिनों में मौसम की तल्खी को भी महंगाई बढ़ने का कारक बताया है। अब रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने चिंता जतायी है कि महंगाई के एक प्रमुख घटक सब्जियों की बढ़ी कीमतों से आने वाले कुछ समय में राहत नहीं मिलने वाली। देश की आम और शाकाहारी आबादी पूरी तरह से सब्जियों पर निर्भर है। खासकर सब्जियों में एक तिहाई की भूमिका निभाने वाले आलू, प्याज और टमाटर का इसमें बड़ा रोल होता है। एक के भी दाम बढ़ने पर आम आदमी की थाली का संतुलन बिगड़ जाता है। पिछले कई सालों में महंगाई का ग्राफदेखें तो आलू, प्याज और टमाटर के दामों में आए अप्रत्याशित उछाल लोगों के आक्रोश की वजह बने हैं। जिसका खमियाजा सरकारों को गाहे–बगाहे उठाना पड़ा है। दरअसल, हाल के दिनों में ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के व्यवहार में अप्रत्याशित बदलाव आए हैं। जिसके चलते कम समय में तेज व ज्यादा बारिश होने से सब्जियों की फसलों को भारी नुकसान होता है। खासकर प्याज के सबसे उत्पादक राज्य महाराष्ट्र आदि या टमाटर उत्पादक राज्यों में मौसमी हालात बिगड़ने से पूरे देश में सब्जियों की कीमतों को लेकर हो–हल्ला मचने लगता है। हालांकि, मौसम विभाग ने इस बार मानसून के सामान्य रहने की बात कही है, लेकिन कई राज्यों में इसका व्यवहार अलग–अलग होता है। बीते वित्त वर्ष में भी दक्षिण–पश्चिम मानसून सामान्य कहे जाने के बावजूद सामान्य नहीं था। कहीं ज्यादा बारिश हुई तो कहीं कम। इसलिये अतिवृष्टि, अनावृष्टि व बाढ़ का सीधा असर सब्जियों के दामों पर पड़ता है। आज सब्जी हर आम आदमी के खाने का अनिवार्य हिस्सा है इसलिये इनके दाम–बढ़ने पर जन–आक्रोश बढ़ना स्वाभाविक है। फिर मीडिया भी इन खबरों को चटखारे लेकर प्रकाशित–प्रसारित करता है, जो कालांतर महंगाई बढ़ाने का कारण भी बनता है। कुछ जगह तो खबरों की देखा–देखी ही सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं। दरअसल, इन खबरों का लाभ बिचौलिये व आढ़ती उठाते हैं। देश में भण्डारण की पर्याप्त सुविधा न होने का लाभ भी बड़े सब्जी कारोबारी उठाते हैं। किसान भंडारण सुविधा न होने के कारण देर तक सब्जी की फ़सल को रोक नहीं पाता और जिससे बिचौलियों की पौ–बारह हो जाती है। कई बार ओलावृष्टि, मौसमी तल्खी व कीट प्रभाव से फसलों की उत्पादकता कम होने से भी बाजार में सब्जियों की आपूर्ति बाधित होती है। इस संकट को हम आधुनिक कोल्ड स्टोरेज की सुविधा को बढ़ाकर दूर कर सकते हैं। हाल के वर्षों में देश में सहकारी क्षेत्र के सहयोग से शीतगृह बनाने की राष्ट्रव्यापी योजना राजग सरकार लेकर आई है, लेकिन इसके अस्तित्व में आने व प्रभावी होने में कुछ वक्त लगेगा।

# भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती उत्पादों की मांग

प्रहलाद सबनानी



**भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है व अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है।**

भारत में आज भी लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है एवं अपने जीवन यापन के लिए मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र पर ही आश्रित रहती है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार किये जा रहे विकास कार्यों के चलते इन क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत व्यय की जाने वाली राशि में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। इससे, ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के नए अवसर निर्मित होने लगे हैं एवं ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन कुछ कम हुआ है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के खंडकाल में शहरों से ग्रामीण इलाकों की ओर शिफ्ट हुए नागरिकों में से अधिकतर नागरिक अब ग्रामीण क्षेत्रों में ही बस गए हैं एवं अपने विशेष कौशल का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को प्रदान कर रहे हैं।

हाल ही में जारी किए गए कुछ सर्वे प्रतिवेदनों के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की एक नई कहानी लिखी जा रही है क्योंकि अब विभिन्न उत्पादों की मांग ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। उपभोक्ता वस्तुओं एवं ऑटो निर्माता कम्पनियों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के समय में उपभोग की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं एवं दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों (ट्रैक्टर सहित) की मांग में तेजी दिखाई दे रही है, जो कि वर्ष 2023 में लगातार कम बनी रही थी। यह संभवत~ रबी फसल के सफल होने के चलते भी सम्भव हो रहा है।

उक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल ही में सम्पन्न अपनी द्विमासिक मोनेटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की है, ताकि बाजार, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में, उत्पादों की मांग विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, ताकि इससे अंततः वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के आर्थिक विकास की दर भी अच्छी बनी रहे।

भारत में पिछले कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न उत्पादों की मांग, शहरी क्षेत्रों में उपलब्ध मांग की तुलना में कम ही बनी रही है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के बाद से इसमें कुछ परिवर्तन दिखाई दिया है एवं अब ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में तेजी दिखाई देने लगी है। यह तथ्य विकास के कुछ अन्य सूचकांकों से भी उभरकर सामने आ रहा है। जनवरी-फरवरी 2024 माह में दोपहिया वाहनों की बिक्री में, पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान की बिक्री की तुलना में, 30.3 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि दर रही है, जो हाल ही के कुछ वर्षों में अधिकतम वृद्धि दर मानी जा रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री ग्रामीण इलाकों (लगभग 10 प्रतिशत) में शहरी इलाकों (लगभग 7 प्रतिशत) की तुलना में अधिक रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत प्रदान किए जाने वाले रोजगार के अवसरों की मांग में भी फरवरी-मार्च 2024 माह के दौरान 9.8 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है क्योंकि ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को रोजगार के अवसर अन्य क्षेत्रों में उपलब्ध हो रहे हैं। इसी प्रकार, ट्रैक्टर की बिक्री में भी जनवरी-फरवरी 2024 माह के दौरान 16.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में कुल 892,313 ट्रैक्टर की बिक्री हुई है जो पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। भारत के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार, वर्ष 2024 के मानसून मौसम के दौरान भारत में मानसून की बारिश के सामान्य से अधिक रहने की प्रबल सम्भावना है। इससे भारत के किसानों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि मानसून के अच्छे होने से खरीफ की फसल के भी बहुत अच्छे रहने की सम्भावना बढ़ गई है।

मौसम विभाग के सोचना है कि इस वर्ष अल नीनो के स्थान पर ला नीना का प्रभाव दिखाई देगा। अल नीनों के प्रभाव में देश में बारिश कम होती है एवं ला नीना के प्रभाव में देश में बारिश अधिक होती है। साथ ही, भारतीय किसान अब तिलहन, दलहन एवं बागवानी की फसलों की ओर भी आकर्षित होने लगे हैं। दालों, वनस्पति, फलों एवं सब्जियों के अधिक उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि दृष्टिगोचर है।

केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न खाद्य उत्पादों की बिक्री के लिए ई-पोर्टल के बनाए जाने के बाद से तो भारतीय किसान अपनी फसलों को वैश्विक स्तर पर सीधे ही बेच रहे हैं और अपने मुनाफे में वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। भारतीय खाद्य पदार्थों की मांग अब वैश्विक स्तर पर भी होने लगी है एवं खाद्य पदार्थों के निर्यात में भी नित नए रिकार्ड बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग सामान्यतः अच्छे मानसून के पश्चात अच्छी फसल एवं विभिन्न सरकारों, केंद्र एवं राज्य सरकारों, द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों पर किए जा रहे खर्चों में बढ़ौतरी के चलते ही सम्भव होती है। केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लागू की गई विकास की विभिन्न योजनाओं पर व्यय में लगातार वर्ष दर वर्ष वृद्धि की जा रही है एवं इसके लिए केंद्रीय बजट में भी बढ़े हुए व्यय का प्रावधान प्रति वर्ष किया जा रहा है।

इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं इन इलाकों में विभिन्न उत्पादों की मांग भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। नीलसन द्वारा किए गए एक सर्वे के यह बताया गया है कि जनवरी एवं फरवरी 2024 माह में भारत में विभिन्न उत्पादों की शहरी क्षेत्रों में मांग 1.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मांग 2.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

विशेष रूप से फरवरी 2024 के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पादों की मांग में वृद्धि लगातार बढ़ती दिखाई दे रही है। रबी की फसल के भी अच्छे रहने की सम्भावना बलवती हुई है जिसके कारण किसानों की मनोदशा भी सकारात्मक बन रही है और यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश की आर्थिक वृद्धि दर को बलवती करने के मुख्य भूमिका निभाने जा रही है। आज देश की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है यदि ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों की मनोवृत्ति सकारात्मक हो रही है तो निश्चित ही वित्तीय वर्ष 2024-25, आर्थिक विकास की दृष्टि से अतुलनीय परिणाम देने वाला वर्ष साबित होने जा रहा है।

### विचार

# सूरत कांड की इंदौर में पुनरावृत्ति

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**कुछ ही दिन पहले गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भी लगभग ऐसा ही एपीसोड हुआ है। वहां तो भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को बाकायदा विजयी घोषित कर उन्हें निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र भी पकड़ा दिया गया क्योंकि उनके खिलाफकांग्रेस समेत सारे प्रत्याशियों के नामांकन या तो रद्द कर दिये गये या खुद उन्होंने ही वापस ले लिए। यहां 7 मई को तीसरे चरण के अंतर्गत मतदान होना था। उसके पहले मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के गठबन्धन के अंतर्गत यह सीट सपा को दी गई थी लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद्द हो गया जिससे प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को लगभग वाकओवर मिल गया है।**

लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश के इंदौर से कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने जिस प्रकार से नामांकन वापसी के अंतिम दिन नाम वापस लिया है, वह गुजरात के श्सूरत कांड की पुनरावृत्तिश् ही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का श्गुजरात प्रवर्तित राजनैतिक मॉडलश् कदाचित यही है जिसका उल्लेख उन कारकों में से एक के रूप में अवश्य याद किया जायेगा जिनके कारण देश का लोकतंत्र मौजूदा हालत में है। यह अलग बात है कि कुछ लोग, यहां तक कि मीडिया का एक धड़ा इसे मास्टरस्ट्रोक निरूपित कर सकता है, लेकिन उन्हें भी याद रखना होगा कि राजनीति को नैतिकता, मूल्यों एवं आदर्शो से मुक्त करने का तात्कालिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु वह देश के स्थायी हित में कतई नहीं हो सकता। इसकी कीमत कभी न कभी जिम्मेदार व्यक्ति या संगठन को उठानी ही पड़ेगी जो किसी भी रूप में इसके लिये जिम्मेदार हैं या जिनकी ऐसे कृत्यों में प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष भागीदारी रही हो।

लोग यह भूल भी नहीं पाये थे कि अक्षय ने जब कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया था तब उनके साथ शक्ति प्रदर्शन के रूप में निकले जुलूस में खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी उपस्थित थे। हफ्ते भर में ही भारतीय जनता पार्टी ने गुपचुप श्आपरेशन लोटसश् चलाकर उन्हें अपने पाले में कर लिया। अब वहां से भाजपा के उम्मीदवार शंकर लालवानी का जीतना तय कहा जा सकता है क्योंकि इस सीट पर मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस ही थी। सोमवार को अक्षय कांति इंदौर के विधायक रमेश मेंदोला के साथ कलेक्टर यानी निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन वापस ले लिया। मप्र की भाजपा सरकार में मंत्री तथा पार्टी के कद्दावर नेता कैलाश विजयवर्गीय की कार में वे लौटे।

गर्वित विजयवर्गीय ने इसकी एक सेल्फी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अक्षय का अपनी पार्टी में स्वागत किया है। कई वर्षों से इंदौर की सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है। इस बार कांग्रेस ने अपना युवा नेता उतारा था जिसके पक्ष में कांग्रेस के बड़े नेता प्रचार भी कर रहे थे और माना जा रहा था कि इस बार यहां से भाजपा की राह बहुत आसान नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में अक्षय ने इंदौर की चार सीटों पर दावेदारी की थी जिसे स्वीकार नहीं किया गया था। इसके बजाय कांग्रेस ने उन्हें देश की सबसे बड़ी पंचायत का टिकट थमाकर उनमें अपना भरोसा जताया था। बताया यह जाता है कि इनके खिलाफ दायर एक 17 वर्ष पुराने मामले में तीन दिन पहले ही धारा 307 जोड़ी गई थी। क्या ऐसे नाजुक मौके पर अपनी पार्टी की पीठ में नहीं वरन छाती में छुरा भोंकने की वजह यही मामला है? वैसे इस सीट पर तीन अन्य प्रत्याशियों ने भी अपने नामांकन वापस ले लिये हैं।

याद हो कि कुछ ही दिन पहले गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भी लगभग ऐसा ही एपीसोड हुआ है। वहां तो भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को बाकायदा विजयी घोषित कर उन्हें निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र भी पकड़ा दिया गया क्योंकि उनके खिलाफकांग्रेस समेत सारे प्रत्याशियों के नामांकन या तो रद्द कर दिये गये या खुद उन्होंने ही वापस ले लिये। यहां 7 मई को तीसरे चरण के अंतर्गत मतदान होना था। उसके पहले मध्यप्रदेश की खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के गठबन्धन के अंतर्गत यह सीट सपा को दी गई थी लेकिन उसकी प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन रद्द हो गया जिससे प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को लगभग वाकओवर मिल गया है।

कहने को तो इंडिया गठबन्धन ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी पूर्व आईएएस आरबी प्रजापति को समर्थन दिया है लेकिन इसे महज खानापूरी माना जा रहा है। इस सीट पर 26 अप्रैल को यानी दूसरे चरण के तहत मतदान हो चुका है। कांग्रेस तथा उसके नेतृत्व में बनी इंडिया गठबन्धन के लगातार मजबूत होने तथा भाजपा के कमजोर होते विमर्श का यह साइड इफेक्ट माना जा रहा है जिसके अंतर्गत भाजपा तीसरी बार केन्द्र की सत्ता में आने के लिये तमाम तरह के हथकण्डे अपना रही है। तिस पर, भाजपा ने अब की बार खुद के बल पर 370 तथा अपने नेशनल डेमोक्रेटिक गठबन्धन (एनडीए) के माध्यम से 400 सीटों का लक्ष्य रखा है। उसके गिरते ग्राफ एवं खुद मोदी की घटती लोकप्रियता के चलते यह लक्ष्य असम्भव माना जा रहा है लेकिन एक के बाद दूसरे और दूसरे के बाद तीसरे लोकसभा क्षेत्र में जैसा खेला भाजपा ने किया है।

उससे लगता है कि वह चुनाव मैदान में उतरे बगैर ही इसी तरह से अधिकतम सीटें अपनी झोली में डाल लेना चाहती है ताकि मतदान केन्द्रों के जरिये उसकी सम्भावित हार के चलते घटने वाली सीटों की यथासम्भव भरपायी पहले से ही कर ली जाये। चंडीगढ़ मेयर के चुनाव में जिस तरह से भाजपा ने निर्वाचन अधिकारी की मदद से अल्पमत में होने के बावजूद अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने की कोशिश की थी, वह बतलाता है कि जो भाजपा एक छोटे से स्थानीय निकाय को हासिल करने के लिये नैतिक गिरावट के तमाम मानकों को नजरंदाज कर सकती है तो लोकसभा सीट पाने तथा अपने राजनैतिक सफर के सबसे बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये वह क्या-क्या नहीं कर सकती।

## ममता दीदी के नीचे गिरने की हद

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

इसे आप पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की निकृष्टता की हद मान सकते हैं कि वह केंद्रीय एजेंसियों पर भरोसा छोड़िए, उन पर पश्चिम बंगाल में आकर हथियार रखने तक के आरोप लगा रही हैं। आश्चर्य होता है यह जानकर कि वे कह रहीं हैं, %%जब्त की गई चीजें संभवत~ उनके (सीबीआई) द्वारा एक कार में लाई गई होंगी%%। अभी तक यह क्या कम था कि संदेशखाली के आरोपितों को ममता सरकार बचाती रही और हाईकोर्ट के निर्देश के बाद भी वह कई दिनों तक गिरफ्तार नहीं हो सके थे। वस्तुतः वामपंथियों की क्रूरता से मुक्त होने की छटपटाहट और उसके लिए तमाम जतन करने वाली बंगाल की जनता ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जो उन्हें सुरक्षा और विकास का भरोसा दिला रही हैं, वह ममता दीदी भी भविष्य में सत्ता प्राप्त होते ही उन्हें प्रताड़ित करेंगी और समूचे बंगाल में एक ऐसा सिस्टम खड़ा करने में कामयाब हो जाएंगी जिसमें अपराधियों का ही बोल वाला सर्वत्र होगा। वहीं जो उनके विरोध में आवाज उठाएगा उसकी हमेशा के लिए साम, दाम, दंड,व भेद अपनाकर आवाज बंद कर दी जाएगी।

पश्चिम बंगाल सरकार शुरू से ही संदेशखाली के डॉन शाहजहां शेख पर मेहरबान दिखी है । पहले उसके गुनाह को नहीं माना, एफआईआर तक दर्ज करने से मना किया, जब एफआईआर दर्ज हुई तो गिरफ्तारी से बचाती रही। गिरफ्तारी हुई तो सीबीआई को सौंपने से मना कर रही थी। फिर जब न्यायालय की फटकार लगी तब कहीं जाकर संदेशखाली के मुख्य गुनहगार और उसके साथियों को ममता की पुलिस ने पकड़ा। संदेशखाली के आरोपी शाहजहां शेख पर केवल ईडी अधिकारियों की पिटाई करवाने का ही आरोप नहीं है बल्कि संदेशखाली में जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के भी भयंकर आरोप लगे है। वाबजूद इसके आप ममता सरकार में शाहजहां का प्रभाव देखिए कि ज्यादातर मामलों में या तो केस की चार्जशीट उपलब्ध नहीं है या फिर शाहजहां के खिलाफ जांच लंबित है।

वास्तव में यह तथ्य सामने आने के बाद विश्वास ही नहीं होता कि कैसे कई मामले दर्ज होने के बावजूद प्रशासन ने अब तक शाहजहां के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। शाहजहां पर तीन भाजपा समर्थकों की हत्या और बिजली कर्मचारियों की मारपीट समेत अन्य 43 मामले दर्ज हैं, इसके बावजूद शेख के प्रति ममता की हमदर्दी शुरू से ही यहां देखने लायक है। अभी जो हुआ और जिस तरह के हथियार, बम इत्यादि आग्नेयास्त्र संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां के सहयोगी रिश्तेदार अबू तालेब मोल्ला के यहां मिले उससे तो लगता है कि पूरा बंगाल ही संकट के साए में है। उसके घर के फर्श के नीचे बड़ी संख्या में फायर आर्म्स छिपाए गए थे। रोबॉट-स्निफर डॉग्स और मेटल डिटेक्टर की मदद से सीबीआई और एनएसजी के कमांडो ने संदेशखाली से सात हथियार बरामद किए, जिनमें से चार विदेशी आग्नेयास्त्र हैं। शेष देशी पिस्तौल हैं। 228 राउंड कारतूस मिले, बरामद सभी बम स्वदेशी हैं। यह तो एक तृणमूल कांग्रेस नेता के करीबी के यहां मिला है, यदि सभी के यहां ठीक से जांच हो जाए तो पता नहीं बारूद का कितना बड़ा जखीरा और आग्नेयास्त्र संपूर्ण पश्चिम बंगाल से बरामद होंगे। जिसे देखते हुए आज यहां हर व्यक्ति पर जीवन का संकट मंडरा रहा है। पता नहीं कब कौन, कहां शिकार हो जाए और कब बम की चपेट में आ जाए? ऐसे में कहना होगा कि लोकतंत्र की हत्या वास्तव में कहीं होते देखना है तो आप वर्तमान में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के राज में हिंसा ग्रस्त बंगाल को देख सकते हैं।

क्या यह पहली बार है जो बंगाल में हथियार बरामद हो रहे हैं? क्या पहले भी सीबीआई या अन्य किसी केंद्रीय जांच एजेंसी ने यहां आकर हथियार रख दिए थे? जो ममता दीदी खुलेआम मंच से कह रही हैं कि तृणमूल व राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए बरामद वस्तुएं (हथियार) केंद्रीय एजेंसी सीबीआई के अधिकारियों द्वारा लाई हो सकती हैं। बंगाल में पटाखा भी फूटता है तो एनआईए, सीबीआई और एनएसजी जांच करने आ जाती है। ऐसा लगता है कि युद्ध चल रहा है। वास्तव में ममता दीदी ऐसा बोलकर लोगों को भ्रमित कर देना चाहती हैं, साथ ही उनका विश्वास केंद्रीय एजेंसियों से पूरी तरह से उठा देना चाहती हैं।



## राशिफल

**मेषः–** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**बृषभः–** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुनः–** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं।

**कर्क :–** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन् करें।

**सिंहः–** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः–** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुलाः–** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः–** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः–** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः–** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभः–** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीनः–** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय अपेक्षित है।

# जलवायु परिवर्तन और भारतीय चुनाव

कुलभूषण उपमन्यु



**रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है कि बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है, या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है, या वह किसान जिनकी फसल खुले में में ईश्वर भरोसे रहती है। उनके लिए जलवायु अनुकूलन व्यवस्था खड़ी करना भी संभव नहीं होता। बढ़ते तापमान से फसलों की उत्पादकता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होने की संभावना बन सकती है। इस दिशा में जलवायु की विपरीत स्थितियों को झेलने में सक्षम फसलों और फसल किस्मों पर ज्यादा शोध और प्रचार-प्रसार की जरूरत है।**


संयुक्त राष्ट्र संघ की विश्व मौसम विज्ञान संस्था ने एशिया में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक रिपोर्ट गत सप्ताह जारी की है, जिसमें यह बात सामने आई है कि वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से ज्यादा पड़ रहा है। इस क्षेत्र में कई देशों में आज तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण इस महाद्वीप में 2023 में 90 लाख लोग बाढ़ और तूफान से प्रभावित हुए। दो हजार लोग काल का ग्रास बन गए। जलवायु परिवर्तन ने बाढ़, सूखे और तूफानों की घटनाओं को न केवल बढ़ाया है बल्कि उनकी भयानकता को भी बढ़ाया है, जिसका दुष्प्रभाव वहां के समाज, अर्थ व्यवस्था, और मानव जीवन पर पड़ा है।

जलवायु परिवर्तन के मुख्य सूचकों जैसे कि जमीनी तापमान में वृद्धि, ग्लेशियरों का पिघलना, और समुद्र के जलस्तर के बढ़ने से बिगड़ती हुई स्थिति का पता चल रहा है। 1960-1990 के दौर के मुकाबले तापमान वृद्धि की दर लगभग दुगुनी हो गई है। 2023 में जहां एक ओर सूखा पड़ा वहीं दूसरी ओर भयानक बाढ़ आई। चीन की बाढ़ और भारत में सूखे से 65 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। चीन में 140 वर्षों का वर्षा का रिकार्ड टूट गया। वहीं दक्षिण पश्चिमी चीन भारी सूखे की चपेट में रहा। भारत में लू के कारण 100 लोगों की मौत हो गई और सिक्किम का तीस्ता-3 बांध बाढ़ की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया और 100 लोग अपनी जान गंवा बैठे। बढ़ते तापमान के कारण इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। भारत और बांग्लादेश में लू की संभावनाओं में 30 गुणा वृद्धि की आशंका पैदा हो गई। एशिया के तेज गति से बढ़ते तापमान के चलते इसके ग्लेशियर भी खतरे में पड़ गए हैं। मुख्य 22 ग्लेशियरों में से 20 में भारी नकारात्मक बदलाव पाए गए हैं। यानी ग्लेशियरों के पिघलने की गति तेज हुई है। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशकों में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुणा वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है। जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन के कारण हुई भारी तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है ,जिसको भारत सरकार ने आपात स्थिति घोषित किया। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबन्धन के विषय में भी काफी कुछ करने की जरूरत पर रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। हालांकि भारत ने इस विषय में कुछ मानकों पर अच्छी प्रगति की है फिर भी काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। पूर्व चेतावनी व्यवस्था में सुधार करके आपदाओं में होने वाली हानि को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है कि बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है, या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है, या वह किसान जिनकी फसल खुले में में ईश्वर भरोसे रहती है। उनके लिए जलवायु अनुकूलन व्यवस्था खड़ी करना भी संभव नहीं होता। बढ़ते तापमान से फसलों की उत्पादकता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होने की संभावना बन सकती है। इस दिशा में जलवायु की विपरीत स्थितियों को झेलने में सक्षम फसलों और फसल किस्मों पर ज्यादा शोध और प्रचार-प्रसार की जरूरत है। इस दिशा में पुराने समय में प्रचलित श्री धान्य फसलों कोदा, रामदाना, स्वांक, बाजरा, आदि का प्रचार-प्रसार करके अच्छी पहल की जा रही है। किन्तु कार्बन उत्सर्जन करने वाली ऊर्जा उत्पादन तकनीकों और बड़े प्रोजेक्टों, खनन परियोजनाओं के कारण वनों के विनाश से कार्बन प्रदूषण क्षमता में आ रही कमी की चुनौतियां यथावत बनी हैं और बढ़ भी रही हैं। पिछले 15 वर्ष में भारत में 3 लाख हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग इस तरह की बृहदाकार योजनाओं के लिए बदला जा चुका है और यह क्रम सतत रूप से जारी है। इतनी चिंताजनक स्थिति के बावजूद वर्तमान आम चुनाव में यह मुद्दा जनता के बीच महत्वपूर्ण नहीं बन सका है। पर्यावरण से जुड़े दिवसों पर चेतना रैली निकालने, कुछ अच्छे नारे लगाने, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने, या ज्यादा से ज्यादा चुनाव मैनिफेस्टो में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादे उछालने तक हम सीमित होते जा रहे हैं। राजनीतिक दल भी जन चेतना जगाने के इस मौके का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। आम मतदाता निजी आर्थिक लाभ से ज्यादा सोचने को तैयार नहीं है। इस लिए राजनीतिक दल भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# चुनाव प्रभावित करने वाले से सख्ती से निपटें : एसपी



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जिले में आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराये जाने को लेकर जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, वाचक पुलिस अधीक्षक एवं चुनाव सेल प्रभारी के साथ गूगलमीट के माध्यम से वर्चुअल गोष्ठी कर चुनाव संबंधी तैयारियों एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने एवं कानून/शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध की गई निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा की।

वर्चुअल गोष्ठी के दौरान एसपी ने कुलपहाड़ क्षेत्र में विगत दिनों हुई लूट की घटना के दृष्टिगत संबंधित को कड़ी फटकार लगायी गयी है। जिसके क्रम में सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के सख्त निर्देश दिये गये हैं। साथ ही सभी को अपने सूचना तंत्र को विकसित करते हुए क्षेत्र की प्रत्येक छोटी-बड़ी विभिन्न सूचनाओं को संकलित किये जाने के निर्देश देते हुए चुनाव को प्रभावित करने वाले अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। अपराधियों के चिन्हाकन के लिये सभी महत्वपूर्ण स्थानों में रैंडम चेकिंग करायी जाये, इस दौरान बिना नम्बर प्लेट वाली गाडियों, तीन सवारी, मुंह छिपाकर/ गमछा बांधकर चलने वाले आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की सघन चेकिंग एवं उनपर लगातार पैनी नजर रखी जाये, किसी भी आपराधिक क्रियाकलाप पर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## न्यायोचित जांच कर समस्याओं का करें विधिक निस्तारण: एसपी



**महोबा।** जिले मे पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए एसपी अपर्णा गुप्ता द्वारा पुलिस कार्यालय, में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित को आदेशित किया गया कि मौके पर तत्काल जाकर शिकायतों की निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिये जाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# प्यार में धर्म की सीमाएं लांघ आरजू से बनी आरती

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



प्यार पाने के लिए मुस्लिम युवती धर्म परिवर्तन कर हिंदू बन गई और हिंदू प्रेमी युवक से विधि विधान मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में विवाह रचाया है। अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर जीने मरने की कसमें खाई हैं। और जय श्री राम का नारा लगा अपनी खुशी व्यक्त की है।

उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के महोबा में एक युवती ने प्रेमी को पाने के लिए धर्म परिवर्तन कर लिया। जनपद के पनवाड़ी कस्बा के पास स्थित गौरैया दाई मंदिर में सनातन धर्म के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से अपने प्रेमी दिनेश जायसवाल के साथ से विवाह रचाया है। युवती हिंदू धर्म अपना आरजू राइन से आरती जयसवाल बन गई है। पंडित जी और वहां मौजूद युवक के परिजनों ने दोनों को जीवन भर खुशी रहने का आशीर्वाद दिया है।

**अग्नि को साक्षी मान लिए सात फेरे:** आरजू राइन से आरती जयसवाल बनी युवती ने अग्नि को साक्षी मानकर प्रेमी दिनेश जायसवाल के साथ सात फेरे लिए हैं। एक दूसरे को वरमाला पहनाई है तो पति दिनेश ने मांग भरकर मंगलसूत्र पहनाया है। और जिंदगी भर साथ निभाने का वादा किया है। और आरती को हमेशा के लिए अपनी अर्धांगिनी बना लिया है।

**जय श्री राम का नारा लगा व्यक्त की खुशी:** मंदिर में हुए विवाह में प्रेमी प्रेमिका ने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाई तो वही शादी के बाद दुल्हन ने जय श्री राम के नारे लगा अपनी खुशी व्यक्त की है।

दुल्हन बनी मुस्लिम युवती ने बताया कि उसने मुस्लिम धर्म बदलकर हिंदू धर्म अपना लिया है। वह अब आरजू से आरती बन गई है।

# अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का किया निरीक्षण

- डीआईजी ने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, दिए जरूरी निर्देश



निरीक्षण करते डीआईजी व मौजूद एसपी।

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर पुलिस महकमा पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए जा रहे है।

इसी के तहत पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा अजय कुमार सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता सहित भारी पुलिस बल के साथ उप्र. एवं मप्र. की सीमा पर स्थापित अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट बैरियर कुम्हडौरामाफ बैरियर महोबा का औचक निरीक्षण करते हुए सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। डीआईजी द्वारा बैरियर चेक पोस्ट पर लगी ड्यूटी को चैक/ब्रीफ कर सीमा क्षेत्र में सतर्कता एवं सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मध्य प्रदेश सीमा से जनपद महोबा में प्रवेश करने वाले संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग करायी जाये, चेकिंग के दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में महोबा पुलिस की चाक-चौबन्द सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# करोड़पति हैं इंडी गठबंधन के प्रत्याशी, अजेंद्र सिंह राजपूत

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



महोबा हमीरपुर तिंदवारी संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत करोड़ों की संपत्ति के मालिक है। जिले के कनकुआ गांव के रहने वाले अजेंद्र सिंह पास डेढ़ करोड़ की कृषि योग्य भूमि के साथ एक राइफल भी है और उनकी पत्नी के पास 77 लाख रुपये से अधिक के आभूषण है। जबकि अजेंद्र सिंह 12 वीं पास हैं। और उनके पास आधा दर्जन गाड़ियां गाडियाँ हैं। हमीरपुर महोबा संसदीय सीट पर 20 में को मतदान होना है जिसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है ।भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने सबसे पहले नामांकन किया उसके बाद बीते दिन समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत ने नामांकन दाखिल पत्र दाखिल किया है। अजेंद्र सिंह राजपूत मूलरूप से महोबा जिले के कनकुआ निवासी हैं।

नामांकन पत्र दाखिल करते हुए सपा प्रत्याशी ने शपथ पत्र के जरिए अपनी संपत्ति का विवरण दिया जिसमें उन्होंने बताया कि उनके पास कुल 1.02 करोड रुपये की चल और 2.90 करोड रुपये की अचल संपत्ति है। जबकि पत्नी के पास 80.30 लाख रुपये की चल और 3 लाख रुपये की अचल संपत्ति है ।उनके पास एक ट्रैक्टर है।

# शिरडी साई बाबा स्कूल में कक्षा 11 के कक्ष का उद्घाटन

**पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज**



शिरडी साई बाबा इंटर कालेज निस्वारा, ब्लॉक पनवाड़ी में विज्ञान वर्ग से इंटर मीडिएट की मान्यता प्राप्त हो चुकी है उसी परिपेक्ष्य में प्रधान संघ जिलाध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय द्विवेदी के कर कमलों द्वारा कक्षा11की कक्षा का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

गौरतलब हो कि उक्त स्कूल में शिक्षा ड्रेस कॉपी किताबे मध्यान्ह भोजन निशुल्क प्रदान किया जाता है जहाँ एक ओर कांवेंट्स स्कूल महंगे दामों में किताबे एवम ऊंची फीस वसूल करते हैं तो यह स्कूल निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उन स्टूडेंट्स के सपने साकार कर रहा है जो प्राइवेट स्कूल में शिक्षा ग्रहण नही करपा रहे उनके लिए यह एक अच्छा प्लेटफार्म है यहाँ पर स्टूडेंट्स फर्राटे दार इंग्लिश बोलता है और कंप्यूटर शिक्षा भी प्रदान की जाती है कक्षा11की खबर सुनते ही क्षेत्रमें खुशी की लहर दौड़ गई अभिवावकों में खुशी व्याप्त है उन्होंने स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता का आभार व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि उनका इस क्षेत्र के लिए यह ऋण यहाँ के लोग कभी नही उतार पाएंगे।

जो उन्होंने दूरंचल में यह स्कूल स्थापित किया रज्जू रयकयवर ने कहा कि यह ऐसा प्लेटफार्म है शिक्षा का की यहा से कक्षा1से अब सीधा12पास करके स्टूडेंट्स उच्च शिक्षा ग्रहण के लिए निकलेगा प्रधानसंघ के जिलाध्यक्ष भाजपा नेता संजय द्विवेदी ने कहा कि डॉ गुप्ता जी आधुनिक युग के गांधी है जिन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज को जाग्रत करने का कार्य किया है स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा अनुशासन एवम तकनीकी ज्ञान पर आधारित शिक्षा दी जा रही है उक्त अवसर पर स्कूल स्टाफ में रामप्रताप नितिन खेमचंद्र, प्रदीप राम सिंह कृष्णा स्वाति क्रांति रश्मि शिल्पी कौशल्या प्रीति आदि सेहत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### महिला को खोया हुआ मंगलसूत्र किया वापस

**इटावा।** प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइन ने पुलिस बल के साथ महिला के खोये हुए मंगलसूत्र को बरामद कर महिला के सुपुर्द किया। एसएसपी ने इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस टीम को पुरस्कृत किया। नेहा कुमारी पत्नी शशी प्रताप सिंह निवासी उदी मोड़ थाना बढ़पुरा इटावा पक्का तालाब चौराहे के पास जूस कार्नर पर आयी जहाँ उनका गले का मंगलसूत्र कहीं गिर गया जिसे उनके द्वारा काफी खोजने का प्रयास किया जब पता नहीं चला तो नेहा कुमारी द्वारा थाना सिविल लाइन पर सूचना दी गयी, सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइन द्वारा तत्परता दिखाते हुये आरक्षी रविन्द्र सिंह को पक्का तालाब चौराहे पर भेजा गया जिस पर आरक्षी द्वारा अथक प्रयास कर सजकता का परिचय देते हुये मंगलसूत्र को बरामद किया गया बरामद मंगलसूत्र को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा नेहा कुमारी के सुपुर्द किया गया।

### छात्रों ने घर जाकर की मतदान की अपील

**इटावा।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को एच एम एस इस्लामिया इण्टर कालेज के छात्रों ने मोहल्ला नौरगाबाद,हर्ष नगर तथा अड़ार में घर घर जाकर लोगों से 13 मई को अनिवार्य रूप से मतदान की अपील की। इन छात्रों ने मतदाताओं से संकल्प पत्र भी भरवाए।दस दस छात्रों की टोली में गए इन छात्रों ने घरों की कुंडी बजाकर बुला बुलाकर अपील की। इससे पूर्व टोलियों को रवाना करते हुए प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा कि आज के छात्र कल के मतदाता भी हैं इस लिए इन्हें वोट के महत्व को समझते हुए अपने अभिवावकों ,पड़ोसियों और परिचितों के बीच जाकर उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का आभास कराते हुए मतदान अवश्य करने का आग्रह करना चाहिए।श्री अहमद ने विद्यालय की ओर से बनवाए गए संकल्प पत्र भी छात्रों को प्रदान किए जिन पर मतदाताओं को हस्ताक्षर करने हैं। मतदाता जागरूकता अभियान के जनपद के स्वीप आइकॉन, कालेज के हिंदी प्रवक्ता डॉ. कुश चतुर्वेदी ने कहा कि छात्रों की भागीदारी से इस अभियान को बहुत बल मिलता है।

### राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति के लिए एक छात्रा व दो छात्र चयनित



**महोबा।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय भरवारा की एक छात्रा और दो छात्रों का चयन हुआ है। छात्र छात्राओं के चयन से उनके गुरुजन एवं अभिभावक बेहद खुश है। चयनित छात्र छात्राओं में मोहनी पुत्री जीतेंद्र कुमार, दिनेश कुमार पुत्र राजकुमार, सौरभ पुत्र रमेश प्रकाश नामदेव शामिल है। इन्हें क्रमशः 21, 23 एवं 26 वी रैंक जिला में प्राप्त हुई है। सभी छात्र छात्राएं कक्षा 9 में प्रवेश कर रहे है। राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा पास करने पर इन्हे इंटरमीडिएट तक प्रति माह शिक्षा के लिए एक हजार रुपए सरकार द्वारा छात्र छात्राओं के खाते में भेजे जायेगें। मंगलवार को प्रधानाध्यापक कृष्ण चंद्र तिवारी द्वारा चयनित छात्र छात्राओं को फूल माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जगदीश कुमार मिश्रा स्पेशल एजुकेटर ने चयनित सभी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गोपालको को मिलने वाली धनराशि संपन्न परिवारों में बांट रहा पशु चिकित्सा विभाग

**जैतपुर, महोबा। समृद्धि न्यूज**

शासन से व्यक्तिगत गोपालको को मिलने वाली धनराशि पात्रों को न मिलकर पशु चिकित्सा विभाग ने संपन्न परिवार में बांटे हजारों रुपये।

जिससे पात्र सरकार की योजनाओं से वंचित है कस्बा जैतपुर की आबादी तीस हजार तक पहुंच गई है लेकिन पशु चिकित्सा विभाग द्वारा गोपालको को मिलने वाली शासन से धनराशि के लिए पात्रों की संख्या बेहद कम है प्रत्येक परिवार को एक गोवंश के संरक्षण हेतु प्रशासन द्वारा ?900 देने की व्यवस्था की थी तथा एक परिवार को चार गोवंशो के रखने तक सहायता का प्रावधान किया था लेकिन जैतपुर में अनुमानित लगभग 250 पात्र परिवार गोवंशों को पालते हैं लेकिन दो वर्षों में इस विभाग ने केवल कस्वा में 15 परिवारों को ही इस योजना से लाभान्वित किया है यह जानकारी स्वयं पशु चिकित्सा अधिकारी ने दी। माह जनवरी से गौ संरक्षण व संवर्धन हेतु सरकार ने 1500 की धनराशि निर्धारित की है लेकिन वृहद संख्या वाले कस्बा में केवल इस विभाग ने तीन ही परिवारों को चिन्हित किया है व इस योजना में शामिल किया है ग्रामीणों का ग्रामीणों का कहना है कि गरीब परिवार शासन की महत्वपूर्ण योजना से वंचित है पशु चिकित्सा विभाग सम्पन्न परिवारों को ही योजना का लाभ दिला रहा है एक तरफ बड़ी आबादी के बाद भी अल्प गोपालको को शामिल किया है दूसरी और गरीब गोपालक परिवार को योजना से वंचित किया है यह विभाग गोपालकों में भेद भाव कर शासन को गुमराह कर रहा है। इस संबंध में जब प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र कुमार से वार्ता की गई कि इतनी बड़ी पंचायत में इतनी कम संख्या में लाभार्थी क्यों है तो उसमें उन्होंने सीधा जवाब दिया कि अक्टूबर 2023 तक ऑफलाइन फॉर्म सममिट होते थे लेकिन अक्टूबर माह के बाद ऑनलाइन हो जाने के कारण व्यक्तिगत पशुपालकों की संख्या में कमी आई है यदि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के बयान पर गौर किया जाये तो साफ जाहिर हो रहा है कि जबसे सख्ती हुई तभी से कमी आ गई है ऑनलाइन प्रक्रिया हो जाने से कमी आई है जबकि धरातल पर सत्यता यह है कि पात्रों तक यह विभाग पहुंच ही नहीं पा रहा है।

## राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मां का रो-रोकर है बुरा हाल

**राठ, हमीरपुर।** जरिया थाने के गुरुदेवपुरा मोहल्ले में एक राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मोहल्ला निवासी बृजनंदन ने बताया कि उसके पास छह बीघा जमीन है।

सके चार पुत्र करन, पवन, अरुण, अर्जुन है। उसका छोटा पुत्र 28 वर्षीय अरुण राठ कस्बे में राजमिस्त्री का काम करता था। दो दिन पहले अरुण घर आया था। सोमवार की दोपहर दो बजे अरुण ने कमरे में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक अविवाहित था। स्वजन घटना स्पष्ट नहीं बता सकें। पुत्र की मौत पर मां अहिल्या देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

# आत्महत्या के लिये उकसाने के आरोप में ग्राम प्रधान को भेजा जेल

- सल्फास खाकर जान देने की वीडियो वायरल कर खाया जहर

**राठ, हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

पांच दिन पहले ग्राम प्रधान व उसके साथियों के उत्पीडन से तंग आकर युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में आरोपी ग्राम प्रधान को पुलिस ने मंगलवार कोगिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मझगवा थाना क्षेत्र के बरेल गांव निवासी सुनीत (28) ने पांच दिन पहले खेत में बैठकर सल्फास खाकर जान देने की वीडियो वायरल करने के बाद जहर खा लिया था इसके बाद उसकी मौत हो गयी थी। मृतक ने अपनी मौत का जिम्मेदार ग्राम प्रधान व उसके साथियों को जिम्मेदार ठहराया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। गुरुवार को सुनीत की जहर खाने से मौत हो गई थी। मृतक के भाई ने प्रधान दिनेश प्रताप सिंह, राजकुमार पुत्र हरीराम, आयुष पुत्र हरीराम, धनी पुत्र रामसिंह, प्रशांत पुत्र चंद्रशेखर के विरुद्ध आत्महत्या को उसकाने का मामला दर्ज किया गया है। मझगवां थानाध्यक्ष ने बताया कि एस आई ओमप्रकाश वर्मा ने घटना के मुख्य आरोपित प्रधान दिनेश प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया कि इसके पहले राजकुमार व धनी को जेल भेज चुके हैं।

# बसपा के निर्दोष दीक्षित ने किया नामांकन

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

मंगलवार को बसपा प्रत्याशी ने नामांकन का पहला सेट दाखिल करने के बाद भाजपा को कोसते हुये कहा कि उनकी सीधी लड़ाई जुमलेबाज भाजपा सरकार से है। वह जीतने के बाद संसदीय क्षेत्र में बेरोजगारी,किसानों की समस्याओं पर पूरा ध्यान देंगे। बसपा प्रत्यासी निर्दोष दीक्षित ने कहा कि बसपा सरकार के शासन को लोग आज भी याद करते है। लोग भाजपा की जुमलेबाज सरकार से परेशान हो गये है अभी तक ओलावृष्टि का मुआवजा नही मिल पाया है। जिससे हरेक किसान परेशान हो कर घूम रहा है। नामांकन में राघवेंद्र अहिरवार,पुष्पेंद्र कुमार एडवोकेट,भानु वर्मा समेत कई लोग शामिल रहे। वही भारतीय जन चेतना पार्टी के प्रत्याशी अनुपम मिश्रा ने नामांकन किया।

## शेष बचे 17 जिलों मे नियुक्त होगे जिला आयुर्वदिक व यूनानी अधिकारी

**हमीरपुर।** शासन ने आयुर्वेदिक यूनानी अस्पतालों में अब हरेक जिले में यूनानी अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। प्रदेश में बचे 17 जिलों के अस्पतालो में यूनानी अधिकारियों को सम्बद्ध नही किया जायेगा जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डा बलभद्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि प्रदेश में अभी तक 17 जिलों में यूनानी अधिकारियों की नियुक्ति नही हुई थी जिससे बगल के संबंधित अधिकारियों को कार्यभार सौप दिया गया था।

## गुम हुए बच्चे को पुलिस ने किया बरामद

**कुरारा,हमीरपुर।** सोमवार को देर रात गुमशुदा हुए दो वर्षीय बालक को पूरी रात खोजबीन के बाद सकुशल सुबह घर से थोड़ा दूर जंगल में पुलिस व ग्रामीणों ने खोज निकाला। मेडिकल परीक्षण में बच्चा सकुशल पाया गया। थाना कुरारा के सिद्धबाबा का डेरा ग्राम निवासी अनिल श्रीवास का दो वर्षीय पुत्र अयांश सोमवार शाम करीब 6 बजे घर के बाहर खेलते हुए घर से कुछ दूर पर ही नाले के पास बबूल के जंगलों में रास्ता भटकने से पहुच गया। खोजबीन के बाद पता न चलने पर देर रात बच्चे के पिता ने थाने पहुच सूचना दी जिसपर मौके पर पहुची पुलिस ने डॉग स्क्वार्ड को बुला पूरी रात खोजबीन की सुबह होते होते पुलिस ने बच्चे को सकुशल नाले के पास से बबूल के जंगल से बरामद कर लिया।




## मतदाता जागरुकता रैली से किया जागरुक

**मौदहा, हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुये विकासखंड क्षेत्र के उरदना गांव सहित अन्य गांवों में मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को बड़ी संख्या में मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के उरदना सहित कम्हरिया, छिमौली, कुनेहटा गांव में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव भगवान प्रसाद तथा प्रीति सिंह, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ब्लॉक मिशन मैनेजर, पंचायत सहायक, कृषि मित्र सहित समाजसेवियों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को बड़ी संख्या में मतदान के लिए प्रेरित किया गया। वहीं उरदना गांव में ग्राम प्रधान प्रभात यादव ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए कहा तो कम्हरिया गांव में भी प्रधान प्रतिनिधि जलाल उद्दीन, छिमौली गांव में मीलू निषाद, कुनेहटा में रामराज ने अपने अपने गांवों में मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को अधिकाधिक मतदान करने की बात कही।

## मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरारा,हमीपुर।** अज्ञात कारणों के चलते एक मजदूर ने गांव के जंगल मे जाकर साड़ी से पेड़ के सहारे फांसी लगा अत्महत्या कर ली। मंगलवार को सुबह चरवाहों ने देखा तब गांव में सूचना दी। थाना क्षेत्र के ग्राम इंद्रपुरी भैरव का डेरा निवासी उमेश(27) जो कि गांव में ही रहकर मेहनत मजदूरी करता था ने गांव के ही जंगल मे जाकर साड़ी से पेड़ के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर ली। बेरी गांव निवासी मृतक के चाचा रामकरण ने बताया कि उमेश की बीबी संगीता पिछले कुछ दिनों से मायके में थी मृतक की माँ मूसानगर में अपनी लड़की के पास रह रही थी। वही मृतक के भाई राजू व जसवंत अपनी पत्नी के साथ सूरत में रहकर मेहनत मजदूरी करते है। घर में केवल उमेश व उसकी पत्नी संगीता अपनी 3 वर्षीय बेटी व माँ के साथ रहता था।

# दो शातिर अन्तर्जनपदीय लुटेरे गिरफ्तार

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने दो अन्तर्जनपदीय लुटेरों को गिरफ्तार कर कब्जे से सोने की चैन लूटी हुयी एवं लूट में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की।

वादिनी सविता मिश्रा पत्नी राजेश कुमार मिश्रा निवासी अलकापुरी थाना कोतवाली द्वारा थाना कोतवाली पर सूचना दी गई कि जब वह थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बलराम सिंह चौराहे के पास ऑटो से उतरी तभी 2 अज्ञात मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा उनके गले से सोने की चैन लूट ली। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं लूट/चोरी की घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत शास्त्री चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी की लूट की घटना कारित करने वाले 2 लुटेरे पक्का तालाब स्थित साईं मन्दिर से बाईसख्वाजा जाने वाले रास्ते पर खड़े है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 2 लुटेरों कन्हैया गिहार उर्फ कल्लू पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम चितभवन टिकुरिया थाना इकदिल व सचिन गिहार उर्फ पुल्ला पुत्र कालीचरन निवासी गिहार कालोनी थाना करहल जनपद मैनपुरी को पक्का तालाब सांई मन्दिर के पास से मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।

## हज यात्रियों को टीकाकरण के साथ दिया प्रशिक्षण

**इटावा।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देश पर आज स्थानीय मदरसा अरबिया कुरानिया में जनपद इटावा से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए पोलियो वैक्सीन, मेंजाइटस टीकाकरण तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हज यात्रा के दौरान स्वास्थ्य समस्याओं के निदान, साफ सफाई तथा उच्च तापमान से रक्षा सहित हज हाउस से लेकर मक्का मदीना और हज के पांच दिनों में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी जिला हज प्रशिक्षक एम एम तारिक शम्सी द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदरसा प्रबन्धक हाजी फैसल अदीब, अरफ़ात सिद्दीकी, प्रवेश मिश्रा तथा अनिरुद्ध सिंह आदि सहित चिकित्सा विभाग की टीम उपस्थित रहे।

# इटावा के दर्जनों लोगों ने ज्वाइन की सपा

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष किशन यादव के नेतृत्व में राजू यादव नगला ठाकुरी के प्रयासों से आर्यन यादव के समक्ष ग्राम बिरारी विधानसभा भरथना, लोकसभा इटावा के दर्जनों लोगों ने सपा ज्वाइन की।



सपा मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता के मुताबिक लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष किशन यादव के नेतृत्व में राजू यादव नगला ठाकुरी के प्रयासों से आर्यन यादव के समक्ष ग्राम बिरारी विधानसभा भरथना, लोकसभा इटावा के विकास दोहरे कोटा डीलर, मोहर सिंह बीडीसी, अरुण कुमार दोहरे, जगमोहन सिंह दोहरे, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार,सुरेश चंद्र, बलबीर सिंह दोहरे, अभिषेक कुमार, अंकुश कुमार, राजू यादव सर्वेश कुमार, सनी दोहरे, सुरजीत कठेरिया, अनमोल कठेरिया, अरुण कुमार, आदि दो दर्जन से अधिक ग्राम वासियों ने समाजवादी पार्टी की नीतियों में आस्था जताकर समाजवादी पार्टी के सदस्य ली। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, देसरमऊ के पूर्व प्रधान कपिल देव सिंह, यूथ बिग्रेड के पूर्व जिला अध्यक्ष, एसएम मुस्तकीम, लोहिया वाहिनी महासचिव रेशू चौधरी आदि साथ रहे।

# मैनपुरी -इटावा बॉर्डर पर डीएम-एसएसपी ने की चेकिंग

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी इटावा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना जसवंतनगर पुलिस बल के साथ थाना जसवंतनगर क्षेत्रांर्गत संदिग्ध व्यक्ति,वाहन चेकिंग की गई। आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु जिला अधिकारी इटावा अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार ने मैनपुरी - इटावा बॉर्डर सीमा चौकी क्षेत्र जोनैई में चेकिंग अभियान चलाया जिसमें चेकिंग के दौरान विभिन्न संदिग्ध दो/चार पहिया वाहन एवं अन्य संदिग्ध वाहनो को चेक किया गया। इस दौरान अपर जिला अधिकारी इटावा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं सीओ जसवंतनगर एवं थाना जसवंतनगर पुलिस बल मौजूद रहा। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन मे आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल मे सकुशल संपन्न कराने हेतु थाना बढ़पुरा पुलिस ने थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त/ एरिया डोमिनेशन किया एवं आम जनता से वार्ता कर चुनाव संबंधी दिशा निर्देशो से अवगत कराया।

# 2004 से 2014 तक हुए भ्रष्टाचार और घोटालों से पूरी दुनिया परिचित : डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज







**डिप्टी सीएम** ब्रजेश पाठक ने कहा कि चुनाव रामभक्तों और उन पर गोलियां चलवाने वालों के बीच है, एक ओर धर्मध्वज लिए भाजपा है, दूसरी ओर सनातन विरोधी भ्रष्टाचारी दल हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि देश में 2004 से 2014 तक हुए भ्रष्टाचार और घोटालों से पूरी दुनिया परिचित है। 2014 के बाद से देश भ्रष्टाचार मुक्त हुआ और विकास का डंका बजा। पहले की सरकारों में बिजली की बदतर व्यवस्था थी। दिन रात पाली के हिसाब से मात्र 6 घंटा बिजली मिलती थी। अब निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो रही है। सड़के खस्ता हाल थी अब पूरे देश में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। स्वास्थ्य व्यवस्था पंगु हो चुकी थी। अब हर व्यक्ति को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। अमृत योजना के तहत ओवरहेड टैंक का निर्माण कराकर अब हर घर नल से जल पहुंच रहा है। डिप्टी सीएम ने बिना नाम लिए कहा कि पिछली सरकारों में गाड़ी में जितना बड़ा झंडा लगा होता था, गाड़ी में उतना बड़ा गुंडा बैठा होता था। अब सारे गुंडे माफिया जेल में हैं। भाजपा को छोड़ सभी पार्टियों में परिवारवाद का चालान है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें एक आम कार्यकर्ता पार्टी का जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। 2014 से पहले सड़क शौच के लिए महिलाओं को शाम ढलने का इंतजार करना पड़ता था। मोदी जी ने महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए हर घर को अपना शौचालय देने का काम किया है। पहले महिलाओं को खाना बनाने के लिए चूल्हा रुकना पड़ता था। चूल्हे का पूरा धुआं महिलाओं के फेफड़ों में समा जाता था। जिस कारण समय महिलाओं को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ता था। इससे छुटकारा दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना के तहत सभी को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया। आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी गरीबों को 5 लाख तक के निशुल्क इलाज का इंतजाम मोदी जी ने किया है। किसानों को निशुल्क सिंचाई वह पेंशन देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। भाजपा सरकार में बेसिक शिक्षा के स्कूलों का कायाकल्प हो गया है 2014 से पहले बेसिक शिक्षा के स्कूलों में एक करोड़ 12 लाख बच्चे बच्चे थे लेकिन अब एक करोड़ 92 लाख बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। 2014 से पहले प्रधान और पंचायत सचिव के पास अपने कार्यालय नहीं हुआ करते थे लेकिन अब सभी ग्राम पंचायत में आधुनिक पंचायत भवन उपलब्ध है। पूरे प्रदेश में कई मेडिकल कॉलेज का निर्माण तेजी से हो रहा है। गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का कार्य बीजेपी सरकार कर रही है। पूर्व की सरकारों में अनगिनत घोटाले हुए जिसका नतीजा है कि आज उनके कई मंत्री जेल में हैं। इयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा अभिनंदन को पाकिस्तान से सकुशल वापस लाया गया रूस यूक्रेन की जंग में फंसे भारतीय छात्रों को भी सकुशल वापस लाने का कार्य मोदी जी ने किया है। अंत में भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर पुणे केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने का अपील किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह व संचालन विधानसभा प्रमुख सुधीर श्रीवास्तव ने किया। इससे पूर्व उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा व गोंडा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने भी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम समापन की घोषणा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने किया।

उतरौला चेयर मैन प्रतिनिधि अनूप चन्द गुप्त ने अपने संबोधन में भाजपा सांसद कीर्ति वर्धन सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।इस मौके पर उतरौला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी, गैड़ास बुजुर्ग ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी, श्रीदत्तगंज ब्लाक प्रमुख हेमंत जायसवाल, महेंद्र प्रताप सिंह, सभासद दुर्गा प्रसाद, कृष कुमार, विकास गुप्ता, दुर्गेश वाल्मीकि, सीबी माथुर, रमेश जायसवाल, लक्ष्मी रतन गुप्ता, पणींद्र गुप्ता, राजकुमार कौसल, विजय गुप्ता, विष्णु गुप्ता, नीरज गुप्ता सुमित भारी संख्या में पुरुष व महिला बूथ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेट्रोल पंप खोलने के बहाने मित्र ने एक साल पहले 55 हजार ठगे

**जालौन (उरई)।** पेट्रोल पंप खोलने के बहाने मित्र ने एक साल पहले 55 हजार रुपये ले लिए अब वह रुपये वापस नहीं कर रहा है उल्टा धमका रहा है। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के रूरा मल्लू निवासी उपेंद्र कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि सिरसा कलार के लहर कनार निवासी एक व्यक्ति नगर पालिका में संविदा पर कार्यरत था। जिससे उनकी मित्रता हो गई थी। लगभग एक वर्ष पूर्व उन्होंने उसे बताया कि लहर कनार में भदेख रोड पर पेट्रोल पंप स्वीकृत हुआ है। उसमें कुछ रुपये कम पड़ रहे हैं। मित्रता के विश्वास में आकर उन्होंने उनके बताए दो एकाउंट में पहले 25 हजार फिर 10 हजार रुपये ट्रांसफर किए। इसके अलावा 20 हजार रुपये नकद दिए। उधारी पर दिए कुल 55 हजार रुपये जब उन्होंने करीब छह माह बाद मांगना शुरू किए तो पहले तो वह बहाने बनाते रहे। अब जब उन्हें रुपयों की अधिक आवश्यकता थी तो उन्होंने सख्ती से रुपये मांगे तो वह गाली गलौज करने लगे।

# अवैध परिवहन पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 23 ट्रक सीज

- दैनिक समृद्धि न्यूज़ की खबर का हुआ असर
- जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने की कार्यवाही, 25 लाख का जुर्माना




जनपद में नहीं थम रहा अवैध परिवहन, जिम्मेदार मौन
ओवरलोडिंग पर नहीं लग पा रहा लगाम
उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।
ओवरलोडिंग से सरकार को प्रतिदिन राजस्व की लग रही है चपत

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**जनपद में** चल रही ओवरलोडिंग व बगैर रॉयल्टी के निकल रही गाड़ियों के खिलाफ दैनिक समृद्धि न्यूज़ ने कल ही एक खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसमें जनपद में अवैध परिवहन कर निकल रही बालू की गाड़ियों से होने वाले लाखों के राजस्व की क्षति को भी प्रमुखता से दर्शाया गया था साथ ही सड़कों की दुर्दशा व बढ़ती दुर्घटनाओं की संभावना के बारे में भी बताया गया था। जिला प्रशासन ने समृद्धि न्यूज़ की खबर का संज्ञान लिया व तत्काल ही खनिज विभाग व परिवहन विभाग की टीम को संयुक्त कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

एआरटीओ राजेश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर एसडीएम कालपी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी कालपी डॉ देवेंद्र कुमार, खनिज निरीक्षक आनंद कुमार व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने जोल्हूपुर मोड़ से कालपी तक संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया था जिसमें ओवरलोडिंग व बगैर रॉयल्टी के 23 ट्रक पकड़े गए हैं जिन्हें सीज कर मंडी कालपी में खड़ा कराया जा रहा है कार्यवाही की जद में आयीं सभी गाड़ियों पर लगभग 25 लाख का जुर्माना लगा है।

## पति ने दर्ज करायी गुमशुदगी, पत्नी पिता के साथ पहुंची कोतवाली

**जालौन (उरई)।** मंदिर जाने के लिए निकली महिला अपने पिता के घर पहुंच गई थी। पति ने महिला की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई थी। मंगलवार की सुबह महिला पिता के साथ कोतवाली पहुंच गई। जहां पुलिस ने महिला के पति को बुलाकर उसके सुपुर्द कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी धर्मप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी रोशनी प्रतिदिन की भांति 27 अप्रैल की सुबह पूजा अर्चना के लिए मंदिर गई थीं। पूजा अर्चना के बाद जब दोपहर तक वह वापस नहीं लौटी तो उनकी तलाश शुरू की। नगर के सभी मंदिरों और जान पहचान वालों के यहां पूछताछ करने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। पति की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। पुलिस महिला की तलाश कर रही थी। कि तभी मंगलवार की सुबह रोशनी अपने पिता के साथ कोतवाली पहुंच गई।

# 24 हज यात्रियों का कराया गया टीकाकरण एवं प्रशिक्षण




सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**मंगलवार** इस्लामिया इंटर कालेज ओबरा सोनभद्र में प्रशिक्षण एवं टीकाकरण का कार्य कराया गया, एस दौरान कुल 24 हाजी एवं हाजरीन का टीकाकरण डाक्टर की टीम द्वारा हज कमेटी आफ इंडिया के दिशा निर्देश के क्रम में किया गया। साथ ही अबु तलहा ,मो0आरिफ द्वारा हज यात्रा के सम्बन्ध में की जाने वाली तैयारी एवं सावधानी तथा हज के नियमों से अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर अमानुल्लाह सदस्य हज कमेटी आफ उत्तर प्रदेश, समन्वयक अशफाक हज कमेटी आफ उत्तर प्रदेश तथा नज्म प्रधानाचार्य उपस्थित थे। अनुभवी हाजियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए तथा उक्त अवसर पर उपस्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सोनभद्र सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा सभी हज यात्रियों को हज यात्रा की शुभकामनाएं दी गयी।

# सीओ ने किया खुलासा बेटा ही निकला वृद्ध पिता का हत्यारा

- 12 घंटे में हत्यारा पुत्र गिरफ्तार, आला कत्ल भी हुआ बरामद



उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**सदर कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम अजनारी में बीती रात्रि अपने घर में सोते समय वृद्ध पिता की हत्या कर सनसनीपूर्ण घटना का पुलिस ने 12 घंटे में हत्यारोपी बेटे को गिरफ्तार कर आला कत्ल बरामद कर पूरी घटना का खुलासा कर दिया।

वृद्ध की हत्या का खुलासा करते हुये सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने पत्रकारों से वार्ता में बताया कि अजनारी निवासी कामरेड नेता परशुराम कुशवाहा की बीती रात्रि घर में सोते समय धारदार हथियारों से प्रहार कर हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद से ही पुलिस वृद्ध की हत्या का क्लू तलाशने में जुट गयी थी। पुलिस की सतर्कता के चलते पुलिस ने 12 घंटे के अंदर ही हत्यारोपी पुत्र रामआसरे कुशवाहा को गिरफ्तार कर आला कत्ल बरामद कर लिया। सीओ सदर ने बताया कि वृद्ध की हत्या के पीछे मुख्य वजह हाइवे पर उसकी तीस बीघा खेती बतायी जा रही है। खेती को लेकर उसका अपने ही पुत्र रामआसरे से मनमुटाव काफी समय से चला आ रहा था। सीओ ने यह भी बताया कि हत्यारोपी के विरुद्ध धारा 302, 452 में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था इसके साथ ही उसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस की कई टीमों का गठन किया गया था इसी के चलते पिता को मौत के घाट उतारने वाले पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी। उन्होंने यह भी बताया कि हत्यारोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल भी बरामद कर लिया।

# तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, एक की मौत, छह घायल

- ऑटो चालक मौके से भाग निकला, पुलिस ने ऑटो को लिया कब्जे में

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज



**मंगलवार** की सुबह उरई से जालौन आ रहा तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर अकोढ़ी दुबे के पास पलट गया। ऑटो पलटने से उसमें सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। राहगीरों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गई। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से भाग निकला। वहीं पुलिस ने ऑटो कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा कराया। सुबह के समय तीन से पांच बजे के बीच उरई स्टेशन पर कई ट्रैन आती हैं। यहां से कई सवारियां विभिन्न स्थानों के लिए निकलती हैं। इतनी सुबह बसें न चलने का फायदा ऑटो चालक उठाते हैं। स्टेशन पर खड़े ऑटो पर सवारियां भी जल्द अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए ऑटो में सवार हो जाती हैं। मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे आधा दर्जन से ज्यादा सवारियों को बैठाकर एक ऑटो जालौन की ओर तेज गति से आ रहा था। उरई जालौन राष्ट्रीय राजमार्ग पर अकोढ़ी दुबे के पास अचानक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो पलटने से उसमें सवार रणधीर यादव (30) निवासी अयोध्या, राहुल पांडेय (35) व उनके भाई मनोज पांडेय (47) निवासी अमराहा कानपुर देहात, राज राजपूत (18) व इरफान अली (28) निवासीगण करियापुर थाना अमराहा कानपुर देहात घायल हो समेत प्रवीण शुक्ला उर्फ सोनू शुक्ला (30) पुत्र सुनील शुक्ला निवासी सहाव घायल हो गए। हादसे में प्रवीण शुक्ला को गंभीर चोटें आई साथ ही उनके सिर में भी चोट लगी। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल विमलेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां सहाव निवासी प्रवीण शुक्ला की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों को गंभीर चोटें न होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी व शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर घटना के बाद से ऑटो चालक मौके से भाग निकला। पुलिस ने ऑटो को कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा कराया है। इस बाबत कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने बताया कि अभी घायलों या मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर नही दी गई है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घायल पहुंचे अस्पताल तो चिकित्सक ड्यूटी से मिले गायब

**जालौन।** पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल कुमार याज्ञिक ने आरोप लगाया कि ऑटो सवार घायल यात्री सुबह लगभग पांच बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए थे। उस समय वहां केवल एक वार्ड बॉय था। लगभग एक घण्टे तक कोई भी डॉक्टर मरीजों को अटेंड करने नहीं पहुंचा। वार्ड बॉय ने ही मरीजों का उपचार किया। इसके बाद ही डॉक्टर अस्पताल पहुंचे।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस ने अवैध कोयला डिपो स्वामी के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज, संचालक फरार

**दुद्धी सोनभद्र ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कादल गांव में रजखड़ - रेनुकूट मार्ग पर सड़क किनारे संचालित पुलिस ने एक ऐसे कोल डिपो का अवैध कारनामा का खुलासा किया जो पिछले तीन वर्षों वैधता का चोला ओढ़े हुआ था। प्रभारी निरीक्षक दुद्धी कुमुद शेखर सिंह कथित अवैध रूप से संचालित कोल डिपो के झारखंड निवासी स्वामी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में स्वयं तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है वहीं पुलिस की कार्रवाई से भनक लगते ही कोल डिपो का स्वामी फरार बताया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि तहसील मुख्यालय से चंद किमी की दूरी पर यह कोल डिपो पिछले तीन सालों से संचालित होता रहा और किसी भी अधिकारी की नजर इस काले कारोबार पर नही गयी। प्रभारी निरीक्षक दुद्धी कुमुद शेखर ने अपनी ओर से दिए तहरीर में कहा है कि 28 अप्रैल को वे मय हमराह हेड कॉन्स्टेबल उमेश कुमार ,आशीष कुमार व चालक अमरनाथ यादव के साथ रजखड़ तिराहे पर खड़े थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि कादल में स्थित मेसर्स ओम साईं राम अवैध कोयले की चोरी कर कटिंग की जा रही है ,उक्त सूचना पर मुखबिर के साथ मय हमराह उक्त कोल डिपो के लिए चले तो दो ट्रकों के चालकों द्वारा पुलिस की सरकारी गाड़ी देखकर अपने वाहनों को स्टार्ट कर म्योरपुर रोड की ओर तेजी से भागने लगे जिसे पीछा करने पर सफलता नही मिली और दोनों ट्रक चालक ट्रक ले फरार हो गए। वापस आकर कोल डिपो पहुँचे तो पता चला कि उक्त कोल डिपो का झारखंड के नगर उंटारी का निवासी मालिक राजीव रंजन पुत्र विनय कुमार सिंह मौके से फरार हो गया है जांच में फर्म के अंदर एक ही स्थान रखा हुआ मिलावटी कोयले का स्टॉक पाया उक्त कोयले पर मोटर से पानी डालकर भिगोया जा रहा था। फर्म के मालिक द्वारा भिन्न भिन्न स्थानों से कम दाम पर कोयला खरीदकर जालसाजी से मिलावट कर कूट रचना करके तैयार मिलावटी माल को अधिक दामों पर बेचकर भारी मुनाफ कमाते हैं,फर्म में कुछ ऐसी वस्तुएं रखी हुई मिली जो कोयले में मिक्स कर बेचने हेतु रखी गयी है ,जो देखने पर कोयला प्रतीत नही हुआ। फर्म के मालिक राजीव रंजन द्वारा वैध लाइसेंस के आड़ में यह कार्य किया जाता रहा है ,उक्त स्थल पर कुछ ग्रामीण आये लेकिन बिना नाम बताए वहां से चले गए। प्रभारी निरीक्षक दुद्धी के तहरीर पर मेसर्स ओम साईं राम कोल डीपो के स्वामी राजीव रंजन के विरुद्ध आईपीसी की धारा 379 ,419,420 ,467,468,471 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कोतवाली पुलिस अभियुक्त कोल डिपो के स्वामी के धर पकड़ में जुट गई है।

### व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने कमीशन एजेंट व फर्म संचालक पर दर्ज की एफआईआर

**जालौन (उरई)।** कमीशन एजेंट के माध्यम से झांसी में एक फर्म को गल्ला मंडी के व्यापारियों ने लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का गल्ला बेचा गया था। फर्म संचालक द्वारा भुगतान न करने और रुपये मांगने पर धमकाने के मामले में पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर आरोपी कमीशन एजेंट व फर्म संचालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानीहाट निवासी प्रेमदास गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उनकी नवीन गल्ला मंडी में मेसर्स मां सिंह वाहिनी एंड कंपनी के नाम से पंजीकृत फर्म हैं। इसके अलावा गर्ग इंटरप्राइजेज के महेशचंद्र अग्रवाल निवासी पुरानीहाट व श्रीहरिक्रिपा ट्रेडर्स की मायादेवी गुप्ता निवासी बापूसाहब को गेंहू बेचना था। इसके लिए झांसी के कमीशन एजेंट अनिल अग्रवाल व विकास अग्रवाल ने व्यापारियों से संपर्क किया और बताया कि झांसी की फर्म आरवी ट्रेडिंग कंपनी के संचालक नितिन हक उर्फ पवन सिंह को वह व्यापारियों का गेंहू बिकवा देगे। सारी बातें तय होने के बाद तीनों फर्म से अप्रैल माह में क्रमशः 2099 क्विंटल, 1319 क्विंटल व 2618 क्विंटल गेंहू उसी फर्म के गोदाम पर भेज दिया गया। जिसकी कीमत एक करोड़ 49 लाख 17 हजार 491 रुपये थी। व्यापारी ने माल के गोदाम पर पहुंचने के तुरंत बाद भुगतान का वादा किया था। लेकिन उसने भुगतान नहीं किया। जब उसे फोन किया तो उल्टा रुपये न देने की बात करने लगा। गल्ला मंडी के व्यापारियों ने उक्त फर्म के स्वामी पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए पुलिस से गोदाम पर रखे गेंहूं को वापस दिलाने अथवा उनके दिलाने की गुहार लगाई थी। व्यापारियों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### न्यायालय का समय बदला

**दुद्धी सोनभद्र।** ग्रीष्म ऋतु के माह एक मई से माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर जनपद से लेकर सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय तक के समय में बदलाव किया गया है। अब 1 म ई सुबह 7:00 से दोपहर 1:00 तक न्यायालय चलेगा। 10:00 बजे लंच होगा होगा। संबंधित न्यायालय के वादकारियों से अपील है कि बदले न्यायालय के समय पर न्यायालय में आकर अपने मुकदमे की पैरवी करना सुनिश्चित करें।

### भाजपा, बसपा प्रत्याशियों ने दाखिल किये तीन सेट नामांकन

**उरई (जालौन)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करने के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी की गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार आज जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय कक्ष में 2 प्रत्याशियों ने 3 पर्चे प्राप्त किये, इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 1 सेट व बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम ने 1 सेट नामांकन दाखिल किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के पांचवें चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। आज 02 प्रत्याशियों ने 03 पर्चे प्राप्त किए। जनपद की जालौन-गरौठा- भोगनीपुर लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान होना है। जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष संख्या-13 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 2 सेट, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम ने 1 सेट प्राप्त किया। आज कुल 2 सेट दाखिल किए गए जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा ने 1 सेट, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम ने 1 सेट दाखिल किया।

### दो युवतियों को भगा ले जाने की पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**जालौन (उरई)।** अलग अलग जगहों से बहला फुसलाकर युवतियों को भगा ले जाने की शिकायत पीड़िताओं के पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 21 वर्षीय पुत्री घर पर ही रहती थी। पुत्री को अमन ने प्रेमजाल में फंसा लिया। दो दिन पूर्व अमन अपने साथियों की मदद से उनकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है।

**नामांकन** — अपने और सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बेहद सादगी के साथ इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन

# पूरे देश में इंडिया गठबंधन की चल रही है बयार: अवधेश प्रसाद

अयोध्या। समृद्धि न्यूज





**इंडिया** गठबंधन प्रत्याशी तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विधायक अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।बेहद सादगी के साथ इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ श्री प्रसाद ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।इस दौरान उनके साथ पार्टी के प्रमुख नेताओं में कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री,पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन,सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव,पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियां,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह तथा बीकापुर के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर सहित पार्टी के तमाम नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद समाजवादी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय सहादतगंज में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री प्रसाद ने एक बैठक भी की जिसमें इंडिया गठबंधन को फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से जीतने के लिए मंथन किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की बयार चल रही है। अब तक हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी बहुमत के साथ जीतेंगे।उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारें महिला नौजवान व किसान विरोधी है,इसे जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा। पूर्व मंत्री श्री पाण्डेय ने कहा कि आने वाले चार जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है।समाजवादी पार्टी ने भी अपनी जिम्मेदारियां को महसूस करते हुए इस जन विरोधी सरकार से जनता को जल्द राहत दिलायेगी।पार्टी जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतने के लिए एकजुट होना होगा।उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब केंद्र सरकार अपने कर्मो की वजह से सत्ता से बेदखल कर दी जायेगी। श्री यादव ने कहा कि इस बार जनता ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का मन बनाया है। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता व पार्टी उपाध्यक्ष चौधरी बलराम यादव ने बताया कि बैठक में पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय ने भी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत लगाने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां,बीकापुर विधानसभा प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर,पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अमृत राजपाल आदि ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाला समय इंडिया गठबंधन का है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव तथा संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया।इस मौके पर जिला महासचिव बख्तियार खान, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, वरिष्ठ नेता अनूप सिंह, छोटे लाल यादव, बलराम मौर्या, के.के. पटेल, मो. हलीम पप्पू, पृथ्वीराज यादव, जब्बार अली, पंकज पाण्डेय, अमित प्रसाद, एजाज अहमद, जेपी यादव, चौ0 बलराम यादव, अंसार अहमद बब्बन, शिवबरन यादव पप्पू, आम आदमी पार्टी नेता गुड़िया राईन, सरोज यादव, शहयार, हरिशंकर यादव छोटू, नन्दू गुप्ता, जय सिंह यादव, रामजी पाल, दान बहादुर सिंह, जाकिर हुसैन पासा, घनश्याम यादव, यदुनाथ यादव, रक्षाराम यादव, अधिवक्ता शावेज जाफरी, विजय यादव, श्री चन्द यादव, सिराज अहमद, राकेश कुमार, धर्मेन्द्र यादव, ओपी राव, नागेश्वर कोरी, ओपी पासवान, अवधेश सिंह, योगेन्द्र प्रताप यादव, बृजेश यादव, अजय रावत, रामबख्श यादव, बाबूराम गौड़, विद्याभूषण पासी, माखनलाल यादव, लालदेव चौरसिया, महेन्द्र यादव, शमशेर यादव, सूरज निषाद, अतुल चौधरी, शाहबाज लकी, सूर्यभान यादव, विपिन तिवारी, हरिनाथ यादव, दातादीन यादव, अवधेश यादव, जगदीश यादव, विंध्याचल सिंह, हरिश्चन्द यादव, जितेन्द्र यादव, कलावती पाण्डेय, वीरेंद्र गौतम राशिद जमील, सतीश यादव, जगदीश यादव, विपिन यादव, सलीम खान, एरार खान, अफजल खान,पवन यादव, रत्नेश जायसवाल, विशाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# किसी भी दशा में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए: जिला निर्वाचन अधिकारी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**जिला निर्वाचन** अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों/प्रस्तावको के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद व व्यय प्रेक्षक मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि हेल्पलाइन नंबर 1950 में कॉल के माध्यम और ऐप के माध्यम से कोई भी नागरिक ऑनलाइन शिकायत कहीं से भी कर सकते हैं, समय से उसका निस्तारण किया जाएगा। आदर्श आचार संहिता का सभी लोग अनुपालन करेंगे। सभी लोग ईवीएम प्रिपेशन पर रहें, जिससे किसी को ईवीएम मशीन पर कोई कंफ्यूज ना रहे। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए फ़ोन नंबर 8707477739 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शतप्रतिशत पालन किया जाए, किसी भी दशा में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। कहा कि सभी राजनैतिक दल/उम्मीदवार/उनके प्रतिनिधि निर्वाचन के दौरान ऐसा कोई कार्य लिखकर अथवा बोल कर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नही करेगें, जिससे किसी धर्म मजहब, सम्प्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग एवं राजनैतिक दल उम्मीदवार, राजनीतिक कार्यकर्ताओं की भावना को आहत हो या उससे विभिन्न वर्गों की बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो। उन्होंने प्रत्याशियो से कहा कि आप अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर निर्वाचन से संबंधित सभी नियमों को गहनता से बताएं। कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्री शुक्ल ने कहा कि कहा कि पूजा स्थल में जैसे मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर व गुरूद्वारा व सरकारी सम्पति आदि पर प्रचार समाग्री नहीं लगाई जायेगी। इसी कड़ी में प्राइवेट बिलि्ंडग पर प्रचार समाग्री लगाए जाने हेतु भवन स्वामी से अनुमति लेनी होगी। टीवी चैनल, केबल नेटवर्क, वीडियो वाहन अथवा रेडियो सेट, किसी भी प्रकार का विज्ञापन, प्रचार जिला प्रशासन की अनुमति के पश्चात ही करें। चुनाव प्रचार हेतु लाउडस्पीकर एवं साउंड बाक्स का प्रयोग अनुमति लेकर ही करेगे और इसका प्रयोग रात्रि 10 बजे से प्रात 06 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। कहा कि चुनाव प्रचार हेतु वाहनों के प्रयोग के लिये जिला प्रशासन से अनुमति प्राप्त करेगें। वाहन परमिशन के लिए सुविधा पोर्टल ऐप पर अप्लाई कर सकते हैं। कहा कि जुलूस, रोड- सो, हेलीपैड, रैली आदि के परमिशन हेतु समय का विशेष ध्यान रखें जो पहले आवेदन करेंगे उसे पहले परमिशन मिलेगी। निर्देशित किया कि लॉयन ऑर्डर के अनुसार 10 गाड़ियों से ज्यादा कारवां नहीं रहेगा। कहा कि मतदान केंद्र की सूची उपलब्ध करा दी गई है। मतदाता सूची निर्धारित शुल्क जमा करके प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईवीएम की सभी मशीने स्ट्रांग रूम मंडी परिषद कन्नौज में रखी जायेगी और वही से मतगणना का कार्य संपन्न होगा। मशीनों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कौन सी ईवीएम किस बूथ पर रहेगी इसकी जानकारी राजनीति दलों को होगी। कहा कि माननीयों को पोलिंग एजेंट एवं काउंटिंग एजेंट नहीं बनाया जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभा रैली जुलुस का आयोजन जिला प्रशासन से पूर्वानुमति लेकर ही करेगें।साथ ही इस बात का भी ख्याल रखें कि यातायात में बाधा उत्पन्न न हो। जुलुस व सभाओं रैलिया में जिला प्रशासन द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहित की धारा 144 के अन्तर्गत प्रतिबंधित असलहे/लाठी डंडे/ईट पत्थर आदि लेकर नही चलेगें। उन्होनें कहा मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ शांतिपूर्ण, निष्पक्ष तथा सुव्यवस्थित ढंग से मतदान सम्पन्न कराने हेतु सहयोग करें। मतदान केन्द्र/बूथ से 200 मीटर की दूरी पर अपना बस्ता लगाएंगे।

# डोर टू डोर तूफानी दौरा और सेक्टर प्रभारी ने किया जनसंपर्क



**छिबरामऊ कन्नौज।** प्रेमपुर निजी गेस्ट में अखिलेश यादव के लिए डोर टू डोर तूफानी दौरा और सेक्टर प्रभारी ब 100 बूथ प्रभारीयों समर्थकों की बैठक की और जिम्मेदार पार्टी बड़े नेता और सभी समर्थक और दर्जनों प्रधान व पूर्व प्रधान मौजूद रहे मैजूद रहे पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा कुछ ऐसी शक्तियां है। कि बाबा साहब संविधान को खत्म करना चाहते हैं हम लोग इकट्ठा होकर उनका सामना करना है आज बाबा साहब संविधान नाम के माध्यम से हम लोगों को जानते हैं समाज में बहुत बड़ा दवा तब का और दलित समाज का है हम लोग आपकी आवाज उठाने का कार्य करेंगे जो अधिकार नहीं मिल रहे हैं उनके लिए आवाज उठानी है आज हमको आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है थाने में दलाल बैठा दिए हैं बिजली घर में बिल के नाम पर दलाली हो रही है हम जब सत्ता में थे तब हमने चौड़े-चौड़े रोड बनवाये और 100 सैया हॉस्पिटल बनवाया अब वहां पर डॉक्टर नहीं है नहीं है दवा भी नहीं मिल रही है बिना रिश्वत बिना पैसे कोई बात नहीं सुन रहा है सभी लोगों को मिलकर 2024 में समाजवादी पार्टी को वोट देकर बिजी बनाना है इस मौके पर कार्यक्रम के संजोयक रविंद्र यादव बाबा रामप्रकाश लालू ठकुर बबल प्रधान जिला पंचायत प्रत्याशी रवि यादव उमेश पाल विधानसभा अध्यक्ष अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी पूर्व प्रधान कमलेश प्रभाकर कुमार उर्फ़ बोवी डॉ जयनेन्द्र सिंह ब्रजपाल शाक्य पूर्व नीरज डॉ धर्मेद्र सिंह बृजेशयादव मौजूद है।

# खबरें चलते-चलते

## निर्वाचन प्रक्रिया में माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है: संदीप कुमार



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में 278 माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मतदान केन्द्र में मतदान से पूर्व, मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के बाद होने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार ने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। वह सीधे प्रेक्षक को अपनी निर्वाचन संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। निर्वाचन में सकुशल मतदान संपन्न कराने में मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन से जुड़ी हर प्रक्रिया और प्रपत्र के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप कार्य किया जाना है और सभी माइक्रो आब्जर्वर का दायित्व है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करें, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपादित की जा सके। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। इसलिए सतर्कता के साथ निर्वाचन संबंधी प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। प्रशिक्षण के दौरान दी जानकारी का अच्छे से अध्ययन करें। प्रशिक्षण के दौरान मतदान केन्द्र में मतदान से पूर्व, मतदान के दिन तथा मतदान समाप्ति के बाद होने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मॉक पोल के पश्चात सीआरसी आदि तथा मतदान प्रक्रिया सम्पादन और मतदान समाप्ति के बाद ईवीएम को क्लोज करना एवं सीलिंग प्रक्रिया के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गये। इस दौरान ईवीएम का डेमो दिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी सहित समस्त माइक्रो ऑब्जर्वर मौजूद रहे।

## कंटेनर मे घुसी बाइक ,युवक की मौत

**छिबरामऊ।** कानपुर से हापुड जा रहे बाइक सवार की छिबरामऊ के पास कंटेनर की टक्कर से मौत हो गई। देर रात करीब 11 बजे हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि हापुड निवासी सोनू (38)वर्षीय किसी काम से बाइक से कानपुर आया था। रविवार की शाम वह अपनी बाइक पर सवार होकर कानपुर से हापुड वापस जा रहा था।तभी जीटी रोड से गुजरते समय छिबरामऊ के पूर्वी बाईपास पर कंटेनर से टक्कर हो गईजिसमे सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया।आसपास के लोगो द्वारा उसे छिबरामऊ के दिलू नगला स्थित सौ शैय्य अस्पताल मे ले गए। चिकित्सको ने इलाज शुरू किया।वैसे ही थोडी देर मे उसने दम तोड दिया।कंटेनर को पुलिस ने पकड़कर अपने कब्जे मे ले लिया।सूचना मिलते ही परिजनो के आते ही शव का पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

## युवती से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव में शौच क्रिया करने गई एक युवती से छेड़छाड़ व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में ठठिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि वह दैनिक क्रिया करने के लिए जा रही थी। उसी समय रास्ते में भटौरा गांव निवासी मनोज कुमार ने उसका रास्ता रोककर छेड़छाड़ की। पीड़िता से मोबाइल नंबर मांगा। मोबाइल नंबर न देने पर उसको जान से मारने की धमकी दी। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष किशन पाल सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# अन्नदाता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता भारी बहुमत से सौंपेगा: कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**2024** लोकसभा आम चुनाव केंद्रीय कार्यालय विधानसभा छिबरामऊ में अन्नदाता किसान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह लोधी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय कार्यालय में किसान मोर्चा अन्नदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह लोधी सांसद सुब्रत पाठक पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे भाव स्वागत किया गया कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे ने कहा कि 2024 लोकसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र में 400 के पार सीटों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार लगातार सत्ता संभालेंगे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह लोधी ने कहा की संपूर्ण लोधी समाज देश की सत्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में 400 सीटों के साथ सौपने जा रही है सभी लोग एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें देश को विश्व की तीसरी शक्ति बनने में सहयोग प्रदान करें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद सुब्रत पाठक ने सभी आए हुए कार्यकर्ताओं व वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया सभी लोगों का आह्वान किया की 13 में को अधिक से अधिक मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता सट्टा सौपने मे अपनी अपनी भागीदारी सुरक्षित करें पहले मतदान बाद में जालपान कार्यक्रम में हजारों अन्नदाता मौजूद रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में एटा ने ट्रॉफी जीती



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**नगर के** शिक्षण संस्थान सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विजई छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में सीआई एस सी ई स्पोर्ट्स गेम्स जोनल का आयोजन किया गया जिसमें विजई छात्र-छात्राओं ने खुले मन से भाग लिया खो खो कबड्डी प्रतियोगिता में विजय छात्र-छात्राओं को प्रबंध के प्रदीप प्रधान द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में छात्राओं के अलावा स्कूल प्रशासन व समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में दिलाई शपथ



सौरिख कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**ब्लॉक** के ग्राम मुर्रा प्राथमिक विद्यालय में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लोकतंत्र के महत्व पर चर्चा की गई बताया हर एक वोट की कीमती है 13 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट अवश्य करें 13 मई को मतदान दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाए ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की।

## पहले मतदान फिर जलपान

जिसमें मतदान करने के लिए जागरूक किया गया और उपस्तिथि सभी को शपथ दिलाई गई। जिसमे सीडीओ, बीडीओ व अन्य अधिकारी और ग्राम प्रधान नरेंद्र सक्सेना प्रधानाध्यक उपेंद्र कुमार बीएलओ शिवा कुमार ग्रामवासी मौजूद रहे।

# डीएम और एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

- बन्दियों से वार्ता कर जानी उनकी समस्याएं, सुरक्षा उपकरणों को भी परखा, बैरिकों की कराई तलाशी

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**मंगलवार को** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने संयुक्त रूप से जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्व बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछतॉछ की, बैरकों की तलाशी करायी गयी। हांलाकि तलाशी के दौरान कोई निषिद्व वस्तु नहीं पायी गयी।

निरीक्षण के दौरान आलाधिकारियों ने बंदियों से कारागार से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में पूँछतॉछ की। हांलाकि कोई शिकायत नहीं मिली। आलाधिकारियों ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सी0सी0टी0वी0 कैमरें आदि की क्रियाशीलता को देखा। अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराये जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने व उनकी प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये। जेल अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिश्चिति करे। निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पायी गयी। कारागार का कार्यालय भी व्यवस्थित पाया गया। जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी द्वारा कारागार की स्वच्छता, सौन्दर्यीकरण बंदियों को अनुशासित रखने में, कारागार का कुशल प्रशासन का संचालन करने तथा बंदियों हेतु स्वरोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कुशलतापूर्वक संचालन कराने हेतु विशेष ध्यान दिये जाने के लिये आलाधिकारियों ने उनकी प्रशंसा कर निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार विशेष रूचि के साथ कारागार को सुगमतापूर्वक संचालन करना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल श्रीमती आशा देवी पाण्डेय, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल रामबहाल दुवे, चिकित्साधिकारी डा0 अनिल, सहायक अध्यापक मनोज कटियार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डन कुलदीप कुमार पाण्डेय सहित प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

**सेमिनार** | मेडिकल कॉलेज के ऑडीटोरिएम सभागार में दो मई से चार मई तक चलेगा तीन दिवसीय सेमिनार

# राष्ट्रीय सेमिनार में डॉक्टरों को सिखाए जाएंगे रिसर्च के आधुनिक तरीके

- चण्डीगढ़, उड़ीसा, मुम्बई, अलीगढ़, दिल्ली, लखनऊ, सैफई व कानपुर मेडिकल कॉलेजों से आ रहे विशेषज्ञ चिकित्सक
- करीब 500 पीजी, यूजी मेडिकल स्टूडेंटस के अलावा डॉक्टरों को भी दी जाएगी ट्रेनिंग

तिर्वा। समृद्धि न्यूज



मेडिकल कॉलेज में होने जा रहे राष्ट्रीय सेमिनार की जानकारी देते प्राचार्य व अन्य वरिष्ठ चिकित्सक — समृद्धि न्यूज

डॉ.भीमराव रामजी अम्बेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज कन्नौज में आगामी दो मई से होने जा रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सा अनुसंधान एवं अति गंभीर रोगी की पुर्नजीवन प्रक्रिया को लेकर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। इस राष्ट्रीय सेमिनार में पीजीआई चण्ड़ीगढ़, पीजीआई मुम्बई, केजीएमसी लखनऊ, जीएसबीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर, पीजीआई सैफई, मेडिकल कॉलेज अलीगढ़, मेडिकल कॉलेज उड़ीसा से प्रशिक्षण देने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम आ रही है। इस सेमिनार में प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेजों के करीब 500 पीजी स्टूडेंटस, एमबीबीएस स्टूडेंटस के अलावा पैरामेडिकल स्टॉफ शामिल होगा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य कक्ष के सेमिनार हाल में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान मीडिया से वार्ता करते हुए प्राचार्य डॉ.सीपी पाल ने बताया कि इस राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन पहली बार हो रहा है। इसका आयोजन मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा किया जा रहा है। कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ.डीएस मार्तोलिया ने बताया कि इस राष्ट्रीय सेमिनार में देश भर के कई मेडिकल कॉलेजों के आ रहे विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा पीजी व यूजी स्टूडेंटस आधुनिक तरीको के जरिए बीमारियों पर रिसर्च करने व रिसर्च की रिपोर्ट को किस तरह से तैयार किया जाए। इसपर अपना ब्याख्यान देगें। फार्माकोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ.अम्बरीश गुप्ता ने बताया कि इस तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरिएम सभागार में होगा। दो से चार मई तक चलने वाले इस आयोजन की शुरूआत सुबह 09 बजे से शाम चार बजे तक होगी। चार मई को समापन होगा। समापन के बाद शाम 05.30 से रात 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन की सचिव डॉ.पारूल कमल ने बताया कि सेमिनार के पहले दिन गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस के बारे में बताया जाएगा। दूसरे दिन पीजी स्टूडेंटस को अनुसंधान के उचित तरीके सिखाए जाएगें। तीसरे दिन मरीज को एनस्थिसिया देने की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। इस मौके पर आयोजन समिति से सम्बन्धित डॉ.मोहित त्रिवेदी व डॉ.शुचि जैन, डॉ. अनुज त्यागी, प्रो.भावना तिवारी व प्रो.मोहम्मद अतहर मौजूद रहे।

## सेमिनार में यह आएंगे विशेषज्ञ चिकित्सक

तिर्वा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि सेमिनार में पीजीआई चण्डीगढ़ से प्रो.विकास मेद्दी, मुम्बई पीजीआई से डॉ.अनन्त पाटिल, जीएसबीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से डॉ.आनन्द कुमार व डॉ.विवेक द्विवेदी व प्रो. अपूर्व अग्रवाल, एम्स नागपुर से डॉ.अनन्द खोट व पीजीआई सैफई से प्रो.आलोक दीक्षित, एएमयू अलीगढ़ से प्रो. सैयद जियाउर रहमान, पीजीआई उड़ीसा से डॉ.अयान राय आ रहे हैं।

# एसओजी व पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

- छापामार कार्यवाही में पुलिस टीम ने एक शख्स को किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में असलाह हुए बरामद

कन्नौज,समृद्धि न्यूज




**आगामी लोकसभा** चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर जिले की पुलिस बेहद सतर्क है। एसपी के निर्देशन में संदिग्धों, अराजकतत्वों, हिस्ट्रीशीटरों व अपराधियों पर पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। मंगलवार को एसओजी व छिबरामऊ थाना पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही कर एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर मौके से एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया। छापामार कार्यवाही में पुलिस टीम ने भारी मात्रा में असलाह बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने प्रेस कान्फ्रेन्स के दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया कि क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के नेतृत्व में एसओजी टीम प्रभारी उप निरीक्षक कमल भाटी एवं छिबरामऊ कोतवाली निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह को विगत 29 अप्रैल को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि ग्राम अकबरपुर स्थित पुराना खंडहर के पास एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित है। मुखबिर की सूचना पर उक्त पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर चारों ओर से घेराबन्दी कर छापा मारा। छापामार कार्यवाही के दौरान एसओजी व छिबरामऊ कोतवाली पुलिस ने मौके से एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस टीम ने यहां से दो दर्जन अवैध असलहे एवं असलाह बनाने के उपकरण बरामद कर लिये। वहीं एक शख्स पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया जिसकी खोज की जा रही है जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सम्बन्ध-विच्छेद

मैंने पुत्र उमेश कुमार व पुत्र बधू रेशमा उर्फ ऊषा से उनके गलत आचरणों के कारण संबंध-विच्छेद कर उन दोनो को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य के हम जिम्मेदार न होगें।

**शान्ती देवी पत्नी स्व0 लालाराम मो0 अन्नपूर्णा नगर, तिर्वाखास तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज।**

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# जन संवाद कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का हुआ भव्य स्वागत

- वक्ताओं ने सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**



क्षेत्र में सपा प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क करते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष व अन्य

**समाजवादी** पार्टी के जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव का समर्थकों ने फूल-मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया।

अमृतपुर 193 विधानसभा क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर गोवा में सुमित यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी व प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव का समर्थकों ने जगह-जगह फूल-मालाओं से गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया तथा समाजवादी पार्टी की उपलब्धियां गिनाईं। वहीं जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने जनता को गुमराह कर नोटबंदी जैसे फैसले लेकर जनता को अपंग बना दिया। वहीं काला धन वापस लाने पर बोले जिला अध्यक्ष आज तक नहीं मिला। किसी को एक भी पैसा और ना ही काला धन वापस आया। पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य को जिताने की अपील की। सभी वक्ता जन संवाद कार्यक्रम के तहत क्षेत्र की जनता से रूबरू हुए तथा सपा प्रत्याशी के पक्ष में आने वाली 13 तारीख को भारी संख्या में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर मुख्य रुप से सपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश सचिव डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव, जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, डॉक्टर मनन, आदेश यादव, अमीर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, भोला यादव, डॉ0 नवरंग सिंह यादव, राजीव यादव, अजय राज यादव सहित तमाम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व उनकी भतीजी सपा नेत्री मारिया आलम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

- जनसभा में वोट जिहाद का दिया था नारा

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज**




जनसभा को संबोधित करते सलमान खुर्शीद

**इंडिया** गठबंधन के सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के समर्थन में बीते दिन पूर्व विदेश मंत्री व उनकी भतीजी ने जनसभा को सम्बोधित करने के दौरान वोट जिहाद का नारा दे दिया। जैसे ही यह बयान वायरल होना शुरु हुआ निर्वाचन आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही के आदेश दिये। जिसके तहत उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट की तहरीर पर कायमगंज कोतवाली पुलिस ने पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व उनकी भतीजी सपा नेत्री मारिया आलम खान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। उड़न दस्ता मजिस्ट्रेट डा0 मनोज कुमार शर्मा ने उक्त वक्तव्य से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास के आरोप में सपा नेत्री मारिया आलम व सलमान खुर्शीद के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 व धारा 295ए तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। सोमवार को सभा में मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद बोल रहे थे। उनकी भतीजी सपा नेता मारिया आलम खां ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के सामने मौजूदा हालत में वोट जिहाद जरूरी है। मारिया ने कहा कि हर महिला हर पुरुष वोट जिहाद से संविधान बचाने को वोट जिहाद की जंग को लड़ेगा। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने बताया कि आमतौर पर हम लोग ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने से परहेज करते है, क्योंकि इसका शाब्दिक अर्थ गलत लगा लिया जाता है। जिहाद का मतलब किसी परिस्थिति से संघर्ष करने के लिए होता है। यही उनका मंतव्य रहा होगा कि संविधान की रक्षा के लिए वोट जिहाद किया जाए।

# विकास की गंगा बहाने के लिए सपा प्रत्याशी को जितायें



गांव में सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगते कार्यकर्ता — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सपा प्रत्याशी** नबल किशोर शाक्य के लिए सपा नेताओं ने जनसपर्क कर वोट मांगे। कहा कि क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने के लिए सपा प्रत्याशी को जितायें।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को रवेंद्र सिंह यादव विधानसभा उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ ब्लाक शमशाबाद क्षेत्र के गांव नगला समाधान, बछलैया आशानन्द में जनसंपर्क कर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ0 नबल किशोर शाक्य को जिताने की अपील की। सपा नेताओं ने कहा कि सपा की सरकार में जो विकास कार्य हुए वह आज भी दिखायी दे रहे हैं, जबकि भाजपा की करनी और कथनी में अंतर है। भाजपा ने सिर्फ युवाओं से रोजगार छीनने का काम किया है। जबकि सपा सरकार में कई योजनायें चलायी गयीं। चाहे वह बेरोजगारी भत्ता हो, लेपटॉप वितरण हो, किसानों की कर्जमाफी योजना हो, समाजवादी पेंशन हो, आदि सहित कई योजनायें शामिल हैं। इस मौके पर आर्यन यादव, सपा नेता अनुराग यादव, जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी अमीर सिंह, सपा नेता अभय यादव, मुस्तफा अहमद, नागेंद्र यादव सहि तमाम लोग मौजूद रहे।

# बसअड्डा प्रभारी को पीटने वाला आरोपी पहुंचा थाने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कादरीगेट थाने में मौजूद आरोपी

**रोडबेज बस** अड्डा प्रभारी को डग्गामार बस में बंधक बनाकर मारपीट कर घायल करने का आरोपी बस मालिक थाने पहुंच गया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरी गेट के लाल दरवाजा बस अड्डा के स्टेशन प्रभारी जितेन्द्र सिंह के साथ डग्गामार बस अड्डे के मालिक विपिन दीक्षित व उनके कर्मियों नें उन्हें अपनी बस में बंधक बनाकर जमकर मारपीट की थी। मामले में विपिन दीक्षित निवासी कादरी गेट, बस चालक व दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट, बंधक बनाने व डकैती की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। मंगलवार को आरोपी विपिन दीक्षित थाना कादरी गेट पहुंचा। थानाध्यक्ष अवध नारायण पाण्डेय ने बताया अभी समर्पण की कोई जानकारी नहीं है। गिरफ्तारी होनें पर सूचना दी जायेगी।

## खबरें चलते-चलते

### होर्डिंग में आग लगने से मची भगदड़

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अचानक होर्डिंग में आग लगने से भगदड़ मच गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। इस दौरान दोनों तरफ का यातायात अवरुद्ध हो गया। मंगलवार देर शाम आवास विकास तिराहे के निकट अचानक एक होर्डिंग में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। विद्युत कई लाइनें चपेट में आ गयी। आग की लपटे देख भगदड़ मच गयी। दोनों तरफ का यातायात अवरुद्ध हो गया। इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। इस दौरान होटल के मालिक मनोज गंगवार ने अपने कर्मचारियों की मदद से फायर नोजिल से पाइप जोड़कर लगी आग को बुझाया। तब जाकर आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। मनोज गंगवार ने बताया कि होटल परिसर के अंदर के अलावा बाहर भी कई जगह सुरक्षा की दृष्टि से फायर नोजिल लगवा रखा है। आज उसी की मदद से लगी आग को बुझा पाये। उन्होंने बताया कि कुछ ही देर बाद दमकल विभाग की गाड़ी भी आ गयी थी, लेकिन तब तक आग बुझ चुकी थी।

### गैस पाइप लींकेज होने से लगी आग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर कोहना निवासी शीशराम की पत्नी ने गैस चूल्हे पर परिवार के लिए चाय बनाने के लिए जैसे ही माचिस की तीली जलाई उसी दौरान गैस पाइप लींकेज होने से गैस पाइप ने आग पकड़ ली। महिला की चीख पुकार सुनकर परिजन व अन्य ग्रामीण मौके पर आये और पानी डालकर आग बुझाई। जब तक घर में रखे विस्तर सहित खाद्यान्न, घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

### जंगली जानवर के हमले से अधेड़ गंभीर घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव ममापुर निवासी ओमकार (50) पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसके चीखने पर आसपास के लोगों ने उसे बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### जहरीले कीड़े ने काटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** वृद्धा को जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला बगिया मंगूलाल निवासी शारदा देवी (60) को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये।

### मार्ग दुर्घटना में बालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में बालक घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव छतरई निवासी ब्रजलाल का 9 वर्षीय पुत्र सुमित मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

### जहरीले सांप ने डसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** युवक को जहरीले सांप ने काट लिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कम्पिल क्षेत्र के गांव राईपुर चिनहटपुर निवासी अम्बर वती (38) पत्नी पप्पू सिंह को जहरीले सांप ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ उसका उपचार जारी है।

### मारपीट की प्राथमिकी दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** करमचन्दपुर निवासी सुरेन्द्र सिंह ने गांव के वीरू व अमित के खिलाफ मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया है कि आरोपीगणों ने शराब के नशे में गाली दी। मना किया तो मेरे भाई श्यामलाल व भाभी नन्हीं देवी को लाठी-डन्डों से मारापीटा।

# पर्यवेक्षक ने मतदान केंद्र स्थल के बूथों का किया निरीक्षण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**



बूथों का निरीक्षण करते पर्यवेक्षक व एसडीएम आदि

**पर्यवेक्षक** ने मतदान स्थलों के निरीक्षण के दौरान मिली अव्यवस्थाओं को शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिये। पर्यवेक्षक नें नगर के इमली दरवाजा के प्राथमिक विद्यालय में बने तीन मतदान केंद्र स्थल बूथ का निरीक्षण किया। पर्यवेक्षक को तीनों बूथ के मतदान केंद्र पर 2950 वोट होने की जानकारी दी गयी। जूनियर हाई स्कूल के बूथों का भी निरीक्षण किया। बीएलओ ने 3228 वोटों के होने जानकारी दी। पर्यवेक्षक ने एवीइंटर कॉलेज में सात बूथों का निरीक्षण किया। एसडीएम यदुवंश कुमार ने 7553 वोट होने की पर्यवेक्षक को जानकारी दी। वहीं एक बूथ संख्या 360 के कक्ष में तीन दरवाजा होने पर एक गेट को बंद करने के निर्देश दिए। पर्यवेक्षक ने चंद्रकुमारी ज्वाला शंकर बालिका इंटर कॉलेज चौखण्डा में बूथो का निरीक्षण किया और बिना जाली के खिड़की लगी होने पर खिड़कियों को बंद करने के भी निर्देश दिए। पर्यवेक्षक ने सिविलियन विद्यालय मुरैहठी का भी निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापक विवेक वर्मा से 388 बूथ संख्या व 399 बूथ संख्या के बारे में जानकारी की गयी, तो वह जानकारी नहीं दे सके। इसके अलावा बूथ, गेट पर विद्यालय का नाम और बूथ संख्या नंबर, पानी, लाइट और साफ-सफाई के बारे में भी जानकारी की।

# एडियो एग्रीकल्चर हुए सेवानिवृत्त, साथियों ने दी भावभीनी विदाई

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**



एडीओ एग्रीकल्चर को विदाई देते साथी कर्मचारी व बीडीओ आदि — समृद्धि न्यूज

**खंड** विकास कार्यालय के सभागार में एडियो कृषि विभाग विनोद कुमार का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें समस्त स्टाफ ने उन्हें फूल-माला पहनाकर विदाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शीलचंद राजपूत ने माला पहनकर और उपहार देते हुए कहा कि एडियो एग्रीकल्चर जिन्होंने लगातार पांच वर्षों का योगदान इस ब्लॉक में दिया है। जिनके जाने से हम लोगों को काफी कष्ट होगा। ऐसे ईमानदार तथा अडिग और साफ सुथरी छवि के व्यक्ति बहुत ही कम होते हैं। वहीं जिला महामंत्री फतेहचंद राजपूत ने माला पहनाकर अंगवस्त्र ओढ़ाकर भगवत गीता भेंट की तथा कहा कि जब से मैं इनसे मिला हूं तब से इन्होंने मुझे बड़े भाई जैसा सम्मान दिया और ईमानदारी से अपना कार्य करते हुए आज अपने कार्य से पद मुक्त हो रहे हैं जिनके उज्जवल भविष्य की मन कामना करता हूं। खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय ने माला पहनकर और उपहार देते हुए कहा कि आज हमारे बीच से एक कर्मठ और जुझारू तथा ड्यूटी के लिए पाबंद व्यक्ति को आज कार्य मुक्त किया जा रहा है। जिसका हमें दिल की अनंत गहराइयों से खेद रहेगा। इस मौके पर समस्त ब्लॉक के स्टॉफ की ओर से श्रीराम दरबार की प्रतिमा भी भेंट की गई। इस मौके पर बीडीओ, पंचायत आलोक दुबे, सचिव विनय चौहान, अंजलि प्रजापति, कंचन रावत, अभय राज, विजय राठौड़, बड़े बाबू, एपीओ गौरव कुमार, जिला अध्यक्ष सफाई कार्मिक विमल कुमार सहित ब्लॉक का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### ठिलिया से पानी पीने पर दुकानदार ने युवक पर फेंका खौलता तेल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ठिलिया से पानी पीने पर अंडा विक्रेता ने युवक के ऊपर खौलता तेल डाल दिया। जिससे वह झुलस गया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार जिला स्कूल के पास उग्गर नाम का व्यक्ति अंडे की ठिलिया लगाता है। मंगलवार को सायं 7 बजे टेसू उर्फ गोविंद पुत्र जंगी निवासी इस्माइलगंज सानी ठिलिया के पास पहुंचा और ठिलिया पर रखे डिब्बे से पानी पीने लगा। जिस पर अण्डा विक्रेता उग्गर पुत्र शंकर एवं उसके परिवार के दो अन्य व्यक्ति जो उसकी ठिलिया के पास खड़े थे, युवक पर बिगड़ने लगे। जब युवक ने विरोध किया, तो उग्गर ने फ्राइपेन में खौल रहा तेल उसके ऊपर फेंक दिया। जिससे युवक टेसू उर्फ गोविन्द बुरी तरह से झुलस गया। प्रार्थी ने थाना पुलिस को उपरोक्त अंडा विक्रेता के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# डीएम व एसपी ने किया जेलों का निरीक्षण, सब कुछ मिला ठीकठाक



बंदियों से पूछताछ करते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने संयुक्त रूप से केंद्रीय कारागार एवं जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अस्पताल में भर्ती कैदी/बंदियों की समस्याओं को सुना एवं स्वास्थ्य की जानकारी ली। जिस पर कुछ बंदियों ने अपनी-अपनी समस्याएं जिलाधिकारी को बतायीं। जिस पर डीएम ने जेल अधीक्षक से कैदियों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा जिलाधिकारी ने पाकशाला का निरीक्षण किया तथा भोजन की गुणवत्ता परखी। जिस पर उन्होंने संतुष्टि जतायी। इसके अलावा अन्य सब कुछ ठीकठाक मिला। केंद्रीय कारागार में बैरक की मरम्मत व रंगाई पुताई के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। निरीक्षण में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह व संबंधित जेल अधीक्षक व अधिकारी मौजूद रहे।

### दबंगों ने युवती को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के मोहल्ला नयागनीपुर निवासी शालिनी पुत्री ननकू ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही अनिल कुमार की पुत्री संध्या से बातचीत कर रही थी। वही बातचीत संध्या ने अपनी मां से कह दी जाकर, तभी आरोपीगण आए और बेवजह गाली गलौज करने लगे। जब गाली-गलौज का विरोध किया तो उक्त दबंगों ने शालिनी को जमकर मारा पीटा। तब वह पिता के साथ थाने पहुंची और थाना पुलिस को अनिल कुमार पुत्र फिरोज पाल, संध्या पुत्री अनिल कुमार, शशि देवी पत्नी अनिल कुमार के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। थाना पुलिस ने पीड़िता को तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### पुत्री की गुमशुदी दर्ज

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव अरसानी निवासी भूपेन्द्र सिंह की पुत्री जान्हवी उर्फ वैश्नवी उम्र 14 वर्ष 28 अप्रैल की सुबह 9.30 बजे गांव की दुकान पर सौदा लेने गयी थी। तब से वह गुम है। काफी तलाश करने पर वह नही मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

# भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। इसी भृगुवंश में उत्पन्न होने के कारण वे भार्गवष् कहलाए। इनके चार भाई विश्वावसु, वसु, सुषेण एवं रूमोद्वान्। कालान्तर में युवा परशुराम को साक्षात् भगवान् शिव से धनुर्विद्या के साथ-साथ अष्टधातु-निर्मित भीषण, अमोघ एवं सर्वजयी परशु प्राप्त हुआ।

**परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विशेष रिपोर्ट**



हिमांशु शुक्ला

शिक्षक हिमांशु शुक्ला ने बताया कि 10 मई को अक्षय तृतीया भी है और भगवान परशुराम जयंती है। भगवान परशुराम हमारे आराध्य है। वास्तव में उन्होंने समाज को नई दिशा दी। उन्होंने उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाकर आततार्इयों का संहार किया। वो सर्वसमाज के पूज्यनीय है। सर्वसमाज को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। हम उनकी जयंती धूमधाम से मनायेंगे।



डा0 अरुण अग्निहोत्री

कांग्रेस नेता डा0 अरुण अग्निहोत्री ने बताया कि भगवान परशुराम की सर्वसमाज पूजा करते है। हमारी मांग है कि भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा फर्रुखाबाद में स्थापित की जाये। वह किसी समाज के दुश्मन न होकर अताईयों के दुश्मन थे। उन्होंने सर्वहारा को उठाया। 10 मई को हवन पूजन के साथ भगवान परशुराम की धूमधाम से जयंती मनायेंगे और प्रसाद वितरण होगा।



प्रीती तिवारी

कवियत्री प्रीती तिवारी ने बताया कि भगवान परशुराम बल के प्रतीक थे। भगवान विष्णु के छठवें अवतार थे। उन्होंने हमेशा अत्याचार का विरोध किया। पौराणिक वृत्तान्तों के अनुसार उनका जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि द्वारा सम्पन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इन्द्र के वरदान स्वरुप पत्नी रेणुका के गर्भ से वैशाख शुक्ल तृतीया को मध्य प्रदेश के इंदौर मानपुर के जानापाव पर्वत में जन्म हुआ।

# शत-प्रतिशत मतदान कर चुनें भाग्य विधाता: भारती मिश्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाती भारती मिश्रा — समृद्धि न्यूज

**जिला निर्वाचन** अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में तथा सहायक अधिकारी नोडल स्वीप जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद के आदेशानुसार चल रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवा को ग्राम रानीगढ़ न्याय पंचायत गुतासी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी स्वीप भारती मिश्रा ने समस्त ग्राम वासियों को जागरुक करते हुए कहा कि अनेक समस्याओं के समाधान हेतु सरकार की ओर देखते हैं, पर सरकार को भी जन समस्याओं का समाधान करना चाहिए। सरकार चुनने के दौरान यह सोंचे कि कौन व्यक्ति जनता के प्रति संवेदनशील है और सरकार बनने पर समस्याओं का निराकरण कर सकता है। शत-प्रतिशत मतदान कर 13 मई को अपने भाग्यविधाता को चुने। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने कहा कि जो जागरुक है वह स्वयं मतदान करें और सरकार बनाने में भागीदार बने।

वैभव सोमवंशी ने कहा कि हम सब 13 मई को प्रातः ही मतदान कर अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। इस अवसर पर उमेश चंद्र, शिवराज सिंह शाक्य, अंजलि, पुष्पा देवी, राजकुमारी, सुमन, रामलली, रेवती देवी, अंश, आस्था, दिव्यांशी, अनुष्का, प्रतिभा, लकी, आकांक्षा, कृष्ण, प्रशांत, ब्रह्मानंद, रतिराम, बादाम सिंह, नाहर सिंह, आमोद कुमार, अनूप कुमार, अनूप बृजवासी, अनिल बाल्मीकि, प्रवीण कुमार, राजीव कुमार, अंकुल, करण यादव, मोहित, ज्ञान चंद्र, सुनीता, संजीव यादव आदि मौजूद रहे।

# डा. नवल किशोर शाक्य के समर्थन में रमेश कठेरिया ने किया जन सम्पर्क

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


जन सम्पर्क करते रमेश चन्द्र कठेरिया मौजूद ग्रामीण

**समाजवादी** पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र कठेरिया ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर जन सम्पर्क किया। लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के लिए वोट मांगे। ब्लाक बढ़पुर के ग्राम बाबरपुर, अदिउली, बरौन, छोटा फतेहपुर, बिलावलपुर आदि गांव में जन सम्पर्क कर पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के लिए वोट मांगे। साथ ही ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताये, जिससे भाजपा सरकार द्वारा उपेक्षित लोगों को सुविधा मिल सकें और संविधान को बचाया जा सके। महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इसको रोकने की बहुत जरुरत है। अगर अभी ध्यान नहीं दिया गया तो पांच साल पीछे चले जाओगे। इस मौके पर ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### रोडवेज संयुक्त मोर्चा ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को दिया 24 घंटे का समय


रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने समिति गठित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की है। बीते दिनों स्टेशन प्रभारी जितेन्द्र के साथ प्राइवेट बस संचालक व उनके साथियों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसको लेकर रोडवेज बस कर्मचारियों में आक्रोश है। बस स्टैण्ड पर पीआरडी जवान व पुलिस पिकेट की व्यवस्था होने के बावजूद भी डग्गामार वाहन बसों का संचालन हो रहा है। डग्गामार वाहनों के कारण परिवहन निगम के स्टेशन से यात्रियों को ले जाया जाता है। ऐसे में एक किलो मीटर दूर डग्गामार बसों का स्टैण्ड होना चाहिए। निजी वाहनों के बुकिंग काउंटर बंद कराये जाये। समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र सक्सेना, मंत्री पंकज वर्मा, संगठन मंत्री राहुल दुबे ने पुलिस को 24 घंटे का समय देते हुए कहा कि गिरफ्तारी अभियुक्तों की नहीं हुई तो रोडवेज कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में खंड शिक्षाधिकारी ने ली शिक्षकों की बैठक


शिक्षकों की बैठक लेते खण्ड शिक्षाधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खंड शिक्षा कार्यालय पर सामान्य लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर खण्ड शिक्षाधिकारी ने शिक्षकों के साथ बैठक की। साथ ही कहा कि यदि कुछ कमियां रह गयी हैं, तो उन्हें समय रहते दुरुस्त कर लें। बाद में लापरवाही नहीं चलेगी। जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के प्रधानाध्यापकों की खंड शिक्षा अधिकारी ने सामान्य लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने लोकसभा निर्वाचन अधिकारी के बताए हुए कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विद्यालयों में बने पोलिंग बूथ के बारे में शिक्षकों से जानकारियां प्राप्त कीं। खण्ड शिक्षाधिकारी ने कहा कि डीएम के सख्त आदेश हैं कि जो भी छोटी मोटी कमियां रह गयी हैं उनको समय रहते दुरुस्त कर लिया जाये। बाद में लापरवाही मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा। बाद में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, शिक्षक रोहित द्विवेदी, शालिग्राम गंगवार, संजीव रंजन, प्रशांत कटियार सहित दो दर्जन से अधिक शिक्षक बैठक में मौजूद रहे।

### विधायक सुरभि व सुरजीत कटियार बनाए गए अपना दल एस के स्टार प्रचारक


सुरजीत कटियार व विधायक सुरभि

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपना दल एस युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव सुरजीत कटियार के साथ ही कायमगंज विधान सभा से अपना दल एस की विधायिका सुरभि को भी उत्तर प्रदेश में होने वाले चौथे चरण के लोक सभा चुनाव के लिए होने वाले प्रचार प्रसार के लिए स्टार प्रचारक बनाया गया है। अपना दल एस पार्टी द्वारा घोषित स्टार प्रचारकों की सूची में फर्रुखाबाद के चार नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया गया है। जिससे जिले में अपना दल एस के नेताओं व कार्यकर्त्ताओं में जश्न का माहौल है। ज्ञात हो कि सुरजीत कटियार फतेहगढ़ निवासी है और उनकी युवाओं में अच्छी पकड़ है तथा उनकी छवि काफी तेज तर्रार युवा नेता की है। जिसके कारण पार्टी द्वारा उनको यह जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अपना दल एस की कायमगंज विधान सभा से विधायक सुरभि व सुरजीत कटियार को स्टार प्रचारक बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों द्वारा बधाई दी गयी।

# जितेंद्र यादव सिरौली बने युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


जितेन्द्र यादव को मनोनयन पत्र सौंपते विनीत कुशवाहा

**समाजवादी पार्टी** युवजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव सिरौली को समाजवादी पार्टी में लगातार कार्य को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर उन्हें युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फहद अहमद द्वारा राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया। युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष फहद अहमद ने फर्रुखाबाद लोकसभा प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुशवाहा को मनोनयन पत्र भेज कर उन्हें अवगत कराया। समाजवादी पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं विनीत कुशवाहा द्वारा उन्हें माला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर उनको मनोनयन पत्र सौंपा। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी विवेक यादव, जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शाक्य, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा देवेंद्र यादव, राजन यादव, आयुष यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने पांच वारंटियों को किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

फतेहगढ़ पुलिस द्वारा 05 वारंटी अभियुक्तगण जिसमें मुकेश वर्मा पुत्र शम्भू दयाल निवासी नगला दीना भोलेपुर कोतवाली फतेहगढ़, विमल कुमार पुत्र स्व0 दयानन्द निवासी 5/11 तलैया फजल इमाम कोतवाली फर्रुखाबाद, आजाद पुत्र रामपाल यादव निवासी माधौपुर थाना मऊदरवाजा, जगमोहन पुत्र धनीराम उर्फ मनीराम उर्फ घनीराम निवासी नई वस्ती जहानगंज रोड थाना कमालगंज, नफीस उर्फ प्रधान पुत्र जलालुद्दीन निवासी ग्राम नसरतपुर थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर लिया।

# कम्पोजिट क.उ.वि. में मतदाता जागरुकता की दिलायी गई शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


मतदाता जागरुकता की शपथ लेते शिक्षक व बच्चे

**कम्पोजिट** कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय याकूतगंज नगला पजाबा विधानसभा क्षेत्र बढ़पुर में मतदान के प्रति जागरुक करते हुए मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। बच्चों एवं शिक्षकों को शपथ दिलाने के दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापक सलमा बेगम ने शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मतदान करने से अपने मन चाहे प्रत्याशी को जिता सकते है। इसलिए मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। साथ ही बच्चों को सड़क सुरक्षा जागरुकता की भी शपथ दिलायी गई। इस मौके पर अध्यापिका साधना सिंह, जितेन्द्र सिंह राठौर, रागिनी भारद्वाज, निकहत परवीन, अंजुल श्रीवास्तव, अंशु किरन, मीनू आदि लोग मौजूद रहे।

# निर्दलीय प्रत्याशी ने किया जन सम्पर्क, हुआ स्वागत


लल्लू सिंह के परिजनों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी डा0 हरिनंदन यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निर्दलीय प्रत्याशी डा0 हरिनंदन यादव ने अपने साथियों के साथ जन सम्पर्क किया। मुजफ्फरपुर, फैजबाग, गंगलू, परम नगर, हजियापुर आदि गांव में सम्पर्क किया। उनका कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टियों के प्रत्याशियों को सब चुनते है निर्दलीय प्रत्याशी को जीतने से जनता के सभी कार्य पूरे होंगे। अभी तक सभी पार्टियों ने जनता के साथ धोखा किया है। उन्होंने लल्लू के देहावसान पर उनके घर पहुंचकर हाल चाल लिये। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य व उनके समर्थक मौजूद रहे।

# भाजपा के मण्डल उपाध्यक्ष ने बूथ अध्यक्षों के साथ वोटरों को बांटी पर्ची

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बूथ अध्यक्षों को पत्रक व वोटर पर्ची देते मनोज राजपूत — समृद्धि न्यूज

**भारतीय जनता** पार्टी के फतेहगढ़ मण्डल उपाध्यक्ष ने टोली बनाकर सेक्टर सातनपुर में घर-घर जाकर बूथ अध्यक्षों के साथ वोटर पर्ची वितरित की। सेक्टर सातनपुर के संयोजक योगेंद्र राजपूत द्वारा बूथ अध्यक्षों को मतदाता पर्ची वितरित की। मंडल उपाध्यक्ष मनोज ने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष टोली बनाकर प्रत्येक बूथ पर जाकर घर-घर वोटर को पर्ची वितरित करें और उनसे वोट डालने की अपील करें। जिससे मतदान प्रतिशत बढ़े। कार्यकर्त्ता बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के लाभार्थियों से संपर्क कर वोट डालने की अपील करें। इस मौके पर सेक्टर संयोजक योगेंद्र राजपूत, बूथ अध्यक्ष राहुल राजपूत, रामनरेश सक्सेना, प्रवेश सक्सेना, जीतेन्द्र शाक्य, पवन राठौर, अनूप तिवारी, विशाल राजपूत, सचिन पाल, प्रेममोहन कटियार, शिवमोहन कटियार आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। वहीं युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी राहुल राठौर ने फतेहगढ़ में जन सम्पर्क कर भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगे और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता को बताया।

# राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार के प्रति किया गया जागरुक

- बढ़पुर मंदिर, रोडवेज बस स्टैण्ड व रेलवे स्टेशन पर किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बढ़पुर मंदिर के पास निरीक्षण कर जागरुक करते प्रोबेशन अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**राष्ट्रीय** बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी डा0 वी0के0 सिंह के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू, बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी हरिओम त्रिपाठी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार टीम के साथ फतेहगढ़ रेलवे स्टेशन, बढ़पुर देवी मंदिर, बस स्टेशन फर्रुखाबाद एवं आसपास प्रमुख स्थानों पर बाल भिक्षा वृत्ति के संबंध में अभियान चलाया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू ने आमजन से अपील की और उन्हें जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से यदि कोई बच्चा भिक्षा मांगते हुए प्राप्त होता है तो 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर सूचना दें और किसी प्रकार से बच्चों से भीख ना मंगवाएं। उन्होंने रेलवे स्टेशन बस स्टेशन और मंदिर आदि पर लोगों से बातचीत कर उन्हें इस संबंध में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया और बताया। कि उक्त स्थानों पर टीम को कोई बच्चा भिक्षा मांगते हुए नहीं प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रूबी सिंह, अखिलेश कुमार, महिला आरक्षी वैशाली आदि उपस्थित रहे।

# आप विधि प्रकोष्ठ के विधानसभा व ब्लाक अध्यक्ष घोषित


गठन के दौरान मौजूद विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं0 नीरज प्रताप शाक्य के निर्देशानुसार विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह ने विधि प्रकोष्ठ के विधानसभा अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किये है। श्रवण कुमार व गजेन्द्र सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाया। अनिल कुमार सिंह व विकास राठौर को ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि गठबंधन प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में जिताने के लिए जन सम्पर्क करें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ई0 नीरज प्रताप शाक्य, आईटी सेल अंकित शाक्य, प्रताप सिंह, अमन वर्मा, मनोज कुमार, सार्थक, जीवन सिंह राजपूत, रोहित सिंह, प्रमोद प्रकाश सक्सेना, रक्षपाल सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

# अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक कर किया गया गठन

- सोनाली अध्यक्ष, डा0 नीतू मसीह बनी मंत्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


बैठक में मौजूद शिक्षिकायें व अभिभावक — समृद्धि न्यूज

**रखा बालिका** इंटर कालेज फतेहगढ़ में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अध्यक्ष सोनाली बनी। पदैन प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह को कार्यकारिणी का मंत्री, प्रीती मसीह उप मंत्री, लक्ष्मी कोषाध्यक्ष बनी। साथ ही कार्यकारिणी में सदस्य शीरीस, रोशन, सुदामा, सुरेन्द्र पाल, विवेक, बृजेश, अध्यापक सदस्य भावना लाल, प्रबंध समिति ममता पोशिया पाल बनी। कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से सभी ने शिक्षण व्यवस्था व शासनादेश के आदेशों का पालन करने हेतु विचार विमर्श किये। संचारी रोग, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण जागरुकता, मतदाता जागरुकता, छात्राओं के नये नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया गया। धन्यवाद प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने ज्ञापित किया।

**जानकारी** | संवेदीकरण व सह अभिमुखीकरण के तहत छात्राओं को दी गई जानकारियां

# परीक्षा का तनाव विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



कार्यक्रम में मौजूद डीआईओएस व शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**महीयसी महादेवी** वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में संवेदीकरण सह अभिमुखीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत परीक्षा का तनाव विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह के आदेश के क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने छात्राओं को असफलता को एक चुनौती मानकर पुनः संघर्ष करते हुए परिश्रम कर सफल होने की सलाह दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल चन्द्रा ने तनाव से बचने के लिए योग करने के लिए प्रेरित किया। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने छात्राओं को कम आयु में विवाह न करने संबंधी कानून की जानकारी प्रदान की। एवं उच्च शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा दी। छात्राओं को कौशल हेतु प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में जनपद के राजकीय व सहायता प्राप्त 60 विद्यालय के 100 शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रवक्ता सर्वेश शाक्य, शिल्पी, सरिता त्रिवेदी, निर्मला, शैलजा मौर्या, आरती यादव, प्रधानाचार्य अनिल सिंह, ज्योति, गुलशन जहां, अर्चना गुप्ता, गरिमा पाण्डेय, सतेन्द्र सिंह, संतोष दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# फिलिप साल्ट ने सौरव गांगुली का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी

**कोलकाता।** आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज फिलिप साल्ट ने पूर्व फ्रेंचाइजी कप्तान सौरव गांगुली के 14 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

27 वर्षीय इंग्लिश ओपनर साल्ट ने एक बार फिर विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियाँ उड़ाते हुए 33 गेंदों पर 7 चौके और 5 छक्के की बदौलत 68 रनों की तेज पारी खेली। इसी के साथ उन्होंने मौजूदा सत्र में ईडन गार्डन्स स्टेडियम में छह पारियों में कुल 344 रन बना लिये हैं और आईपीएल के एक सत्र में ईडन गार्डन्स पर सबसे ज़्यादा रन बनाने के गांगुली के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। अब साल्ट के नाम ईडन गार्डन्स पर एक सत्र में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। उनसे पहले 2010 में, अनुभवी बाएं हाथ के बल्लेबाज गांगुली ने ईडन गार्डन्स पर सात पारियों में 331 रन बनाए थे और 14 साल तक यह रिकॉर्ड अपने नाम रखा था। 2019 में केकेआर के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल गांगुली के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे, जब उन्होंने 7 पारियों में 311 रन बनाए। कुल मिलाकर आईपीएल 2024 में साल्ट ने अब तक 9 मैचों की 9 पारियों में 89 के सर्वाधिक स्कोर के साथ 392 रन बनाए हैं।

# बीसीसीआई ने टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषित

**पंत-सैमसन को मौका, केएल राहुल बाहर**




एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को आगामी आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2024 के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। विश्व कप का आयोजन 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में किया जाएगा। रोहित शर्मा इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे, जबकि हार्दिक पांड्या उनके डिप्टी होंगे।

भारत ने ऋषभ पंत और संजू सैमसन सहित दो विकेटकीपरों को अपनी टीम में शामिल किया है स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, जो मौजूदा आईपीएल 2024 में रन बना रहे हैं, को भी टीम में शामिल किया गया है। पंत 2022 में उत्तराखंड में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर कार दुर्घटना के लगभग 16 महीने बाद टीम इंडिया में वापसी करने के लिए तैयार हैं। भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को चुना है। चहल को पहली बार टी20 विश्व कप के लिए टीम में चुना गया है। भारत इस टूर्नामेंट में जसप्रीत बुमराह की अगुआई में दमदार तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरेगा, जिसमें अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज भी शामिल हैं। सैमसन को 15 सदस्यीय टीम में जगह मिली है, जबकि चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को नजरअंदाज किया है। शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है। भारत अपना विश्व कप अभियान 5 जून 2024 को आयरलैंड के खिलाफ नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, न्यूयॉर्क में शुरू करेगा।

**आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद. सिराज।

रिजर्व शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।

**दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्व कप 2024 के लिए घोषित की टीम**

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्ट्जे नौ महीने की अनुपस्थिति के बाद 2024 टी20 विश्व कप के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने मंगलवार को टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे नोर्ट्जे को दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया है। टीम का नेतृत्व एडेन मार्कराम करेंगे। सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन और तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन, दोनों ने इस साल के एसए20 में शानदार प्रदर्शन किया है, को भी टीम में शामिल किया गया है और वे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण को तैयार हैं।

**अफ्रीका की टीम इस प्रकार है :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यान्सन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

# भय व भ्रम फैलाने के लिए डीप फेक का इस्तेमाल कर रही है कांग्रेस : अनुराग

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झूठ बोलने में माहिर कांग्रेस अब डीप फेक वीडियो बना कर लोगों में भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस के बड़े नेताओं का नाम इसमें आना लोकतंत्र के लिए शर्मनाक भी है और घातक भी है। मंगलवार को डीप फेक पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आम चुनाव से पहले भी हमें पता था कि विपक्ष अपनी निश्चित हार को देखते हुए झूठ, भय और भ्रम का सहारा जरूर लेगा। आज कांग्रेस का हर बड़ा नेता केवल झूठ के बदौलत अपना चुनाव प्रचार चला रहा है।

झूठ बोलने से भी हार में बदलाव न होता देख अब यह लोग टेक्नोलॉजी और डीप फेक का उपयोग कर और ज्यादा भ्रम और भय फैला रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए इंडी अलायंस के नेता सारे अनैतिक कार्य कर रहे हैं। ठाकुर ने आगे कहा कि राहुल गांधी कहीं से भी चुनाव लड़ें, उनकी हार निश्चित है लेकिन अपनी हार से बचने के लिए कांग्रेस झूठ, भय और भ्रम ना फैलाए। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है।

कांग्रेस जिन-जिन राज्यों में सरकार बनाती है, वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर अपने वोटबैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। उन्होंने अब तक सबसे ज्यादा 62 बार संविधान संशोधन किए हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारी सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। लेकिन हमारे लिए एक और स्पष्ट बात यह भी है कि हम धर्म के आधार पर मुसलमानों के आरक्षण के सख्त खिलाफ हैं। कांग्रेस आज चुनाव से भागती नजर आ रही है। उसके कई बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे। कांग्रेस को कई सीटों पर उम्मीदवार तक खोजने में परेशानी हो रही है।

**कांग्रेस ऐसा डूबता हुआ जहाज है, जिसकी तली में छेद**



**भोपाल।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान खंडवा जिले के मांधाता में भाजपा उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद अब देश में राम राज्य है। उन्होंने भाजपा की लोकप्रियता की बात करते हुए सूरत में निर्विरोध जीत के साथ इंदौर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के चुनाव मैदान से हटने का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा डूबता हुआ जहाज है, जिसकी तली में छेद है। इस जहाज को डूबने से कोई रोक नहीं सकता। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में जो काम किया है, देश की जनता को उसका अहसास है। आज जब भारत कुछ बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। आप सभी लोग जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि बहनों-भाइयों, मुझे लगता है कि कांग्रेस भी डायनासोर की तरह लुप्त हो जाएगी। रक्षा मंत्री सिंह ने एक बार फिर एक देश एक चुनाव कराने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा के अलग-अलग चुनाव का सिलसिला अब बंद होना चाहिए। ये चुनाव पांच साल में एक बार में एक साथ होने चाहिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगली बार लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होंगे।

# लू के चलते चार राज्यों में रेड अलर्ट, पारा 45.4 डिग्री तक पहुंचा, स्कूल बंद

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो से तीन दिनों के लिए आंध्र प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा राज्यों के लिए हीटवेव के कारण रेड अलर्ट जारी किया है। देश के कुछ हिस्से पहले से ही भीषण गर्मी की चपेट में हैं, जिसके कारण सरकारी एजेंसियों ने स्वास्थ्य चेतावनी जारी की है, जबकि कुछ राज्यों ने कक्षाएं निलंबित कर दी हैं।

सोमवार रात को जारी अपने नवीनतम मौसम बुलेटिन में, मौसम कार्यालय ने कहा कि पूर्वी भारत में बुधवार तक अत्यधिक गर्म स्थिति होने की उम्मीद है, जबकि यह अगले पांच दिनों तक दक्षिण प्रायद्वीपीय क्षेत्र में जारी रहेगा।आईएमडी ने तेलंगाना, कर्नाटक और सिक्किम के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। सोमवार को पश्चिम बंगाल, गुजरात, बिहार, सिक्किम, ओडिशा, झारखंड, केरल और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू चली। आंध्र प्रदेश के कलाईकुंडा और कंडाला में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से आठ डिग्री अधिक था, जबकि राज्य के नंद्याल शहर में यह 45 डिग्री सेल्सियस था। इस बीच, सोमवार को तीसरा सबसे अधिक तापमान ओडिशा के बारीपदा में 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद बिहार का शेखपुरा चौथा सबसे अधिक तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, रेड अलर्ट वाले क्षेत्रों में षर्मी की बीमारी और हीटस्ट्रोक विकसित हो सकता है। मौसम कार्यालय ने लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा है। इस बीच, ऑरेंज अलर्ट वाले क्षेत्रों में, लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने पर, या चिलचिलाती गर्मी में बाहर रहते हुए भारी काम करने पर लोग बीमार पड़ सकते हैं। मौसम कार्यालय के बुलेटिन में कहा गया है कि अगले पांच दिनों में असम, त्रिपुरा, गुजरात, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा, केरल और कर्नाटक में उच्च आर्द्रता देखी जा सकती है। आईएमडी के अनुसार, यह अप्रैल में दूसरी हीटवेव है क्योंकि 15 अप्रैल से ओडिशा में और 17 अप्रैल से गंगीय पश्चिम बंगाल में हीटवेव की स्थिति बनी हुई है।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रपति मुर्मू आज करेंगी रामलला के दर्शन

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक मई को अयोध्या दौरे पर रहेंगी इस दौरान श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का दर्शन करेंगी और हनुमानगढ़ी भी जाएंगी। शाम को सरयू आरती में भी शामिल हो सकती हैं। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दर्शन-पूजन कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। सुरक्षा के साथ व्यवस्थाओं का निरीक्षण और समीक्षा की जा रही है। इसी को लेकर पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने संयुक्त रूप से अयोध्या के हनुमानगढी, रेलवे स्टेशन, राम पथ, नया घाट आदि विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्थलीय जायजा लिया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा और व्यवस्था को देखा है। रामजन्मभूमि व हनुमानगढी समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर दर्शन पूजन, स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षा तथा सुविधा व सहूलियत के लिए आवश्यक हिदायत दी है। जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू एक विशेष विमान से एक मई शाम करीब चार बजे अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद उन्हें वीआईपी गेट से होते हुए मंदिर परिसर तक ले जाया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में उनके स्वागत के लिए ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मौजूद रहने की उम्मीद बताई जा रही है। कार्यक्रम को लेकर लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग और अयोध्या हवाई अड्डे को राम पथ से जोड़ने वाले मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन किया जाएगा।

### संदेशखाली की पीड़िता व पात्रा को मिली एक्स श्रेणी की सुरक्षा

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की बशीरहाट लोकसभा सीट से बीजेपी कैंडिडेट और संदेशखाली की पीड़िता रेखा पात्रा को एमएचए यानि की केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक्स कैटगरी की सुरक्षा दी है। रेखा के साथ मंत्रालय ने पार्टी के 5 दूसरे नेताओं को भी सुरक्षा दी है। अपने ऊपर खतरे की आशंका को देखते हुए बीजेपी कैंडिटेड्स ने इसकी रिपोर्ट आईबी को दी थी। इसके चलते रेखा पात्रा को एक्स कैटेगरी, झारग्राम से प्रनत टुडू को एक्स कैटेगरी, रायगंज से कार्तिक पॉल को वाई कैटेगरी, बहरामपुर से निर्मल साहा को एक्स कैटेगरी, जयनगर से अशोक कंडारी को एक्स कैटेगरी और मथुरापुर से पुरकैत को एक्स कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। आपको बता दे कि बशीरहाट में 1 जून को मतदान होगा। इसमें बीजेपी ने रेखा पात्रा को तृणमूल कांग्रेस के हाजी नुरुल इस्लाम के खिलाफखड़ा किया है।

### संविधान यदि असुरक्षित है तो कांग्रेस के कारण : रविशंकर

**पटना।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस, लालू यादव, तेजस्वी यादव बार बार एक ही राग अलाप रहे हैं कि बीजेपी संविधान बदल देगी, यह उनकी हताशा है, बोलने के लिए कुछ बचा नहीं है। उन्होंने कहा कि 10 साल से पीएम मोदी हैं क्या संविधान को छुआ? रविशंकर प्रसाद ने कहा कि लालू यादव और कांग्रेस की सांठ गांठ है। इन्होंने 90 बार राष्ट्रपति शासन लगाया ...अकेले इंदिरा गांधी ने 50 बार राष्ट्रपति शासन लगाया। संविधान यदि असुरक्षित है तो कांग्रेस और उनके साथ खड़े लोगों के कारण। हम सभी आरक्षण के पक्षधर हैं। एससी एसटी ओबीसी का आरक्षण हमेशा रहेगा। भारत के संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं है। हेरिटेज टैक्स और अन्य टैक्स कब का खतम हो गया यह राहुल गांधी की माओवादी सोच है।

### रणनीति के तहत भाजपा का काडर खत्म कर रहे हैं जयराम

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक चंद्रशेखर ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एक सोची-समझी रणनीति के तहत पुरानी भाजपा काडर को ख़त्म कर रहे हैं और एक-एक कर पुरानी भाजपा के नेताओं को ठिकाने लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा पैराशूटी और किराए के उम्मीदवारों की पार्टी बन कर गई है, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ रहा है और जल्द ही इसके नतीजे सामने आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी टिकट जल्द ही तय हो जाएँगे, जिसके बाद भाजपा और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की टेंशन बढ़ेगी। चंद्रशेखर ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कांग्रेस के अभी आधे टिकट फ़ाइनल हुए हैं और भाजपा ने अभी से उम्मीदवार बदलने की चर्चा शुरू कर दी है। जिससे साफ पता चलता है कि भाजपा ने हथियार डाल दिए हैं और अपनी हार अभी से स्वीकार कर ली है।

### राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आएं युवा : भूपेंद्र सिंह

**देवरिया।** औराचौरी स्थित 13 मई को होने वाले युवा सम्मेलन की तैयारी बैठक मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय पर आयोजित हुई है। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी काफी ऊर्जावान है। इन युवाओं की ऊर्जा का सही प्रयोग राष्ट्र के निर्माण में अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आगामी 13 मई को युवा साथियों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के सभी मंडलों के युवा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है। आने वाला समय आप युवाओं का समय है। इस लोकसभा चुनाव में आपको अपनी ताकत दिखानी है और मोदी और योगी के हाथों को मजबूत करते हुए देश को शिखर पर ले जाना है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल ने कहा कि 13 मई को अधिक से अधिक युवा साथी इस सम्मेलन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। पार्टी को आगे ले जाने में युवा नेतृत्व की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि युवा कार्यकर्ताओं के अंदर उत्साह और उमंग होता है।

# मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड में खरीदे एक करोड़ शेयर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अमेरिका स्थित मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जिसे पहले कार्डा कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) में हिस्सेदारी खरीदी है, जो कन्स्ट्रक्शन और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है।

26 अप्रैल 2024 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध बल्क डील के आंकड़ों के अनुसार, मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड की 1 प्रतिशत इक्विटी (1 करोड़ शेयर) प्रति शेयर 2.05 रूपये पर खरीदी है। कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए रणनीतिक योजनाओं की भी घोषणा की है। गुड़ी पड़वा के अवसर पर कंपनी ने महाराष्ट्र के नासिक में कर्मयोगी नगर स्थित एक रेसिडेन्शियल कम कमर्शियल प्रोजेक्ट, हरि कुंज मेफ्लावर प्रोजेक्ट की 54 यूनिट्स का कब्जा सफलतापूर्वक सौंप दिया है। अप्रैल 2024 के महीने में, बॉर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने एफसीसीबी के इश्यू के नियमों और शर्तों के अनुसार कुल 60 बॉन्डस को इक्विटी शेयरों में बदलने पर विचार किया और मंजूरी दे दी है। 2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो नासिक, भारत में आवासीय परियोजनाओं के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है।

कंपनी मुख्य रूप से दो खंडों में, आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं का निर्माण और विकास और संविदात्मक परियोजनाएं काम करती है। कंपनी की उल्लेखनीय परियोजनाओं में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र-द्वितीय ईस्टेक्स्ट टाउनशिप, हरि संस्कृति द्वितीय, हरि सिद्धि और हरि समर्थ आदि शामिल हैं। कंपनी के विकास पथ पर टिप्पणी करते हुए, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, नरेश कार्डा ने कहा, हम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित हैं।

### डीपफेक के सहारे जनता को भ्रमित करना चाहती है कांग्रेस : भाजपा

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर आज आरोप लगाया कि लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत और अपनी करारी हार देख कर कांग्रेस डीप फेक वीडियो के सहारे जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव चंद्रशेखर ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एकदम फर्जी डीपफेक वीडियो प्रसारित कर जनता को गुमराह करने के लिए कांग्रेस की तीखी आलोचना की। श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि जैसा कि गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही उल्लेख किया है कि लोकसभा चुनाव के दोनों चरण में उत्तर भारत के पारंपरिक गढ़ों में भाजपा के लिए बहुत अच्छे रहे हैं। इन चुनावों में दक्षिण भारत में भाजपा का प्रदर्शन ऐतिहासिक रहेगा। तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भाजपा पहले से ही मजबूत है, लेकिन 4 जून को चुनाव परिणाम आने के साथ ही यहां के राजनीतिक परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव आएगा।

# किसना डायमंड के 25वें शोरूम का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** भारतीय ज्वेलरी इंडस्ट्री में एक जाना-माना नाम, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने लखनऊ स्थित आलमबाग में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन किया है। यह उत्तर प्रदेश में किसना का 7वां और भारत में 25वाँ शोरूम है। आलमबाग के प्रमुख क्षेत्र में स्थित यह शोरूम लक्जरी ज्वेलरी में उत्कृष्टता और नवीनता के प्रति किसना के समर्पण को बखूबी दर्शाता है।

उद्घाटन समारोह में घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, हरि कृष्णा ग्रुप, और पराग शाह, डायरेक्टर, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गई। किसना के 25वें शोरूम का उद्घाटन भारत के ज्वेलरी परिदृश्य में वैभव और परिष्कार के एक नए अध्याय का प्रतीक है। इसके प्रत्येक शोरूम को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह परंपरा को आधुनिकता के साथ सहजता से मिश्रित करे। यह लक्ज़री के प्रति किसना की प्रतिबद्धता की जीती-जागती मिसाल है। अपनी शानदार डिज़ाइन्स और बेजोड़ शिल्प कौशल के साथ, किसना देश भर में ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है एक्सक्लूसिव स्टोर के लॉन्च पर ख़ुशी व्यक्त करते हुए, घनश्याम ढोलकिया, फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, हरि कृष्णा ग्रुप, ने कहा, लखनऊ के आलमबाग में हमारे 25वें शोरूम का उद्घाटन, उत्कृष्टता के प्रति हमारे अटूट समर्पण को दर्शाता है। भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के साथ ही, हम ग्राहकों को नायाब सुंदरता और परिष्कार की पेशकश करते हुए लक्ज़री ज्वेलरी खरीदने के श्रेष्ठतम अनुभव प्रदान करने के लिए दृढ़ हैं।

हमारे हर घर किसना के दृष्टिकोण के साथ, हमारा लक्ष्य भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला डायमंड ज्वेलरी ब्रांड बनना और प्रत्येक महिला के उत्तम डायमंड ज्वेलरी खरीदने के सपने को पूरा करना है। पराग शाह, डायरेक्टर, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी, ने कहा, लखनऊ में अपने 25वें शोरूम का भव्य उद्घाटन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

यह स्टोर उत्कृष्टता के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को उजागर करने का माध्यम बन गया है। प्रत्येक शोरूम लक्ज़री ज्वेलरी की खरीदारी को पुनः परिभाषित करता है, और साथ ही ग्राहकों को सुंदरता और परिष्कार के अद्वितीय अनुभवों की पेशकश करता है। एक समय में एक शोरूम के माध्यम से हमारा उद्देश्य किसना की पहचान और विरासत को बनाए रखना है। किसना का दृढ़ संकल्प सिर्फ अपनी उपस्थिति का विस्तार करना ही नहीं है, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदार व्यक्तित्व रखने के साथ, जरुरतमंदों को सेवाएं प्रदान करना भी है।

### एनडीए परिवारवाद समाप्त करने की शुरूआत अपने घर से करें : तेजस्वी

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर पलटवार किया जिसमें अमित शाह ने कहा था कि 2024 में एनडीए की सरकार बनते ही बिहार से जातिवाद और परिवारवाद को समाप्त कर देंगे। यादव ने कहा कि एनडीए को इसकी शुरुआत अपने घर से करनी चाहिए। पटना में मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनका यह बयान हास्यास्पद है। इसके भी दो कारण हैं। पहला कि उनकी सरकार बनने नहीं जा रही है और दूसरा पहले अपने घर से तो शुरुआत करें। उनके दल में परिवारवाद वाले कौन लोग हैं? हमने तो लिस्ट भी जारी कर दी है, आप सभी ने देखा है। पहले अपने दल और अपने घर से शुरू करें। शाह के इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर पीएम की उम्मीदवारी पर तेजस्वी ने कहा कि यह तो मान लिया न कि इंडी गठबंधन की जीत हो रही है।

# सुहानी के मनोवैज्ञानिक तरीकों व जादू के अनोखे मेल से दर्शक सम्मोहित

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** प्रसिद्ध मेंटेलिस्ट सुहानी शाह ने फीनिक्स पैलेसियो में दर्शकों को अपने प्रदर्शन से हैरान कर दिया। जादू, दिमाग पढ़ने और मंच पर आकर्षक उपस्थिति के उनके असाधारण मेल ने दर्शकों को कार्यक्रम के अंत तक सम्मोहित किए रखा। सुहानी के मनोवैज्ञानिक तरीकों और जादू के अनोखे मेल ने न केवल दर्शकों को हैरत में डाल दिया बल्कि बहुतों के दिमाग में यह सवाल उठने लगा कि जो उनकी आंखों के सामने घट रहा है, क्या वह वाकई हकीकत है। सुहानी सलमान खान, बादशाह और हिमेश रेशमिया जैसे बॉलीवुड सितारों के साथ काम कर चुकी हैं, इससे उनके कार्यक्रम के प्रति लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई थी।

सुहानी शाह ने अपने मनमोहक प्रदर्शन के दौरान दो अहम मौकों पर दर्शकों को चकित कर दिया। पहले, उन्होंने एक रैंडम तरीके से चुने गए दर्शक के फोन का पासवर्ड सही अनुमान लगाकर अपनी उल्लेखनीय सहज-शक्ति और मानसिक शक्ति का प्रदर्शन किया। इसके बाद, उन्होंने दर्शकों को कुछ संख्याएँ देने के लिए कहा। उन संख्याओं को साथ जोड़ने पर जो योग निकला, 161494, वह एक ऐसी संख्या से बिलकुल मेल खाता था, जो उन्होंने शो के शुरू में एक महिला को दिए गए एक कागज़ पर लिख दिया था। इस असाधारण मानसिक कौशल ने दर्शकों को अचंभित कर दिया। फीनिक्स मिल्स लिमिटेड के सीनियर सेंटर डायरेक्टर, संजीव सरीन, ने आयोजन की सफलता पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हम फीनिक्स पलासियो में सुहानी शाह की मेजबानी करके रोमांचित हैं।

# समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी साधन शिक्षा

**उपराष्ट्रपति जयपुर में एक स्कूल के उद्घाटन के अवसर पर छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों को किया संबोधित**

एजेंसी


**पांच हज़ार साल पुरानी संस्कृति में शिक्षा के महत्व पर विशेष ध्यान**

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। हर क्षेत्र में वही लोग नेतृत्व कर रहे हैं, जिन्होंने शिक्षा में भी अपना स्थान बनाया। उन्होंने अपने जीवन में अपने सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ के संस्कारों और अनुभवों के महत्व को याद करते हुए कहा कि मेरा असली जन्म तो सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में ही हुआ।

उपराष्ट्रपति मंगलवार को जयपुर में एक स्कूल के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित छात्रों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों और अन्य गणमान्य अतिथियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जोर दिया कि हर बच्चे को उसकी रुचि के अनुरूप अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में हमारी पांच हजार साल पुरानी संस्कृति में शिक्षा के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने संविधान की मूलप्रति जिस पर संविधान सभा के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे, उस पर अंकित चित्रों का जिक्र किया। संविधान की मूलप्रति के भाग 2 के पृष्ठ पर गुरुकुल का चित्र बना है तो भाग 4 वाले पृष्ठ पर कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण द्वारा गीता उपदेश का प्रसंग अंकित है। उन्होंने कहा ये चित्र, संविधान सभा द्वारा शिक्षा को दिए गए महत्व को दर्शाते हैं।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने स्वर्गीय कर्पूर चन्द कुलिश की प्रतिमा का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि कुलिशजी की यह प्रतिमा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी। इस संदर्भ में धनखड़ ने कहा कि कुलिश जी स्वयं वेदों के विद्वान थे तथा शिक्षा में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रबल समर्थक थे। उपराष्ट्रपति ने इस स्कूल की स्थापना के लिए कोठारी परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह स्कूल उनकी एक महत्वपूर्ण विरासत है।

हिंदी पत्रकारिता में कुलिश के योगदान को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने उन्हें हिंदी पत्रकारिता का पुरोधा बताया। उन्होंने कहा कि कुलिश जी पाठकों को भगवान मानते थे। यद्यपि उस समय के बड़े राजनेताओं से उनके आत्मीय संबंध थे तथापि उन्होंने दबावों और प्रभावों से निस्पृह रह कर, पाठकों के हित में निष्पक्ष पत्रकारिता की।



उपराष्ट्रपति ने भारत की बढ़ती आर्थिक क्षमता पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि 1991 में भारत की अर्थव्यवस्था लंदन-पेरिस जैसे शहरों के बराबर थी लेकिन आज हम विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। इस मौके पर राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद्र बैरवा, विधान सभा अध्यक्ष देवनानी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जयपुर की मेयर सौम्या गुर्जर, राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी, द कुलिश स्कूल के प्रबंधन मंडल के सदस्य तथा स्कूल के प्रधानाचार्य देवाशीष चक्रवर्ती सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### झारखंड में सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगा एनडीए गठबंधन : भजनलाल

**धनबाद (झारखंड)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को धनबाद पहुंचे। वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल होने वाले थे लेकिन विलंब होने के कारण सीधे धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे। यहां उन्होंने मंच से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चार जून को झारखंड की सभी सीटों पर एनडीए की जीत होगी। झारखंड से हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 13 फूल (भाजपा) और एक फल (आजसू) भेंट करेंगे। भजनलाल ने कहा कि राजस्थान में 2014 के लोकसभा चुनाव में 25 सीट आए थे, 2019 में भी 25 सीट दिया और इस बार भी 25 में से 25 सीट भाजपा को मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि धनबाद के युवाओं, महिलाओं और आम लोगों में जिस तरह का उत्साह दिख रहा है।